रांची, शनिवार
27.04.2024
वर्ष : 9, अंक : 146 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य में 30 अप्रैल तक लू चलने की चेतावनी

रांची। राज्य में मई से पहले ही गर्मी झुलसाने लगी है। तेज धूप की तपिश ने लोगों को परेशान कर दिया। दिनभर तेज धूप के कारण लोग शहर की सड़कों पर कम ही दिख रहे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं का असर भी राजधानी समेत अन्य हिस्सों में बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। 27 अप्रैल को हीट वेव का असर संथाल और दक्षिणी हिस्से में देखा जायेगा जबकि 28 से 29 के बीच हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में भी देखा जायेगा। ऐसे में लोगों को काफी सतर्क रहने की सलाह दी गयी है।

### गांडेय उपचुनाव की अधिसूचना जारी, 20 मई को मतदान

रांची। चुनाव आयोग ने गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है। तीन मई नाम निर्देशन करने की अंतिम तारीख है। नाम निर्देशन की संवीक्षा की तारीख चार मई और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। मतदान 20 मई को होगा। चुनाव सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। झारखंड विधानसभा की गांडेय सीट से निर्वाचित विधायक डॉ. सरफराज अहमद के त्यागपत्र के बाद 31 दिसंबर, 2023 से यह सीट रिक्त है। अब निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद के हस्ताक्षर से निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### बारामूला मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

बारामूला। बारामूला जिले के सोपोर के नौपोरा इलाके में आतंकियों के साथ गुरुवार रात शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। मुठभेड़ अभी जारी है। माना जा रहा है कि कई और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। एक सैन्य अधिकारी के मुताबिक जिले के नौपोरा इलाके में सुरक्षाबलों को गुरुवार शाम को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ जवानों ने मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

# लोस चुनाव : दूसरे चरण का मतदान समाप्त करीब 60.96 प्रतिशत हुई मतदान

एजेंसी



नयी दिल्ली: उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ती गर्मी के बीच लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये।

बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा । दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ।

निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत,पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत,जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत,असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ।

पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। चौदह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सभी सीटों पर मतदान कराया जा चुका है।

तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। आयोग ने एक विज्ञप्ति के अनुसार कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और उनके सहयोगी निर्वाचन आयुक्त् ज्ञानेश कुमार तथा सुखवीर सिंह संधू ने राजधानी में आयोग के मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया की निगरानी की। आयोग के अनुसार दूसरे चरण में एक लाख मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की गयी। बिहार के बांका, मधेपुरा, खगड़िया और मुंगेर के बहुत से मतदान केन्द्रों पर मतदान का अंतिम समय चार बजे के बजाय शाम छह बजे बढ़ा दिया गया था ताकि मतदाता तेज गर्मी से बच सकें।

छत्तीसगढ़,राजस्थान, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा और मणिपुर तथा अन्य जगहों पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पुरुष और महिलायें अपने परम्परागत परिधानों में आकर लोकतंत्र के इस महापर्व की छटा को और वैविध्य किया।

कर्नाटक में वरुणा निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र की टीम ने मतदान शुरू होने से पहले परम्परागत वेशभूषा में मतदाताओं का स्वागत किया। कई मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा कर्मी वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता करते देखे गये।

छत्तीसगढ़ के महासमुंद के कुल्हाड़ी घाट गांव की कुछ महिला मतदाता कामार पी वी टी जी मतदान केन्द्र पर अपने शिशुओं के साथ वोट डालने आयीं थी। पहली बार मतदान का अधिक प्राप्त करने वाले युवा मतदाताओं को कई जगह वोट डालने के बाद खुशी से सेल्फी लेते देखा गया।

दूसरे चरण में 88 सीटों पर कुल 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं, जिनके वोट पर 1,206 प्रत्याशियों का चुनावी भविष्य तय हो रहा है। इन सीटों के 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सुबह सात बजे से कराया जा रहा है।

निर्वाचन आयोग ने बिहार के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों बांका, मधेपुरा, खगड़िया और मुंगेर के बहुत कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदान समय पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक और कुछ पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज किया जा रहा है, उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी शाामिल हैं। आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा। आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं, और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिये विशेष प्रबंध किये गये हैं।

दूसरे चरण के चुनाव में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान हो रहा है। इन पर 1206 कुल प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं।

लोक सभा की कुल 543 सीटों के लिये सात चरणों में कराये जा रहे आम चुनाव की मतगणना चार जून को करायी जायेगी।

पहले चरण में 102 सीटों पर 62.37 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो 2019 की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत कम है।

## बरेली में मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी



बरेली: उत्तर प्रदेश के बरेली में शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भव्य रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

इससे पहले गुरुवार को भी श्री मोदी ने बरेली की आंवला सीट के लिए जनसभा को संबोधित किया था,वहीं दूसरे दिन श्री मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बरेली शहर में रोड शो करने उतरे। इस दौरान लगभग 1.2 किलोमीटर के रोड शो रूट पर सड़क के दोनों किनारे पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

बरेली से लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में वोट की अपील करने निकले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का रोड शो राजेन्द्र नगर स्थित स्वयंवर बैंक्वेट हॉल से शुरू होकर शिवाजी चौक होते हुए डीडी पुरम चौराहा स्थित शहीद चौक तक चला। इस दौरान मोदी योगी ने सड़क के दोनों और खड़ी जनता का पार्टी सिम्बल लेकर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। रोड शो के रूट और उसके आस पास की सड़कों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से अपील की कि बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को चुनकर सदन में भेजें। उनके इस आह्वान पर बरेली के मतदाताओं ने 'मोदी-योगी जी को जयश्रीराम' कहकर विश्वास दिलाया कि 'अबकी बार 400 पार' में हमारा भी योगदान होगा। रोड शो में बहुसंख्यकों के साथ शामिल अल्पसंख्यक समाज ने भी मोदी-योगी का जोरदार अभिनंदन किया। लगभग 45 मिनट से भी ज्यादा देरतक चले रोड शो में जहां तक नजर गई, हर तरफ जनसमुद्र ही दिखा। यहां सड़क के दोनों ओर तिल तक रखने की जगह नहीं थी। मोदी-योगी के रोड शो ने भीड़ का नया रिकॉर्ड कायम किया। पूरे रास्ते मोदी-योगी को जन आश्वासन मिला कि आपने हमें विकास, सुरक्षा और सुशासन दी है, हम भी तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में छत्रपाल सिंह गंगवार को बरेली का ताज देंगे।

पीएम और सीएम के स्वागत में पूरे रूट पर लोक संस्कृति का संगम भी दिखा। शंखनाद और डमरू बजाकर उनकी अगवानी की गई। रोड शो में 12 स्थानों पर पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का रोड शो जिस इलाके से होकर गुजरा, वहां घरों और दुकानों के बाहर जय श्रीराम लिखवाये गये थे। इसके अलावा भगवा झंडे और नाथ नगरी के पोस्टर भी लगवाये गए थे। रोड शो के दौरान सभी ने जयश्री राम के गगनभेदी नारे लगाए तो दूसरी तरफ राम जी की सेना चली, जो राम को लाए हैं आदि गीतों से भी पूरा माहौल राममय हो गया। मोदी-योगी जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारों ने भी बरेली की सड़कों पर जोश भर दिया। महिला, बुजुर्ग, पुरुष, युवा, बच्चे मोदी-योगी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। सभी ने मोदी-योगी के रोड शो के पल-पल की छवि अपने मोबाइल में कैद कर लेने की उत्कंठा दिखी।

रोड शो के दौरान पंडित और बटुक मंत्रोच्चाार के जरिये आशीर्वचन भी देते दिखे। देश के अलग अलग स्था नों की संस्कृखति की झलक दिखाने के लिए 12 छोटे मंच बनाए गए थे। मोदी-योगी को देख जनमानस अभिभूत हो उठा। यहां हर तरफ भगवा और भाजपा के झंडे दिखते रहे। बच्चे हों या भाजपा समर्थक, भगवामय होकर मोदी-योगी को अपना समर्थन देने पहुंचे। बहुसंख्यक समाज के साथ अल्पसंख्यक समाज ने भी देश के दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया। रोड शो के दौरान पूरी सड़क दूधिया रोशनी से नहाई हुई थी, वहीं जगह-जगह मोदी योगी के बड़े-बड़े कट आउट भी देखने को मिले।

रोड शो के समापन पर मोदी और योगी ने शहीद पंकज अरोरा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इस दौरान पीएम के रथ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार और बरेली से बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार मौजूद रहे।

## मोदी घबरा गये हैं, उनकी आंखों से जल्द ही निकलेंगे आंसू: राहुल गांधी

एजेंसी



विजयपुरा : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में मौजूदा लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संभावनाओं को लेकर घबराहट के लक्षण नजर आ रहे हैं। श्री गांधी ने श्री मोदी पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा, आप मोदी का भाषण सुनें। वह घबराये हुए हैं। कुछ ही दिनों में उनकी आंखों से आंसू निकलने की संभावना है।

कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार के तहत धन के वितरण में कथित असमानता पर प्रकाश डालते हुए अपनी पार्टी के सत्ता में आने पर लाखों नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का वादा किया। उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने जहां कुछ लोगों को अरबपति बनाया, वहीं कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनायेगी।

श्री गांधी ने गरीबी, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए श्री मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन महत्वपूर्ण मामलों पर चुप हैं और केवल चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों तथा दर्शकों से तालियां बजाने या मोबाइल फोन की रोशनी दिखाने का अनुरोध करने जैसे प्रतीकात्मक संकेतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, वह चीन और पाकिस्तान के बारे में बात करेंगे और आपसे ताली बजाने या मोबाइल लाइट जलाने के लिए कहेंगे, लेकिन गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी के बारे में बात नहीं करेंगे। केवल कांग्रेस ही इन मुद्दों का समाधान कर सकती है।

इसके अलावा, श्री गांधी ने श्री मोदी पर पिछले एक दशक में कुछ चुनिंदा लोगों को समृद्ध बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में 20-25 लोग अरबपति बन गये हैं। उन्होंने दावा किया कि महत्वपूर्ण अवनिर्माण रियोजनाएं गौतम अडानी जैसे व्यक्तियों को सौंप दी गयीं, जिससे उन्हें काफी फायदा हुआ।

श्री गांधी ने भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में विजयी होने पर संविधान को बदलने का इरादा रखती है। इसके विपरीत, कांग्रेस और इंडिया समूह समाज सुधारक बसवन्ना के आदर्शों को बनाये रखने का प्रयास कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट से जुड़ी सभी याचिकाएं की खारिज, वेलेट पेपर की मांग भी ठुकराई

एजेंसी



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गये वोट का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के साथ पूर्ण सत्यापन कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दीं। बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है।

उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग-अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा।

शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि ईवीएम नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपीएटी को मतगणना के परिणाम घोषित होने के 07 दिनों के भीतर (माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम में नष्ट हुई मेमोरी की जांच) उम्मीदवार के लिखित अनुरोध पर विनिर्माण कंपनियों के इंजीनियरों एक टीम द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में आने वाले खर्च अनुरोध करने वाले संबंधित उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा। इसके विपरित यदि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ पाई जाती है तो अनुरोध करने वाले उम्मीदवार/उम्मीदवारों को खर्च वापस किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा कि उसने ईवीएम और वीवीपैट प्रोटोकॉल का अध्ययन करने के बाद निर्देश पारित किये। न्यायमूर्ति दत्ता ने लोकतंत्र विश्वासों में सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया कि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रणाली लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

शीर्ष अदालत ने कहा, हमारे दृष्टिकोण को साक्ष्य और कारणों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर सार्थक सुधार के लिए जगह मिल सके। इसके द्वारा हम अपने लोकतंत्र की नींव को मजबूत कर सकते हैं। यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी नागरिकों की आवाज और पसंद को महत्व दिया जाए और उनका सम्मान किया जाए।

पीठ ने इस मामले में 18 अप्रैल और फिर 24 अप्रैल को चुनाव आयोग के कई स्पष्टीकरणों से अवगत होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने उप चुनाव आयुक्त, चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह और याचिकाकताओं की ओर से पेश अधिवक्ताओं - प्रशांत भूषण, संतोष पॉल, संजय हेगड़े और अन्य की दलीलें सुनने विस्तार से सुनी थीं।

### चौथे चरण के लिए कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मुकुल वासनिक की ओर से चौथे चरण 13 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गयी है। इस संबंध में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, के.सी. वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राना के. पी. सिंह, आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडे सिंह, फुरकान अंसारी, डॉ. प्रदीप कुमार. बालमुचु, बंधु तिर्की, सहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, रवीन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, मानस सिन्हा, गीताश्री उरांव, गुंजन सिंह, अभिजीत राज, मंजूर अंसारी, छविन्द्र करमा, रियाजुल अंसारी, नमन बिक्सल कोंगारी और दयामनी बारला शामिल है।

### आईजी अभियान ने चुनाव के मद्देनजर की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

बिभा संवाददाता

रांची। आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी एवी होमकर ने पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक की। बैठक में सभी जिलों में विधि-व्यवस्था, नक्सलियों, मादक द्रव्य, शराब इत्यादी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रूप से समीक्षा की। बैठक में आईजी डीआईजी, एसएसपी और एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया।

आईजी ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने उग्रवाद प्रभावित सभी जिलों को लगातार योजनाबद्ध अभियान चलाने के लिए दिशा-निर्देश दिये । साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को नक्सली अंजाम नहीं दे सकें। इसका पूरा ध्यान रखें। साथ ही अन्तरजिला एवं अंतरराज्यीय सीमा पर गतिशील नक्सलियों के खिलाफ सामंजस्य स्थापित कर सुरक्षा बलों के जरिये अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।

आईजी ने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर पूर्व से संचालित पुलिस चेक पोस्ट-नाका पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने , विशेष निगरानी रखने को कहा। साथ ही सभी एसपी को निर्देश दिया कि वह स्वयं संबंधित चेक पोस्ट-नाका का भौतिक रूप से सत्यापन करें ताकि अवैध रूप से ले जाने वाले कैश, अवैध शराब, अवैध हथियार एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाया जा सके। आईजी ने सभी डीआईजी , सभी वरीय पुलिस अधीक्षक और एसपी से उनके क्षेत्राधीन जिलों में लंबित वारंटों , कुर्कियों के निष्पादन पर कार्रवाई करने के लिए विशेष जोर दिया। साथ ही फरार अपराधियों पर कार्रवाई करने, निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा।

# भाजपा जो कहती है, वह करती है, झारखंड अलग राज्य भी भाजपा की देन : मरांडी

बिभा संवाददाता



**गिरिडीह :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 26 अप्रैल को गिरिडीह के गांडेय स्थित लेद हटिया मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इसमें आम लोगों की भारी भीड़ थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत की जय जयकार पूरी दुनिया में हो रही है देश की जय जयकार तभी होगी जब नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाएंगे। प्रधानमंत्री की सोच है की हर व्यक्ति को भोजन मिलना चाहिए। बीमार होने पर उनका बेहतर इलाज होना चाहिए। ऐसे भारत को बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को देखेंगे तो स्पष्ट होगा कि आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मां बहनों की इज्जत का भी ख्याल रखा। हर घर में शौचालय बनवाया। गैस का कनेक्शन दिया। गरीबों को रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी हमले देश पर होते थे। तब केंद्र सरकार कभी अमेरिका जाती थी, कभी यूएनओ जाती थी। कहती थी कि हमारे यहां बम विस्फोट हो गया है। पूरी दुनिया भारत पर हंसती थी। 2014 में जब नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तब उन्होंने कहा कि बाहर से एक भी आतंकवादी अगर यहां हमला करेगा तो उसे घुसकर मारेंगे। जब देश में एक दो घटना हुई तब सेना के जवानों ने घुसकर मारा। इसके बाद इंडी गठबंधन के लोग इसका सबूत मांगने लगे। यह लोग देश विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। इन लोगों से सावधान रहना होगा।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग झारखंड और विकास विरोधी हैं। झारखंड अलग राज्य की लड़ाई देश आजाद होने के समय से चल रहा था। कांग्रेस 50-60 साल तक सत्ता में रही, लेकिन झारखंड अलग राज्य का निर्माण नहीं किया। झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वालों को खरीद लिया। फिर उन्हें जेल में भेज दिया, लेकिन झारखंड राज्य नहीं बनाया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ। भाजपा जो करती है, वह करती है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा में एनडीए की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को फिर से रिकॉर्ड मतों से विजय बनाकर दिल्ली भेजना है। विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी दिलीप वर्मा को विजय बनाना है। दोनों ही बार कमल छाप पर वोट देना है।

श्री मरांडी ने कहा कि लोकसभा में जनता 5 साल के लिए सांसद का चुनाव करेगी। विधानसभा उपचुनाव में मात्र 5 महीने के लिए विधायक का चुनाव करेगी। विधानसभा के वर्तमान हालात के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जिम्मेदार है। अपने जिसे विधायक बनाया था, उसे रिजाइन करा कर दिल्ली भेज दिया गया। दिल्ली भेजना ही था तो कल्पना सोरेन को दिल्ली भेज देते। 5 महीना में दो-दो बार चुनाव तो नहीं करना पड़ता, लेकिन उन लोगों की मंशा ठीक नहीं है। इस चुनाव में उन लोगों को जवाब देना है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, लोकसभा प्रभारी राज सिन्हा, जिला प्रभारी रोहित लाल सिंह, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे भी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मांडर प्रमुख एवम उपप्रमुख ने पंचायतो किया भ्रमण



**मांडर :** प्रखण्ड विभिन्य पंचायत का शुक्रवार को भ्रमण किया मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का और उप प्रमुख अमानत अंसारी ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ब्राम्बे स्थित आईएचएम पहुंच कर वहां के प्राचार्य डॉक्टर भूपेश से औपचारिक मुलाकात कर वहां के छात्र-छात्राओं के पढ़ाई की जानकारी के साथ साथ वहां के बने व्यंजनों का भी आनंद लिया। मौके पर डॉ भूपेश कुमार ,बेलस टोप्पो, चारों उरांव, गोविंद उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया



**मांडर।** प्रखंड के मुड़मा में शुक्रवार को ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस की रांची जिला इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर की अगुवाई में आयोजित की गई। इस बैठक में रांची जिला के सभी प्रखंड के अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही वर्तमान चुनावी परिप्रेक्ष्य में एक दूसरे का फीडबैक भी लिया गया। बैठक में सभी अध्यक्षों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इंडिया महागठबंधन द्वारा मुसलमान के साथ अन्याय किया गया है। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए शमीम अख्तर द्वारा निर्देश दिया गया कि दो दिनों के अंदर प्रखंड कमिटी तैयार कर जिला को समर्पित करें। इस अवसर पर रांची जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, जिला सचिव क्यूम अंसारी, एनुअल अंसारी, तनवीर अहमद, नईम अंसारी, गफार अंसारी, मुबारक अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बालू में धंसकर एक मजदूर की मौत

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के सिलागाई नदी से बालू निकालने के दौरान चाल धसने से चांपाडीह निवासी अनिल उरांव नामक युवक की मौत हो गई।पच्चीस वर्षीय अनिल उरांव ट्रैक्टर में मजदूरी करता था। घटना गुरुवार देर शाम की है। बताया जाता है कि अनिल उरांव एक ट्रैक्टर चालक के साथ अबुवा आवास के लिए बालू लाने सिलागांई नदी गया था। बालू की कमी को लेकर सिलागांई नदी में इन दिनों सुरंगनुमा गड्ढा बनाकर बालू की निकासी होती है। अनिल भी सुरंग में घुसकर अकेले ही बालू निकाल रहा था। इसी दौरान अचानक ऊपर का बालू धंस गया और अनिल उरांव उसके नीचे दब गया। बाद में बाहर खड़े चालक की सूचना पर अनिल उरांव को वहां से निकालकर मांडर स्थित एक निजी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनिल अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, उसका एक छोटा बच्चा भी है।

### बलसोकरा मदरसा चौक स्थित घर में आग लगने से घर का सारा सामान जलकर हुआ रखन

**चान्हो :** थाना क्षेत्र बलसोकरा स्थित मदरसा चौक में तबरेज आलम के घर में शॉर्ट सर्किट से लगा शुक्रवार सुबह में आग लगने से घर में रखे नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया है। तबरेज आलम ने बताया कि व घर पर नहीं थे बच्चा बीमार था उसी को दिखाने के लिए गुरुवार को अस्पताल ले गए थे और लौट के क्रम में चान्हो स्थित ससुराल में ही रुक गए थे। सुबह उनके घर वालों के द्वारा आग लगने की सूचना दी गई। बताया जाता है कि जैसे ही आग लगी और उनके भायों और आसपास के लोगों के द्वारा आग पर काबुक पानी की कोशिश की गई मगर तब तक घर में रखे गए नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। तबरेज आलम के द्वारा बताया गया कि इस आग लगी से कम से कम तकरीबन 6 से 7 लख रुपए तक का उनको नुकसान हुआ है।

### आगलगी में बिचाली जल कर राख

**सोनाहातू।** प्रखंड के नीमडीह (कोंचाटोली) के राधामोहन महतो के खलियान में रखे बिचाली चाकी में आग लग जाने से 40 हजार रुपए का बिचाली जलकर राख हो गया। धुआं देखने से लोगों को आग लगने की जानकारी हुई आनन फानन में आग बुझाने का प्रयास किया जाने लगा लेकिन बिचाली जल चुका था। सूचना मिलने पर सोनाहातू मुखिया बिकास मुंडा ने घटनास्थल का पहुँचे। पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सरकारी स्तर पर मिलने वाली मुआवजा के लिये अंचल कार्यालय पर अभिलम्ब आवेदन जमा करने को कहा। घटना दिन की है। आग कैसे लगी जानकारी नही हुई है।

### सारेयाद में तीन दिवसीय रामचरित मानस कथा पाठ संपन्न



**सोनाहातू।** प्रखंड के सरेयाद गांव में शुक्रवार सुबह दिन दिवसीय रामचरित मानस कथा पाठ का समापन किया गया। इसके पूर्व संध्या पर गांव के महिलाओ के द्वारा भव्य कलश यात्रा नदी से निकाली गयी।पंडित बुदून पांडेय द्वारा विधिवत पूजन के बाद कलश यात्रा प्रारंभ हुई। कथा स्थल में कलश स्थापना कर रामदरबार की स्थापना किया गया। तीन दिन तक ग्रामीणों ने राम प्रतिमा पर पूजा अर्चना भी किये। आयोजन में मुखिया सावना महली,दिनेश महतो,मिहिर महतो,अंनत राम महतो,हबलु सिंह मुंडा,अचरज सिंह मुंडा,नवीन महतो,नरेश महतो,विनोद महतो आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एसएसबी ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

**तमाड़।** प्रखंड स्तिथ मां शारदा गुरुकुल विद्यालय बिरहोर कालोनी और उत्क्रमित उच्च विद्यालय लुंगटू में 26 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा डुंगरडीह ई समवाय के द्वारा दो दिवसीय स्वच्छ पर्यावरण ही जीवन शैली के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्लास्टिक पर रोकथम व साफ-सफाई के बारे में समझाया गया और सभी के सहयोग से उक्त इलाके के चारो तरफ की साफ-सफाई की गयी। अभियान की समाप्ति भारत माता की जय के साथ किया गया। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के निरीक्षक कपिल नागर, उपनिरीक्षक एस इबोमचा सिंह, शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।

### सांसद आदर्श ग्राम बना गया लेकिन विकास के नाम पर एक ईट तक नहीं रखा गया

# कांग्रेस की जीत होते ही धरातल पर दिखेगा विकास कार्य : कालीचरण मुंडा

बिभा संवाददाता



**तमाड़।** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा शुक्रवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने रड़गांव, बोरडीह, डुगूरूडीह, कुदला, सिंदरी आदि दर्जनों गांवो में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुये महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील किये। ग्रामीणों ने प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का गांवो में भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में विकास का पहिया थम गया है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। सांसद आदर्श ग्राम बना गया लेकिन विकास के नाम पर एक ईट तक नहीं रखा गया। कांग्रेस की जीत होते ही तेज रफ़्तार से धरातल पर दिखेगा विकास कार्य, यह मेरी गारंटी है। भाजपा की जनविरोधी नीतियो के कारण आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होने भाजपा के पूर्व सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताकर कहा की अब जनता को समझ जाना चाहिए की कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होने कांग्रेस के पक्ष में वोट कर जन समर्थन मांगा। कांग्रेस पार्टी केवल काम की राजनीति करती है। भाजपा धर्म, जाति, मंदिर-मस्जिद, भ्रष्टाचार की राजनीति करती है। लेकिन काम की राजनीति नहीं की। पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। विकास के नाम पर लोगो के साथ सिर्फ धोका हुआ है। मौके पर तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ, रडगांव मुखिया दुर्गा उरांव, पुसू रविदास, कुदरत अंसारी, शमशाद आलम, लालू प्रसाद महतो, मसीर अंसारी, सनाउल्लाह अंसारी शामिल थे।

# मुखिया पति का निधन पर घर पहुंचे विधायक सुदेश महतो



बिभा संवाददाता

**सोनाहातू।** बारूहातू पंचायत के मुखिया सविता देवी के पति झारखंड पुलिस का जवान और आजसू समर्थक धर्मेन्द्र महली का निधन गुरुवार को हुआ था। ड्यूटी के दौरान ही तबीयत बिगड़ी थी।रांची के सैम्फर्ड अस्पताल में ईलाज करा रहे थे। ईलाज के क्रम में इनका निधन हुआ था।इनके परिवार में पत्नी समेत दो पुत्र शैलेन्द्र महली और आशीष महली है । निधन की जानकारी मिलते ही विधायक सुदेश महतो इनके आवास बुकरूडीह गांव पहुंचे। परिजनों से मिलकर दुःख जताया और हर समय सहयोग करने का सांत्वना दिया।मौके पर चितरंजन महतो,संजय महतो,गलऊ मुखिया सावना महली,ग्राम प्रधान जीवाधन सिंह मुण्डा,खंजन महतो, बिपिन पाल,सुभाष महतो,गन्धर्व महतो,राधानाथ महतो आदि लोग मौजूद थे।

# हारातू शिव मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाया गया



बिभा संवाददाता

**अनगडा :** टाटीसिलवे हारातू शिव मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मंदिर के पुजारी मधुसूदन पांडे के द्वारा मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रों के कलश स्थापन गौरी गणेश खोड़स मातृका नवग्रह के पूजन के साथ रुद्राभिषेक किया गया वहीं 22 जनवरी से आरंभ रामचरितमानस पाठ के समापित किया गया साथ ही साथ हवन एवं खिचड़ी महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया जिसके मुख्य अतिथि एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे हारातू ग्राम के मुखिया नूतन पाहान राजेश मिश्रा विष्णु मुंडा सुमित्रा देवी सिंधु महतो भोलानाथ ठाकुर सिमी कुमारी पूनम देवी कौशल्या देवी मुन्नी देवी आरती कुमारी रोहित कच्छप सिमरन कुमारी राम चरण पाहान होलिका देवी राजू महतो सोनिया रिशु सोनम राजेश्वरी कुंती इत्यादि इन लोगों का विशेष योगदान रहा हैं।


# अपने छुपे एजेंडे पर काम करती है भाजपाः कांग्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा इस देश में हमेशा अपने छुपे एजेंडे पर काम करती है। जबकि कांग्रेस अपने एजेंडे को जनता के सामने पूरे रोड मैप के साथ रखती है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि जब देश भाजपा से सवाल पूछ रहा है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनाव की धारा दूसरी और मोड़कर देश में सांप्रदायिक माहौल बनाना चाहते हैं। जब कांग्रेस महंगाई की बात करती है तो भाजपा मुसलमान की बात करती है। कांग्रेस रोजगार पर सवाल करती है तो मोदी मंगलसूत्र की बात करने लगते हैं। कांग्रेस इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला की बात करती है तो भाजपा जातिवादी राजनीति की बात करती है। भाजपा इस देश में हिंदुओं को मुसलमान से इसाई को सीख से आदिवासियों को गैर आदिवासियों से लड़ाने की अपनी पुरानी नीति और छुपे एजेंडे पर काम कर रही है।

### हटिया उप डाकघर में सुविधा शुल्क के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

# पीड़ित ने डाक अधीक्षक व पीएमओ से की शिकायत

बिभा संवाददाता



**रांची।** डाकघर के अभिकर्ता मुकेश कुमार और संध्या चौधरी ने हटिया उप डाकघर के कर्मियों द्वारा सुविधा शुल्क के नाम पर अवैध वसूली एवं ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। इस संबंध में आज प्रेस वार्ता कर कहा कि हटिया उप डाकघर के उप डाकपाल मनसुख और डाक सहायक पप्पू की तानाशाही से डाकघर के ग्राहक त्रस्त हैं।

उन्होंने कहा कि हटिया उप डाकघर का अभिकर्ता हूं। पोस्ट ऑफिस के राजस्व में वृद्धि के लिए सेवारत रहते हैं।

लेकिन उप डाकघर के कर्मियों द्वारा हमेशा उपेक्षा की जाती है। बेवजह परेशान किया जाता है । डाकघर के अधिकारी काम करने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग करते हैं। नहीं देने पर प्रताड़ित किया जाता है। खाता खुलवाने में भी अनावश्यक विलंब व टालमटोल किया जाता है। ग्राहकों के साथ भी अक्सर दुर्व्यवहार किया जाता है। कई खाता जो जनवरी में खोला गया उसे 20 दिन बाद ओपन किया जाता है। डाक विभाग के कर्मियों द्वारा ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं होती रहती है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में तीन अप्रैल को वरीय डाक अधीक्षक,रांची को एक शिकायत पत्र दिया गया। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद छह अप्रैल को प्रधानमंत्री कार्यालय को भी एक शिकायत दर्ज कराया गया। यहां से कुछ दिन के बाद जवाब आया कि मामला क्लोज्ड हो गया है। इसके जवाब में अपील में गया। पीएमओ के बाद बाद यह मामला अभी सुपरिंटेंडेंट के पास जांच के लिए गया। लेकिन आगे की कार्रवाई उनके द्वारा अभी तक नहीं की जा रही है। बैगर जांच के ही मामला क्लोज कर दिया गया।

मुकेश कुमार ने कहा कि मेरी मांग है कि डाक विभाग इस मामले की उचित जांच कर संबंधित पदाधिकारियों पर यथाशीघ्र यथोचित कार्रवाई करे।

# कोलेबिरा प्रखंड के लचड़ागढ़ में हुआ मतदाता जागरूकता महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता सह शपथ कार्यक्रम

बिभा संवाददाता



**सिमडेगा :** खूंटी लोकसभा के लिए 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सिमडेगा जिला में शतप्रतिशत मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप कोषांग और विभिन्न संगठनों के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है ।जिसके तहत जिला प्रशासन स्वीप कोषांग और हॉकी सिमडेगा संयुक्त रूप से जिला के विभिन्न प्रखंडों (केरसई प्रखंड, जलडेगा प्रखंड,बानो प्रखंड,कुरडेग प्रखंड) में मतदाता जागरूकता महिला पृष्ठ हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कराने के उपरांत आज कोलेबिरा प्रखंड के लचड़ागढ़ में मतदाता जागरूकता महिला एवं पुरूष हॉकी प्रतियोगिता सह शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत बियानी उच्च विद्यालय लचड़ागढ़ के खेल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया जिसमे पुरुष वर्ग में नारोडेगा ने संत बियानी उच्च विद्यालय लचड़ागढ़ को 1=0 से पराजित कर विजेता हूवा, वही महिला वर्ग में पतियंबा ने बाकी को 1=0 गोल से पराजित कर विजेता बनी। जिन्हे पुरुस्कार स्वरूप ट्रॉफी और जर्सी देकर सम्मानित किया गया।महिला वर्ग=रेणूका टेटे प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट,गौरी कुमारी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दि टूनार्मेंट पुरुष वर्ग =आकाश हेमरॉम प्लेयर ऑफ दि टूनार्मेंट एवम असीम बर्डिग इमर्जिग प्लेयर ऑफ दि टूनार्मेंट चयनित किए गए इनके अलावा पित्रुस लुगुन, विकास टोपनो और कलवन समद को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दि मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बेंजामिन जी और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी की अगुवाई में उपस्थित सभी खिलाड़ियों ,विद्यालय के विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप राष्ट्रगान गाया और मतदान के लिए लोगों को जागरूक और उत्साह बढ़ाने के लिए शपथ लिया। हॉकी खिलाड़ी अनुस्का समद से सभी को शपथ दिलाई।

आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक बेंजामिन, अनूप भेंगरा, मंगल साहू,अल्कजेंदर टोप्पो,अनीता बर्डिंग, स्वीप कोषांग के विजय लकड़ा, काशी नायक, हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, पंखरासियूस टोप्पो, रूबेन लुगुन,निरुपम टेटे, जोहन हीरो, जगदीश स्वासी, संजय डांग, दिव्या डुंगडुंग,गोपाल डांग, विजय लकड़ा, इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही।

# पीएसपी विशुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारत की यात्रा में क्रांति ला सकती है:अच्युत

बिभा संवाददाता



**रांची।** नई दिल्ली में आयोजित 14वें विश्व पेट्रोकोल कांग्रेस-2024 में सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ आरडीएंडटी) अच्युत घटक ने अपने की-नोट में बताया कि किस प्रकार नवीकरणीय ऊर्जा एकीकृत पम्प भंडारण संयंत्र (पीएसपी) विशुद्ध शून्य (नेट जीरो) उत्सर्जन की दिशा में भारत की यात्रा में क्रांति ला सकते हैं। श्री घटक ने पीएसपी के लिए परित्यक्त खदानों को फिर से उपयोग में लाने में कोयला उद्योग की भूमिका पर जोर देते हुए स्थिरता और नवाचार पर चर्चा शुरू की। 14वें विश्व पेट्रोकोल कांग्रेस-2024 में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रतिनिधियों द्वारा मुख्य वक्ता की सराहना की गयी। 14वें विश्व पेट्रोकोल कांग्रेस-2024 हरित ग्रह (प्लानेट) के लिए ऊर्जा, पर्यावरण, दक्षता, समानता और उद्यमिता पर केंद्रित रहा, जहां ज्ञान को क्रियान्वित करने के लिए केन्द्र बिंदु प्रदान करने के लिए 97 से अधिक देश और विदेश से आए वक्ताओं ने सम्मेलन में भाग लिया। पेट्रोकोल कांग्रेस पेट्रोलियम-गैस-कोयला उद्योगों पर एकमात्र कांग्रेस है जिसका ध्यान ऊर्जा के तालमेल पर है।

# संक्षिप्त खबरें

## रांची विश्वविद्यालय :यूजी सेमेस्टर 1 की परीक्षा फार्म भरने की तिथि 28 तक बढ़ी

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय यूजी सेमेस्टर 1की परीक्षा फार्म भरने की तिथि 28-4-2024 तक बढ़ा दी गयी है। पहले फार्म भरने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल थी जिसे छात्रों की सुविधा के लिये रांची विश्वविद्यालय ने बढ़ा कर 26 अप्रैल 2024 कर दिया था। 26 अप्रैल को बहुत सारे छात्रों ने रांची विश्वविद्यालय पहुंच कर माननीय कुलपति प्रो.(डा.)अजीत कुमार सिन्हा से विशेष आग्रह किया और कहा कि वो किन्हीं कारणों से अब तक फार्म नहीं भर पाये हैं उन्हें फार्म भरने का एक अवसर दिया जाये। छात्रों के अनुनय विनय को देखते हुते कुलपति ने परीक्षा फार्म भरने की तिथि दो दिन बढ़ा दिया है। अब नयी सूचना के अनुसार यूजी सेमेस्टर एक की परीक्षा फार्म 28 अप्रैल शाम पांच बजे तक आनलाईन भरी जा सकेगी। साथ ही कुलपति ने कहा कि छात्र जल्द से अपना फार्म भरें । अब किसी भी हाल में यह तिथि बढ़ायी नहीं जायेगी।

## मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने बच्चों को सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में किया जागरूक



**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के कार्यक्रम Every Kid Healthy Week के पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत चौथे दिन मारवाड़ी कन्या पाठशाला में बच्चों को बीच सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में जागरूक किया। इसका प्रशिक्षण जेसीआई इंडिया के जोन ट्रेनी जेसी करण चितलांगिया के द्वारा दिया गया। करण सर ने बताया कि बच्चों को कितनी देर सोशल मीडिया में देखना चाहिए। साथ ही साथ अभिभावक के लिए बताया कि वह बच्चों के सोशल मीडिया पर ध्यान दे और बच्चों को फिल्टर लगा कर ही सोशल मीडिया प्रयोग करने दे। उन्होनें बताया कि बच्चों को यू ट्यूब जूनियर का उपयोग करना चाहिए। इस कार्य में विद्यालय प्रबंधक ने भी शाखा का पूरा साथ दिया, जिसके लिए शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने उन्हें धन्यवाद दिया । सर ने कहा कि बच्चों और अभिभावक के बीच में इस तरह की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने शाखा के इस कार्य की सराहना और प्रशंसा की। कार्य को सफल बनाने में शाखा के सदस्यों का भरपूर साथ रहा। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, और शाखा की बहनें शुभा अग्रवाल, कविता सोमानी, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, कोमल झुनझुनवाला उपस्थित थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## धर्मेंद्र तिवारी भारतीय जनतंत्र मोर्चा के रांची लोकसभा के प्रत्याशी होंगे

**रांची :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संसदीय चुनाव समिति की बैठक आज रांची में संपन्न हुई ।बैठक में सर्वसहमति से निर्णय हुआ की पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र तिवारी राँची लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे। इस अवसर पर श्री तिवारी ने संसदीय चुनाव समिति तथा जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय का आभार जताते हुए कहा की राँची के वर्तमान भाजपा सांसद ने पिछले ५ सालों में ऐसा एक भी काम नहीं किया है, जिसके लिये राँची की जनता उनका पुनः चुनाव करे. वर्तमान सांसद ने राँचीवासियों की समस्या, उनके मुद्दे दिल्ली के संसद में ठीक तरह से उठाया ही नहीं । वे केवल नमो मंत्र ही जपते है ' इधर कांग्रेस ने भी वंशवाद परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ऐसा प्रत्याशी दिया है जिसको न तो यहाँ के लोग जानते है और ना ही उन्हें सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की समझ है। चुनाव के बाद इनका दुबारा बंबई चले जाने की प्रबल संभावना है। श्री तिवारी ने कहा कि माननीय सरयू राय और भाजमो ने मुझ पर विश्वास करके राँची लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाकर जो ज़िम्मेवारी मुझे सौंपा है, उस पर मैं खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूँगा और राँची लोकसभा क्षेत्र के आम जनता के सहयोग से उनकी समस्याओं, जनहित के मुद्दों को संसद में पुरजोर तरीके से उठाऊँगा और उनका निराकरण भी कराऊँगा। बैठक में संसदीय चुनाव समिति के सदस्य सह पार्टी उपाध्यक्ष, पी एन सिंह, महासचिव आशीष शीतल मुंडा, सचिव सोमेन दत्ता, महासचिव निशि पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।

## ट्रेन के प्रस्थान समय में परिवर्तन

**रांची :** लिंक रेक के विलंब से चलने की वजह से ट्रेन संख्या 18626 हटिया -पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ दिनांक 27/04/2024 के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है, यह ट्रेन अपने निर्धारित प्रस्थान समय 05:55 बजे के स्थान पर 09:25 बजे हटिया से प्रस्थान करेगी ।

## हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

**रांची:** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने इडी की कार्रवाई और अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की थी। इस पर आज हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एसएलपी पर 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। दाखिल एसएलपी में कहा गया कि उनका एक फैसला हाईकोर्ट में लंबित है। गिरफ़्तारी के बाद उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में रिट दाखिल की थी। 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इडी ने कोर्ट को बताया था कि उनके खिलाफ जमीन घोटाला को लेकर पर्याप्त सबूत है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में हेमंत सोरेन ने गुहार लगाई है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव प्रचार में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। यहां याद दिला दें कि बीते 31 जनवरी को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को इडी ने गिरफ्तार किया था तब से वह जेल में है।

## डीएवी गांधीनगर में खेल महोत्सव का समापन



**रांची :** डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर में अंतरसदनीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन समारोह आयोजन किया गया। ध्यातव्य हो कि इस खेल महोत्सव में विद्यालय के सभी छह सदनों के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पधाओं जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल, खोखो, चेस,टीटी, बास्केट बॉल, हैंड बॉलऔर स्केटिंग जैसी स्पधाओं में भाग लिया था। सभी सदनों के बालक एवं बालिका वर्ग के विद्यार्थियों को अंडर चौदह, सतरह और उन्नीस आयुवर्ग में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिताओं का आयोजन सीसीएल मैदान और विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री एस के सिन्हा ने अपने संबोधन में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में खेलों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज जीवन में सफलता के लिए अध्ययन के साथ खेलों की भी भूमिका है ।खेलों से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता की वृद्धि होती है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में गोविंद झा, स्वाति शिप्रा, कौशल कुमार, कविता मुखर्जी, के नलिनी आदि शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

# केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो:जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**रांची :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज दिनांक- 26 अप्रैल 2024 को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (उअढक्र) बलों के आवासन स्थलों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चल रहे कार्यों की समीक्षा संबंधित बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रांची, श्री दिनेश कुमार यादव उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला में मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर आवासन को लेकर पेयजल/शौचालय/बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निमित्त लोकसभा चुनाव 2024 शांति पूर्ण मतदान कराने को लेकर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर बनाए जा रहें बेस कैंप में सारी सुविधा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों से क्रमवार समीक्षा करते हुए ससमय सारा कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मतदान बूथों एवं क्लस्टर में पेयजल/शौचालय/बिजली आदि की सुनिश्चितता को लेकर सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित हो तथा मतदान केंद्रों में साफ-सफाई पेय जल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने, विद्यालयों में न्यूनतम मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कहा की चुनाव के समय जो भी फोर्स यहाँ रुके उनके लिए बूथों पर जरुरी सभी आवश्यक सेवा सुनिश्चित रूप से होना चाहिए। ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या बूथों पर रहने के दौरान ना हो। इसलिए सभी सम्बंधित अधिकारी यह पहले से ये देख ले की बूथों पर सभी आवश्यक सेवा ससमय उपलब्ध रहें एवं साथ ही पुलिस पार्टी, पोलिंग पार्टी के लिए भी सारी तैयारी होनी चाहिए। इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदान केंद्र का सफाई होना बहुत जरुरी है,चुनाव से पहले साफ-सफाई विशेष रूप से हो जानी चाहिए। मतदान के दौरान मतदान केंद्र और आस-पास गंदगी कही नही हो इसपर सभी ध्यान देंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर बनाए जा रहें क्लस्टरों पर एक समन्वय के लिए कर्मी की नियुक्ति किया जाए ताकि ये सभी सम्बंधित अधिकारी से समन्वय करके सारी व्यवस्था ठीक रख सकें, ताकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर उन्हें कोई परेशानी उत्पन्न ना हो।

# एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर मुस्लिमों को देना इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा : अमित मंडल

बिभा संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर अपने चहेतों को देना कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा है। इंडी गठबंधन एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण का लाभ मुस्लिमों को देना चाहती है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। कांग्रेस और भाजपा में यही बड़ा अंतर है।

अमित मंडल शुक्रवार को मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव से सबक साथ-सबका विकास की पक्षधर रही है जबकि कांग्रेस का इतिहास सदैव तुष्टिकरण की राजनीति से भरा रहा है। कांग्रेस को एससी, एसटी और ओबीसी से नफरत है और उनके घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। मंडल ने कहा कि 09 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद के 52वें बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नवीन योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से साझा करने का अधिकार मिले। पहला दावा उनका होना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अभिनव योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से हिस्सा लेने का अधिकार मिले। संसाधनों पर पहला अधिकार उनका होना चाहिए।

मंडल ने कहा कि इससे एक खास वर्ग के प्रति कांग्रेस के अगाध प्रेम को समझा जा सकता है। मनमोहन सिंह ने यह बयान गलती से नहीं दिया था, बल्कि जानबूझ कर दिया था। क्योंकि 13 अप्रैल, 2009 को मनमोहन सिंह ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस में एक प्रश्न का जवाब देते हुए फिर अपने बयान को सही ठहराया और कहा कि अल्पसंख्यकों का खासकर मुस्लिमों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए जब बात देश के संसाधनों की आती है।

मंडल ने कहा कि कांग्रेस ने घोषणापत्र में कहा है कि देश में बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नहीं है। मतलब उन्हें एससी, एसटी और ओबीसी से सख्त नफरत है। क्योंकि, देश में बहुसंख्यक आबादी इन्हीं गरीब लोगों की है। इन्हीं की साजिशों की वजह से जम्मू-कश्मीर में आजादी के 70 सालों तक एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के साथ अन्य सामाजिक अधिकारों से वंचित थे।

मंडल ने कहा कि कांग्रेस ने मेनिफेस्टो में कहा है कि जाति जनगणना को हम पूरे देश में इम्प्लिमेंट कर देश का एक्सरे करेंगे, फाइनेंशियल और इंस्टीट्यूशनल सर्वे करेंगे। ये पता लगाएंगे कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है, कौन से वर्ग के हाथ में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे। कांग्रेस के लोग कहते हैं कि आप सबकी संपत्ति की जांच होगी। कांग्रेस की एक्स-रे मशीन अब बहनों-बेटियों की अलमारी में और लॉकर में पहुंचेगी। ये क्रांतिकारी काम यही है कि ये आपका पैसा, आपकी संपत्ति हड़प कर अपने चहेतों को देंगे।

# गांजा ले जा रहे दो महिला समेत चार लोग खादगढ़ा बस स्टैंड से गिरफ्तार



बिभा संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने ओडिशा से बनारस गांजा ले जा रहे दो महिला समेत चार लोगों को खादगढ़ा बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों यूपी के गाजियाबाद जिले के केशव कुंज निवासी सुमित कुमार, गौतमबुद्ध नगर जिले के दीप बिहार छपरौल निवासी अंजना सिंघल, बंगाल के दार्जिलिंग जिले के सुकना निवासी दीप राई और मध्य दिल्ली के पहाड़गंज स्थित मुलतानी डंडा निवासी सुषमा का नाम शामिल है.

गिरफ्तार आरोपियों के पास से 43.60 किग्रा गांजा, चार मोबाइल, तीन आरोपी का आधार कार्ड, रेखा बस का धुर्वा से बनारस जाने का टिकट और 1500 नगद पुलिस ने बरामद किया है. उक्त जानकारी सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी. उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर नशीले पदार्थों की बरामदगी को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसी दौरान एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था. टीम ने छापेमारी कर खादगढ़ा बस स्टैंड परिसर से दो युवक और दो महिलाओं को गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार तस्करों से पुलिस को कई इनपुट मिले हैं. मिले इनपुट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है.

### पोस्टल बैलेट एक्सचेंज सेंटर से फॉर्म-12 एवं 12 डी का हुआ आदान-प्रदान

# एक भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे: के रवि

बिभा संवाददाता



**रांची:** लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु अंतरजिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का आज संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में स्थानांतरण किया गया। मुख्य निर्वाचन कार्यालय में बनाए गए एक्सचेंज सेंटर में राज्य के सभी जिलों/निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी अपने-अपने जिले में प्राप्त फॉर्म 12 एवं 12 डी को लेकर पहुंचे और संबंधित दूसरे जिलों को फॉर्म को उपलब्ध कराया। एक्सचेंज के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा कि एक भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान की व्यवस्था की गई है। पोस्ट बैलेट से मतदान के लिए प्राप्त फार्म 12 एवं 12 डी का एक्सचेंज फैसिलिटी से सर्विस वोटर एवं एसेंशियल सर्विसेस के मतदाताओं को मत देने में सुविधा होगी।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि फार्म 12 चुनाव ड्यूटी में कार्यरत अर्थात सर्विस वोटर के लिए है। वहीं फॉर्म 12 डी अब्सेंटी वोटर, अब्सेंटी वोटर फिजिकल डिसिबिलिटी, अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन तथा अब्सेंटी वोटर एसेंशियल सर्विसेस के लिए है, जो पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत देने की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। उपरोक्त संबंधित मतदाता जो अपना फॉर्म जमा किए हैं, उसे एक्सचेंज फैसिलिटी के तहत एक दूसरे लोकसभा क्षेत्र में भेजा जा रहा है, ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

विदित हो कि लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु अंतर जिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का स्थानांतरण, निर्गत पोस्ट बैलेट एवं पोल्ड पोस्टल बैलेट के आदान-प्रदान एवं अन्य के संबंध में एक्सचेंज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 30 अप्रैल को भी पोस्टल बैलट एक्सचेंज फैसिलिटी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही 4 मई, 7 मई, 11 मई, 15 मई 19 मई, 24 मई, 28 मई एवं 31 मई को मुख्य निर्वाचन कार्यालय में एक्सचेंज फैसिलिटी उपलब्ध कराये जाने संबंधी तिथि निर्धारित है।

# गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर काम कर रहा गैंग्स ऑफ छोटानागपुर : प्रतुल शाहदेव

बिभा संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। प्रतुल ने आरोप लगाया की गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर गैंग्स ऑफ छोटानागपुर काम कर रहा है, जो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के कई अन्य बड़े नेताओं को जमीन कब्जा करने के लिए कागजात बनाने में मदद करता था। प्रतुल शाहदेव शुक्रवार को मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रतुल ने कहा कि लव जिहाद को सरकार ने पूरे तरीके से नजरअंदाज करके रखा था। अब लैंड जिहाद भी इस सरकार में शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कब्जे वाली 8.86 एकड़ की बेनामी जमीन पर कब्जे में जिन लोगों पर कागजात के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा उनमें इरशाद, अफसर अली, इम्तियाज, सद्दाम, ताल्हा और फैयाज प्रमुख हैं। प्रतुल ने जानना चाहा कि क्या यह बात सही है कि रात के 8:00 बजे के बाद इस गैंग्स ऑफ वासेपुर के सदस्यों को मुख्यमंत्री आवास में एंट्री करने की खुली छूट थी और उसे समय सीसीटीवी भी ऑफ कर दिया जाता था?

प्रतुल ने एजेंसियों से आग्रह किया कि उस समय के सुरक्षा पदाधिकारी से बुलाकर इस मुद्दे पर जानकारी ली जाए। क्योंकि, अब तक तो सीसीटीवी फुटेज इन लोगों ने नष्ट कर दिया होगा। उन्होंने कहा कि लैंड जिहादी गैंग ने जगन्नाथपुर के कचनार टोली की बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया। इसमें भी गठबंधन से जुड़े जाकिर का नाम आया। जाकिर के साथ मुबारक खान, शमीम खान, इकबाल, नासिर इकराम, अब्दुल, सलीम, राशिद, हुसैन, मंजूर और अनवर को भी अभियुक्त बनाया गया है।

प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से हेमंत सोरेन पार्ट वन ऑफ पार्ट 2 में सेना और सरकार की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश हो रही है वह साफ दिख रहा है कि इनको कहीं ना कहीं राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। साथ ही कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सिर्फ जमीन पर डकैती नहीं हुई, बल्कि युवाओं के रोजगार पर भी डाला गया, जो आगे विनोद और हेमंत सोरेन के बीच व्हाट्सएप चैट से स्पष्ट है। यह ईडी के चार्जशीट का भी हिस्सा है। 25-25 लाख में युवाओं के सपनों को बेचने का कार्य हुआ।

# वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

बिभा संवाददाता



**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मिलन समारोह का आयोजन कांग्रेस भवन रांची में किया गया। मिलन समारोह में झारखंड वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने माला पहनाकर महेश्वर साहू और उनके समर्थकों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर और देश के वर्तमान माहौल को देखते हुए महेश्वर साहू जी ने अपने लोगों के साथ कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण की है। देश के वर्तमान हालात मे अच्छे भविष्य के लिए राहुल जी एक उम्मीद की किरण के रूप में देशवासियों को नजर आ रहे हैं। महेश्वर साहू जी लगातार अपने समाज की बातों को उठते रहे हैं और अपने समाज के हित के लिए मांगों को मजबूती के साथ उठाते रहे हैं। राहुल गांधी ने भी पूरे देश की जनता के सामने कांग्रेस का स्पष्ट नजरिया मेनिफेस्टो के माध्यम से भी रख दिया है की जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, जब से कांग्रेस ने जनता के सामने महंगाई, बेरोजगारी,जातिगत जनगणना, पांच न्याय 25 गारंटी को जनता के सामने पुरे रोड मैप के साथ पेश किया है तब से भाजपा की आंखों से नींद उड़ गई है और वह चुनाव को किसी अन्य दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन जनता अपने मूल समस्याओं को ध्यान में रखकर ही पूरे देश में मतदान कर रही है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भाजपा के नफरत की माहौल से निपटना जनता जान गई है, सांप्रदायिकता की जी सीढ़ी पर चढ़कर भाजपा बहुमत लाने का प्रयास कर रही है उसमें वह सफल नहीं होगी। जनता उनके पूरे 10 वर्षों के कार्यकाल का एक्स-रे कर रही है और उसी के अनुरूप इन्हें सबक सिखाने का काम भी चुनाव के दो चरणों में जनता कर चुकी है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अमूल्य नीरज खलखो,सतीश पॉल मुंजनी,सोनाल शांति,कमल ठाकुर,जगदीश साहू,निरंजन पासवान, महेश्वर साहु, मोहन साव, भुनेश्वर साव, डॉ एहसान अहमद सिद्दीकी, मुकेश लाल सिन्दुरिया, सुमन जायसवाल, प्रकाश मंडल, मिथलेश जायसवाल, गणपति साहु, आलोक मंडल, रामदयाल पांडेय, मिथुन कोयरी, राहुल कुमार साहु, बनवारी साव, शकील अख्तर मस्सन, राजेश साव, सुखदेव साव, बासुदेव साव, मोहन साव, ओम प्रकाश साव, भरत केशरी, विजय केशरी, दीपक प्रसाद, अमित साहु, नंद किशोर ठाकुर, रंजन प्रसाद, संजय प्रसाद, अजित कुमार, मो सलीम , विचंल कुमार, निखिल तिवारी आदि शामिल है।

# 8वीं राष्ट्रीय लेजर रन प्रतियोगिता के लिए झारखंड की 28 सदस्यीय टीम रवाना



बिभा संवाददाता

**रांची :** 8वीं राष्ट्रीय लेजर रन प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 अप्रैल 2024 महाराष्ट्र अमरावती मैं मॉडर्न पेंटाथलॉन फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं महाराष्ट्र मॉडर्न पेंटाथलॉन संघ के संयुक्त प्रधान में आयोजित की जारी है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की 28 सदस्यीय बालक एवं बालिका टीम अमरावती के लिए कल जमशेदपुर से रवाना हुई ।टीम के सभी सदस्यों को मॉडर्न पेंटाथलों एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव शैलेंद्र पाठक एवं झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉक्टर मधुकांत पाठक कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे धनबाद जिला संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी महासचिव शैलेन्द्र पाठक मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने दी ।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी सेक्टर-6 के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के लिए शेप हंट प्रतियोगिता का आयोजन



**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में शुक्रवार को पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप ( नई शिक्षा नीति ) के अन्तर्गत कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों के लिए विभिन्न आकृतियों पर आधारित ₹शेप हंट प्रतियोगिता₹ का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं डीएवी गान से प्रारंभ हुआ । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में विभिन्न आकृतियों को सीखने में मदद मिलती है, विभिन्न आकृतियों के कितने कोने होते हैं, कितनी भुजाएं होती है आदि के बारे में जानने से विभिन्न वस्तुओं के बीच के अंतर को समझने में सक्षम होंगे । विद्यार्थियों ने काफी उत्साह पूर्वक इस कार्य क्रम में भाग लिया । इस प्रतियोगिता में एल के जी से अभिनन्दन सिन्हा , अर्णव मिश्रा,रोहन राज, श्रृष्टि कुमारी, सुष्मिता बेसरा, वंशिका कुमारी, मेवान कुमार, सात्विक तथा यू के जी से अर्णव मंडल, आरोही, आदित्य अखिल, आकृति अंश, दिशांत, हर्ष, निधि, निखिल, पलक, रिद्धि प्रिया, राजवीर, रौनक राणा, रिहान, रिधिमा, साहिल सक्षम शिवांश, शान्वी, श्रेया, शिवांश, यश, युग, सोनम ने भाग लिया । विद्यालय के चारों सदन श्रद्धानंद सदन, दयानंद सदन, हंसराज सदन एवं विवेकानन्द सदन के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया । मंच संचालन भावना घले एवं धन्यवाद ज्ञापन अराधना ने किया । इस अवसर पर सभी शिक्षक मौजूद थे ।

### बम की धमकी पर मॉक ड्रिल का आयोजन



**बोकारो :** बम की धमकी के खिलाफ आज आईओसी बोकारो की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. बताते चले कि आज बोकारो रेलवे स्टेशन परिसर के पास आफ बोकारो के द्वारा बम को लेकर मॉक ड्रिल किया गया आए दिन स्टेशनों पर बम के धमाके हुए हैं आए दिन नक्सलु द्वारा रेलवे को बम से उड़ने की धमकी दी जाती है और अभी चुनाव का भी माहौल चल रहा है इसको लेकर पीसी आरपीएफ बोकारो की देखरेख में डॉग स्क्वाड बोकारो के साथ आरपीएफ कर्मियों की एक टीम ने मॉक ड्रिल में भाग लिया। मौके पर आरपीएफ के अधिकारी डॉग स्क्वाड की टीम मौजूद थी।

### डीएवी सेक्टर-6 के विद्यार्थियों ने जेईई मेंन में सफलता प्राप्त की




**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा द्वितीय चरण की जेईई मेंन परीक्षा में विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की । सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में आभास कुमार वर्धन, ऋषभ कुमार तथा राहुल कुमार हैं। तीनों विद्यार्थी विद्यालय के होनहार छात्र हैं । विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने सफलता प्राप्त करने पर तीनों विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की । उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम से सफलता की सिद्धि अवश्य प्राप्त होती है विद्यालय के प्राचार्य ने तीनों विद्यार्थियों की उपलब्धियों की चर्चा की तथा उन्हें सम्मानित किया ।

### राह चलते युवक पर रड से हमला, बुरी तरह से घायल

**बोकारो :** जिले के चास थाना क्षेत्र के प्रभात कॉलोनी में एक युवक पर रड से चार लोगो ने हमला कर दिया। हमले में सूरज कुमार नामक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया, जिसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जख्मी सूरज कुमार के मुताबिक वे अपने ऑफिस से घर लौट रहे थे तभी बच्चों के बीच विवाद होते देखा तो वहीं रुक गये। इसी दौरान मनोज साह समेत चार लोगो ने लोहे के रड एवं विकेट से जानलेवा हमला कर दिया। जिसके कारण सूरज कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालांकि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### अपने दुकानों के बाहर लगाएं मतदाता जागरूकता पोस्टर: नोडल पदाधिकारी



**बोकारो :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में स्वीप के नोडल पदाधिकारी श्री प्रभास दत्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कोषांग के *प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री साकेत कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार, कंचन कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में नोडल पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर तिथियां घोषित हो गई है। बोकारो जिले में आगामी 25 मई 2024 को मतदान होना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसमें आप सबों की भी सहभागिता जरूरी है। कहा कि जिले में लगभग 700 दवा विक्रेता है, सभी अपने दुकानों पर मतदान दिवस एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर चस्पा करेंगे। साथ ही, अपने यहां आने वाले आमजनों को अपने मतदान केंद्र पर आगामी 25 मई 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। दुकानों में चिकित्सकों और दुकान से जारी होने वाले पर्चा,रशिद में वोट करेगा बोकारो 25 मई 2024 से संबंधित मुहर मारेंगे। कहा कि सबों के सहयोग से कोई नहीं छूटे... के लक्ष्य को हम पूरा करेंगे। मौके पर उपस्थित प्रभारी पदाधिकारी श्री साकेत कुमार पांडेय ने रविवार को मतदाता जागरूकता को लेकर पत्थरकट्टा चौक से प्रस्तावित वाकथान को सफल बनाने का अपील किया। उन्होंने सभी दवा दुकानों से स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का अपील किया।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नामांकन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

प्रकाश पटवारी




**रामगढ़:** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए होने वाले नामांकन को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की।

प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए पांचवें चरण में होने वाले निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के द्वारा नामांकन को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, हजारीबाग होंगी। अभ्यर्थी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के कार्यालय कक्ष अथवा सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग सदर शैलेश कुमार के कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की आखिरी तिथि 3 मई 2024, स्क्रुटनी की तिथि 4 मई 2024, नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 6 मई 2024 तथा मतदान की तिथि 20 मई 2024 होगी। वहीं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 6 जून 2024 को संपन्न होगी।

निर्वाचन संबंधित तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर रामगढ़ जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल छे चेक नाकें बनाए गए हैं जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक - एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्हि क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं एवं सभी चेक नाकों पर स्टेटिक सर्विलांस दलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। फ्लाइंग स्क्वायड दलों के माध्यम से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों के प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य 20 अप्रैल 2024 को पूर्ण कर लिया गया है। निर्वाचन के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को जानकारी दी की लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले में महिलाओं द्वारा संचालित कुल 14 मतदान केंद्र, दिव्यांगों द्वारा संचालित 6 मतदान केंद्र तथा विशेष थीम यथा रामगढ़ की विशेषता, संस्कृति, सोहराय चित्रकला आदि से संबंधित 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि कोई भी मतदाता ना छूटे इसी उद्देश्य के साथ जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा प्रवासी मजदूरों आदि को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर चिट्ठी आई है कार्यक्रम, विशेष पहल के तहत मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं । चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, जिले के विभिन्न प्रतिष्ठान के साथ-साथ मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा भी मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इन सब के अलावा प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ भी रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रेस वार्ता के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बोकारो कोर्ट में चलाया जनसंपर्क अभियान

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो कोर्ट परिसर में इंडिया गठबंधन की धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह ने बोकारो के अधिवक्ताओं से मिलकर उनका बहुमूल्य वोट अपने पक्ष में करने की अपील की। श्रीमती अनुपमा सिंह ने कहा की मैं भी विधि स्नातक हूं और आपके परिवार का एक सदस्य हूं। सर्व प्रथम अनुपमा सिंह को अधिवक्ताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने अधिवक्ताओं से अपील की की अधिवक्ता परिवार की सदस्या विधि स्नातक और योग्य उम्मीदवार अनुपमा सिंह को वोट देकर जिताए ताकि अधिवक्ताओं के समस्याओं को संसद में उठा सके। अनुपमा सिंह अधिवक्ताओं के हरेक टेबल पर जाकर आशीर्वाद ली। इस अवसर पर अधिवक्ता हरी प्रकाश सिंह, साकेत कुमार सिंह, उदय सिंह, संजय कुमार, आकाश टुडू, सोमनाथ शेखर,अतुल कुमार ,विजय कुमार, राम पद गोराई, अमर देव सिंह, दीपिका सिंह, संजीत सिंह, हसनैन आलम, ओम प्रकाश लाल, ज्योति प्रकाश चौधरी, विभा कुमारी, विनोद कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, पंकज यादव, पंकज बंसल, संजय कुमार प्रसाद, नरेश महतो, प्रकाश शेखर, खुर्शीद आलम, आफताब आलम, अनीश अंसारी, रजी अहमद, इत्यादि शामिल थे।

### हाथी प्रभावित इलाकों पर विशेष नजर रखें: राहुल कुमार सिन्हा

**रांची :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के सफल संचालन हेतु हाथी प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई किए जाने संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), श्री राजेश्वर नाथ आलोक, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री बिवेक सुमन, सभी सम्बंधित अंचल अधिकारी, डीएसपी, श्री अरविन्द कुमार एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नक्सलियों के ठिकाने पर सुरक्षाबलों की छापेमारी, मौके से बरामद सामान को किया नष्ट



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो ज़िले के झुमरा पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कमाण्डर बिरसेन उर्फ चंचल व उसके साथियों के भ्रमणशील होने की सूचना प्राप्त होने पर सीआरपीएफ, झारखण्ड जगुआर व जिला पुलिस बल को सम्मलित कर एक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया. छापेमारी के क्रम में थाना प्रभारी ललपनिया व झारखण्ड जगुआर एजी-15 की सर्च टीम लालगढ टोला, लईयोगढ़ा पार कर रही थी कि जंगल की तरफ से एक फायर हुआ. जिसका सर्च टीम के द्वारा पीछा किया गया, लेकिन जंगल का फायदा उठाकर गोली चलाने वाला भाग गया. सर्च टीम के द्वारा तलाशी में एक भरथुआ बंदूक पाया गया. वहीं अभियान के क्रम में सहायक समादेष्टा सीआरपीएफ व प्रभारी रहावन ओपी की टीम के द्वारा झुमरा पहाड के जंगल में नक्सलियों के छिपने का ठिकाना का पता लगाया गया. जहां रहने, खाना बनाने, मोर्चा आदि पाया गया. जिसे सर्च टीम के द्वारा विनष्ट कर दिया गया. इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है. वहीं नक्सलियों के विरूद्ध छापेमारी की जा रही है. पुलिस के द्वारा मजल लोडिंग भरथुआ बंदूक बरामद किया गया और उग्रवादियों के द्वारा प्रयोग किए जा रहे मिट्टी का चुल्हा, मचान आदि को अभियान में शामिल सर्च टीम के द्वारा विनिष्ट कर दिया गया.

वहीं छापामारी अभियान में प्रभात कुमार, सहायक समादेष्टा, सीआरपीएफ, जगदेव पाहन तिर्की, पुलिस निरीक्षक झारखण्ड जगुआर, शशि शेखर कुमार, ओपी प्रभारी, ललपनियां ओपी, जय प्रकाश एक्का, ओपी प्रभारी रहावन ओपी, दीपक कुमार राणा, थाना प्रभारी चतरोचट्टी थाना, रंजीत प्रसाद यादव, थाना प्रभारी महुआटॉड थाना, सीआरपीएफ, झारखण्ड जगुआर व जिला बल के सशस्त्र जवान शामिल थे।

# बढ़ती गर्मी मे कर्मियो को राहत दे बीएसएल प्रबंधन

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने बीएसएल प्रबंधन को पत्र लिखकर बढ़ती गर्मी को देखते हुए बीएसएल कार्मिको को राहत देने हेतु पत्र भेजा है । अपने पत्र मे युनियन ने लिखा है कि बढ़ती गर्मी तथा अप्रैल मे ही हिट वेव के कारण तापमान में हुई वृद्धि को देखते हुए बीएसएल कार्मिको को हिट वेव से बचाव हेतु व्यवस्था जरुरी है । मानव शरीर 37°उ तक का तापमान को आराम से झेल सकता है , परंतु इससे अधिक तापमान होने पर मानव शरीर को नुकसान पहुँचने की आशंका रहती है । संयंत्र मे लगभग सभी प्रमुख विभाग जैसे धमन भट्टी, कोक ओवन, सिंटर प्लांट, एसएमएस 1 और 2 , सीसीएस, हॉट स्ट्रीप मील आदि मे ऐसे ही समान्य दिनो का मुकाबले तापमान अधिक रहता है । साथ ही ध्वनी, धूल आदि की भी समस्या रहती है । बढ़ती गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार भी गर्मी / लू/हिट वेव से बचाव हेतु कई गाईडलाईन जारी करती है । वही देश की कई सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र की कंपनियाँ अपने कार्मिको को गर्मी/लू/हिट वेव से बचाव हेतु कई प्रबंधकीय उपाय करती है ।

बीएसएल कार्मिको को गर्मी /लू/हिट वेव से सुरक्षित रखने के लिए यूनियन द्वारा दिया गया सुझाव , गर्मी, सर्दी तथा बरसात से बचने के लिए सभी कार्मिको को कार पास की सुविधा दोपहिया वाहन पर दुसरी सवारी तथा साइकिल/ई साइकिल से आने वाले कर्मचारियो को मेन गेट या अन्य गेटो पर साईकिल से उतरने का भेदभाव भरा नियम बंद किया जाय । सभी रेस्ट रुम , पाली कार्यालय मे कूलर /एसी की व्यवस्था , इलेक्ट्रॉनिक्स एयरकंडीशन यूक्त हेलमेट की व्यवस्था, सभी रेस्ट रुम, पाली कार्यालय मे वाटर कूलर / सुराही की व्यवस्था तथा पुराने वाटर कूलर की समय बद्ध सफाई एवं अनुरक्षण , कार्मिको हेतु प्रति माह 2 ˝ ग्लूकोज/प्रति कर्मचारी दिया जाना चाहिए, बेल/आम शरबत , सत्तू शरबत की व्यवस्था की जानी चाहिए। हॉट जोन वाले सभी विभागो में तापमान मापी यंत्र एवं अधिक तापमान होने पर चेतावनी हेतु सायरन बजने की व्यवस्था, गर्म क्षेत्र मे कार्यरत कार्मिको के लिए विशेष ड्रेस की व्यवस्था ,एडीएम मेन गेट से लेकर संयंत्र का सभी सड़को का किनारे प्याउँ की व्यवस्था। यह दूर्भाग्य है कि मानवीय पहलुओ पर भी यूनियन को पत्र लिखना पर रहा है । टाटा स्टील पिछले सप्ताह ही कर्मियो को ग्लुकोज, सत्तू , शरबत देने का कदम उठा चूकी है । कर्मचारियो को अनेक यूनियनो मे बंटने का फायदा प्रबंधन तथा रिटायर नेताओ को मिल रहा है ।

# बोकारो परिसदन का डीसी सह डीईओ ने किया निरीक्षण, एजेंसी को कार्य में एकरूपता लाने का दिया निर्देश

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** डीसी सह डीईओ ने क्रमवार बोकारो परिसदन में चल रहें कार्यों का जायजा लिया। टीम ने परिसदन में संबंधित एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा गया। परिसदन की साज सज्जा के लिए लगाएं गए फोटो फ्रेम, पर्दों, गमलों आदि को एकरूपता के अनुरूप संबंधित एजेंसी को सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, परिसदन के सभी कमरों,रसोई घर, फ्लोर एरिया आदि की नियमित साफ सफाई का निर्देश दिया। इस कार्य को निष्पादित कर रहे एजेंसी को बेहतर से कार्य,दायित्वों को निष्पादन करने को कहा। मौके पर उपस्थित जिला नजारत उप समाहर्ता को निगरानी करते हुए इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

वहीं, इस दौरान परिसदन में संचालित प्रेक्षक कोषांग, प्रेक्षकों कोषांग के कार्यालय,उपलब्ध संसाधनों का भी जायजा लिया। प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों के लिए कमरों का आवंटन, परिवहन, सुरक्षा आदि की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी सह डीईओ ने कई दिशा निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया और ससमय कार्य पूरा करने को कहा।

बोकारो परिसदन का शुक्रवार को डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) श्रीमती विजया जाधव ने निरिक्षण किया। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला नजारत उप समाहर्ता श्री सदानंद महतो, प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी श्री रवि कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# गर्भवती महिला की मौत पर परिजनों ने चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप

बिभा संवाददाता

बोकारो : नौ माह की गर्भवती महिला की मौत तड़प तड़पकर बोकारो सदर अस्पताल में इसलिए हो गई क्योंकि चिकित्सकों ने उसके गर्भ में मृत बच्चे को सही समय पर नहीं निकाला। सब कुछ जानकारी होने के बाद भी चिकित्सकों ने गर्भस्त शिशु को नहीं निकाला। घटना बुधवार दोपहर करीब 3 बजे की है। मृत महिला के पति गंगा कुमार शाह ने बताया कि 24 अप्रैल की सुबह आठ बजे 9 माह गर्भावस्था पूरा होने के बाद दर्द से कराह रही पत्नी उम्र 24 उर्मिला देवी को अपने आवास सेक्टर 8 से सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सक ने अल्ट्रासाउंड करने के बाद बताया कि बच्चे की मौत गर्भ में ही हो चुकी है। लेकिन चिकित्सक की बात सुनकर संतुष्टि नहीं हुई, दोबारा अल्ट्रासाउंड करवाया। इसमें भी मरने की पुष्टि की गई। तब चिकित्सक से कहा कि पत्नी को बचा लिजीए। लाख गिड़गिड़ाने के बाद भी किसी चिकित्सक ने कोई ध्यान नहीं दिया। हमने यहां तक कहा कि अगर मरीज की स्थिति गंभीर है तो किसी दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाए, पर किसी ने नहीं सुना, करीब पौने तीन बजे मेरी पत्नी ने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। पत्नी की मृत्यू होने बाद भी हमे बताया कि मरीज नॉर्मल है। घटना के बाद अस्पताल में जमकर किया हंगामा गुरूवार को उर्मिला देवी के परिजनों व आसपास के लोगों ने अस्पताल की कुव्यवस्था और चिकित्सक की लापरवाही को लेकर जमकर बवाल काटा। सभी लापरवाह चिकित्सक और नर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। उर्मिला के पति गंगा कुमार साह ने कहा चिकित्सक और चिकित्साकर्मियों पर हत्या का केस दर्ज होना चाहिए। यह अत्यंत ही शर्मनाक और गंभीर मामला है। हालांकि मृत्यू के बाद महिला का शव बीजीएच के मर्चरी में रखा गया है। पति ने कहा पूरे मामले की शिकायत डीसी से की जाएगी।

डॉ अरविंद कुमार, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बोकारो ने बताया की बुधवार को सुबह आठ बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला कि बच्चे का धड़कन नहीं चल रहा है। तुरंत अल्ट्रासाउंड कराया गया। इससे स्पष्ट हो गया कि पेट में बच्चे की मृत्यू हो गई है। नॉर्मल डिलीवरी कराकर बच्चे को निकालने के लिए इंजेक्शन व दवा दी गयी। दोपहर करीब पौने तीन बजे अचानक तबीयत बिगड़ने लगी, लंबी सांस चलने लगी, बीपी शून्य हो गया। हर तरह की दवाएं दी गयी, पर सरवाइव नहीं कर पायी। इसमें चिकित्सक की कोई दोष नहीं है।

### गुरु नानक स्कूल में ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन



बिभा संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 के द्वारा कराई गई। ओरिगामी वह कला है, जिसमें पेपर को कई डिजाइनों में फोल्ड किया जाता है, जिससे एक आकृति बनती है। पेपर फोल्ड कर तरह-तरह की आकृतियां बनाने वाले कलाकार को पेपर फोल्डर कहते हैं। जिसका अर्थ है कि वस्तु की गुणवत्ता या व्यक्ति की क्षमता पर्याप्त रूप से उच्च है। 'ओरिगामी' शब्द जापान में पुराने दस्तावेजों की एक विशिष्ट शैली को भी संदर्भित करता है। विद्यालय के बच्चों ने इस कला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सब ने अपने कलाकृतियों का प्रदर्शन किया।इस कला को कक्षा 6 के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं के अनुसार नए-नए रूपों को नया आकार दिया। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय के बच्चों की प्रशंसा कर उनके हौसला बढ़ाया ।

## संक्षिप्त खबरें

### रेफर पर रेफर की प्रक्रिया से गर्भवती व उसके गर्भ का शिशु की भी चली गयी जान

**खूँटी।** रेफर पर रेफर की प्रक्रिया के फेर में प. सिंहभूम जिले गुदरी थाना क्षेत्र के कोमरोड़ा गाँव की गर्भवती तिपली तोपनो का जच्चा बच्चा दोनों की जान चली गयी। मामला वृहस्पतिवार का है। जो एम्बुलेंस के द्वारा अपने गाँव गुदड़ी के कोमरोड़ा से रनिया अस्पताल पहुँची थी। जहाँ से चिकित्सकों द्वारा दिन में ही गर्भवती तिपली तोपनो को रेफरल अस्पताल तोरपा भेजा गया। जानकारी के अनुसार, वहीं पीड़िता व उसके साथ आये लोग रेफरल अस्पताल तोरपा तीन बजे पहुँची पीड़िता का रेफरल अस्पताल में उसका वहाँ प्रशव नहीं होने से रात को आठ बजे के लगभग रेफरल अस्पताल के चिकित्सक डॉ चयन सिंन्हा द्वारा मरीज को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं अस्पताल स्टाफ द्वारा एम्बुलेंस मंगाया गया था, खूँटी अस्पताल पहुँची तो चिकित्सक द्वारा मरीज की मौत करार दिया गया। वहीं देर हो जाने से गर्भ में पल रहा शिशु भी नहीं बचा। तभी सदर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा शव को पुनः तोरपा भेज दिया गया। जिसे शुक्रवार सुबह रेफरल अस्पताल तोरपा के द्वारा उनके गाँव भिजवा दिया गया।

### मूलवासी सदान मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद का किया गया स्वागत



**खूँटी ।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद का शुक्रवार को मूलवासी सदान मोर्चा खूँटी जिला ने नेताजी चौक के पास जिलाध्यक्ष शिवनारायण गौंझु, संरक्षक किशोर गौंझू, युवा प्रदेश अध्यक्ष सयुम अंसारी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। राजेन्द्र प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि चुनाव में ज्यादे से ज्यादे लोगों को मतदान कराने अपील की। उन्होंने कहा कि देश के विकास के नाम मतदान करना राष्ट्र धर्म है। उन्होंने यह भी कहा सदान अपने अधिकारों को ध्यान में रखकर कर वोट करें। कहा जिससे सरकार और राजनीतिक दलों के उपर मूलवासी सदानों के अधिकारों को लेकर दबाव बनाया जा सके और प्रत्याशी को एहसास हो की वे मूलवासी सदानों के वोट से चुनाव जीत कर आए हैं। स्वागत करने वालों में शिव कुमार कर अजीत, श्रवण कुमार, घनश्याम महतो, संतोष गुप्ता संतोष गुप्ता, सुबोध महतो, अमित गौंझू आदि शामिल थे। यह जानकारी सयुम अंसारी ने दी।

### सामान्य प्रेक्षक द्वारा तोरपा प्रखंड के बूथों का निरीक्षण



**खूँटी ।** लोक सभा चुनाव 2024 के कार्यों के सफल संचालन को लेकर सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी (भा०प्र० से) द्वारा तोरपा प्रखंड का भ्रमण किया गया एवं बूथों का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की सूक्ष्मता से जानकारी ली। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि सभी बुथों पर बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। बूथ नम्बर 47 श्री हरि+2 उच्च विद्यालय, बूथ नम्बर 44 आर सी - बालक प्राथमिक विद्यालय तोरपा, बूथ नम्बर 108 राज्य संपोषित उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया गया। साथ ही ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त आज पुलिस प्रेक्षक, डॉ मनोज कुमार( आईपीएस), जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त व अन्य अधिकारियों द्वारा आगामी चुनाव कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही बिरसा कॉलेज परिसर के ब्रजगृह एवं मतगणना क्रेंद्र का निरीक्षण किया गया। समीक्षा के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था एवं अन्य चुनाव कार्यों को लेकर दिशा- निर्देश दिये गये।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने किया तमाड़ विधानसभा क्षेत्र एक ही दिन में दर्जनों गाँव के घर-घर दौरा



**खूँटी ।** संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा शुक्रवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के रड़गांव, बोरडीह, डुगूरूडीह, कुदला, सिंदरी आदि दर्जनों गाँवों में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क एक ही दिन में कर डाला। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सेवादल जिला उपाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी विजय कुमार स्वांसी ने बताया कि कालीचरण मुण्डा ने एक ही दिन में दर्जनों गाँवों के घर-घर जाकर लोगों से महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील किये। वहीं ग्रामीणों ने प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का गाँवों में भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि खूँटी लोकसभा क्षेत्र में विकास का पहिया थम गया है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। कांग्रेस की जीत होते ही तेज रफ़्तार से होगा विकास, यह मेरी गारंटी। मौके पर तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ, रडगांव मुखिया दुर्गा उरांव, पुसू रविदास, कुदरत अंसारी, शमशाद आलम, लालू प्रसाद महतो, मसीर

# खूंटी लोकसभा से नौ उम्मीदवारों के नामांकन प्रपत्र रद्द , 07 उम्मीदवार योग्य

बिभा संवाददाता



**खूँटी ।** लोकसभा निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों का नामांकन समाप्त होने के बाद सभी उम्मीदवारों के प्रपत्रों का परिक्षण किया गया। इस बार खूँटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल सत्रह लोगों ने नामांकन पत्र भरा है। जिसमें उपायुक्त सह निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा की अगुवाई में सभी उम्मीदवारों के प्रपत्रों का जाँच किया गया। जिसमें सात 09 लोगों का प्रपत्र गलत अथवा अस्पष्ट पाया गया। इन सभी मतदाताओं का उम्मीदवारी रद्द कर दिया गया। उपायुक्त सह निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा ने बताया कि इस बार कुल 16 लोगों ने लोकसभा आम निर्वाचन के लिए अपना नामांकन प्रपत्र भरा था। जिसमें तीन राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवार खड़े हैं। वहीं क्षेत्रीय व निर्दलीय 07 उम्मीदवारों का प्रपत्र सही पाया गया। जिन्हें चुनाव चिन्ह निर्गत कराया जाएगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के नाम निर्देशन संविक्षा प्रतिवेदन संविक्षा में योग्य पाए गये अभ्यर्थियों में कुल सोलह लोगों ने नामांकन प्रपत्र भरा था। जिसमें अब 07 लोग चुनावी मैदान में हैं। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन मुण्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस काली चरण मुण्डा, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार साबित्री देवी, भारत आदिवासी पार्टी बबीता कच्छप, झारखण्ड पार्टी के उम्मीदवार अर्पणा हंस , निर्दलीय उम्मीदवार बंसत कुमार लोंगा, और निर्दलीय उम्मीदवार पास्टर संजय कुमार तिर्की हैं। जबकि संविक्षा में नौ लो अयोग्य पाए गये । जिन अयोग्य अभ्यर्थियों में अबुआ झारखण्ड पार्टी के उम्मीदवार सोमा मुण्डा, भागीदारी पार्टी (पी) के उम्मीदवार जयपाल मुण्डा, आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार समड़ोम गुड़िया, आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार सामुएल पुर्ति, पीपल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) के उम्मीदवार थॉमस डांग, झारखण्ड पार्टी के उम्मीदवार प्यारा मुण्डू, लोकहित अधिकार पार्टी के उम्मीदवार काशी नाथ सांगा, निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध पुर्ती, निर्दलीय उम्मीदवार अहलाद केर-केट्टा के नामांकन प्रपत्र रद्द हो गये ?। जिसमें किसी के प्रपत्र भरने में तो किसी गवाही तो किसी में और कुछ कमियाँ पायी गयी।

# गैर भाजपाई सांसदों में खूँटी से हमेशा बनें क्रिश्च्यन सांसद

बिभा संवाददाता



**खूँटी ।** झारखण्ड पार्टी के एनोस एक्का ने दावा किया है कि लोक सभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से जहाँ दयामनी बारला टिकट की दावेदारी की थी और उन्हें कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं बनाये जाने पर कई तरह की? बातें सामने आने लगी है। जिसमें कांग्रेस से दयामनी बारला के लिए लोकसभा उम्मीदवार के टिकट रिक्रूटमेंट भी किये जाने की चर्चा भी रही है। जिसको झारखण्ड पार्टी ने मुद्दा बनाया है। जिसे लेकर झारखंड पार्टी ने ऑल चर्चेज की खूँटी की सचिव रही अपर्णा हंस को उम्मीदवार बनाया है। झारखण्ड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऑल चर्चेज की मांग को ठुकरा कर क्रिश्च्यन धर्मगुरु की बातों को ठुकराया है और उन्हें निरादर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ऑल चर्चेज की मांग थी एक बार क्रिश्चियन कंडिडेट दें। क्योंकि खूँटी लोकसभा सीट से गैर भाजपा पार्टी हमेशा क्रिश्च्यन कैंडिडेट ही जीतते आया है। चाहे वो मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हो या साईमन तिग्गा, एन ई होरो, सुशीला केरकेट्टा आदि सभी क्रिश्च्यन कैंडिडेट ही जीत हासिल किये हैं। वहीं धर्मगुरुओं की बातों की अवहेलना किये जाने के कारण चुनाव में झारखण्ड पार्टी क्रिश्च्यन कैंडिडेट को खड़ा किया है। जो बीते काल में अन्य सभी पूर्व सांसद कु मनसा सोंच और कार्य को आत्मसात करते हुए सभी धर्मों का सम्मान करते हुए कार्य करेगी। इससे मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा सहित पूर्व के सभी क्रिश्च्यन सांसद के अनुरुप उनके अधूरे सपनों को साकार करने के लिए कार्य करेगी। जिनका विचार था खूँटी लोकसभा क्षेत्र का विकास और जनता को सुख सुविधा। जो झारखंड पार्टी ही दे सकती है। क्योंकि यह पार्टी स्थानीय सोंच वाली पार्टी है। वहीं झारखण्ड पार्टी की उम्मीदवार अर्पणा हंस ने गाँव गाँव में अपनी माटी अपना हक के नाम मतदान करने के लिए झारखंड पार्टी के नाम मतदान करने की अपील कर रही है।

## ईवीएम कमीशनिंग संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम




बिभा संवाददाता

**खूँटी ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में ईवीएम कमीशनिंग संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए व अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने मतदान के पूर्व ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व वीवीपीएट की कमीशनिंग कैसे की जाती है, इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व डिस्पले यूनिट (वीवीपैट) की सिलिंग प्रक्रिया को भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारी ने ईवीएम कमीशनिंग के सभी बिन्दुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों ने अभ्यास भी किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सेक्टर ऑफिसर भी की होती है। हर प्रक्रिया की जानकारी सेक्टर ऑफिसर रखें, सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें, किसी भी प्रकार की कठिनाई चुनाव के समय न हो। सभी सेक्टर ऑफिसर निरंतर संपर्क में रहें। प्रशिक्षण की प्रक्रिया पर बल देते हुए बताया गया कि जितनी गहनता से सेक्टर ऑफिसर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, अपने दायित्वों का ग्राउंड में उतनी सुगमता से निर्वह्व कर सकेंगे। उन्होने कहा कि ईवीएम कमीशनिंग संबंधी कोई भी शंका हो तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें। साथ ही जारी गाइडलाइन के अनुरुप सभी कार्यों का उचित संचालन सुनिश्चित करें।

### पाँच दिन से लापता विनोद का शव जंगल में झूलता हुआ मिला

**तोरपा ।** विगत पाँच दिन से लापता एक युवक का शव तोरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत खूँटी सिमडेगा मुख्य पथ पर कुल्डा जंगल में करंज पेड़ पर सुक्रवार को झूलता हुआ मिला। शव की पहचान पहचान तोरपा थाना क्षेत्र के गिडुम निवासी लगभग 30 वर्षीय बिनोद गोप के रूप में हुआ। जो जंगल के बीच गमछा के फंदे पर झूलता हुआ पाया गया। जिसे देखकर ग्रामीणों के द्वारा मामले की जानकारी स्थानीय मुखिया को दी गई। मृतक विनोद का परिजनों के मुताबिक पिछले पाँच दिनों से विनोद लापता था। घटना की जानकारी पर परिजन घटनास्थल पहुँचे और शव की पहचान की। वहीं तोरपा पुलिस मृतक के परिजनों से बातचीत कर विषय विंदु की जानकारी ली। मौत की घटना कैसे घटी यह संदेहास्पद बताया जा रहा है। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पुलिस अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। साथ ही, मामले का छानबीन शुरू कर दिया है।

### अल्टो कार में डोडा लादकर ले जा रहा युवक गिरफ्तार





बिभा संवाददाता

**खूँटी ।** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर सेलदा सरवदा सड़क पर छापामारी के क्रम में जिले के मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत सेलदा गाँव के समीप एक चार पहिया वाहन अल्टो पंजीयन सं0-JHO1AD-6848 में लदा डोडा पकड़ा है। घटना की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति देते हुए बताया कि वाहनों को जाँच निरीक्षण के क्रम में एक कार रोककर चेक किया गया, जिसमें पाँच प्लास्टिक के बोरे में अवैध डोडा को लोड कर व्यापार करने के उद्देश्य से छुपाकर लाया जा रहा था, जिसका कुल वजन 64 कि०ग्रा० है। साथ ही सोनु मुण्डा उर्फ सुखराम पे० स्व० सामु मुण्डा सा०- सेलदा, थाना- मुरहू, जिला- खूँटी को गिरफ्तार किया गया। जिसे वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए उनके निदेर्शानुसार विधिवत जप्ती कर थाना लाया गया। जिसके आधार पर मुरहू थाना कांड सं0-35/24 पर धारा- 15(c)/22/25 NDPS Act. 1985 दर्ज किया गया।और अवैध डोडा कुल 64 कि०ग्रा० तथा अल्टो पंजीयन सं0-JHO1AD-6848 को जब्त किया गया। साथ ही गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उक्त छापामारी दल में मुरहू थाना प्रभारी पु०अ०नि० नायल गोडवीन केर-केट्टा व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

एआईआरएफ के शताब्दी अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए

## यूनियन के चुनाव के लिए सदस्य तैयारी करें: एसएनपी श्रीवास्तव






बिभा संवाददाता

**धनबाद :** ताल कटोरा इन्डोर स्टेडियम,नई दिल्ली में रेलकर्मियों के सबसे बडे,सबसे पुराने और सबसे जुझारू संगठन, ऑल इण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के ऐतिहासिक शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र का आयोजन गुरूवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें पूरे भारतीय रेल के कोने-कोने से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों एवं 3000 से अधिक अन्य संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकताओं ने भाग लिया। ईसीआरकेयू की ओर से महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव सहित 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एआईआरएफ के सभी पदाधिकारी एवं जोनल सचिवों के साथ-साथ आई टी एफ इन्लेण्ड ट्रान्सपोर्ट रेलवे सेक्शन की स्ट्रेटिजिक प्लानर एवं एआईआरएफ महिला विंग की चेयरपर्सन श्रीमती जया अग्रवाल, संयोजक श्रीमती प्रवीणा सिंह, एवं एच एम एस एशिया-पैशिफिक विंग की अगुआ सुश्री चंपा वर्मा मंच पर उपस्थित रहें। इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ह्यशताब्दी अधिवेशनह्य में रेल कर्मचारियों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गम्भीर विस्तृत चर्चा हुई, ऑल इंण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन की पहल पर ह्यह्यनेशनल पेशन सिस्टमह्यह्य (एनपीएस) की खामियों के मद्देनजर गठित पुरानी पेशन स्कीम बहाली का संकल्प संयुक्त मंच (जेएफआरओपीएस) द्वारा लिया गया है ।इस अधिवेशन में इस तथ्य पर गम्भीर मंत्रणा के पश्चात सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि यदि नौजवान रेलकर्मियों एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित एवं गारेन्टेड पेशन में प्रदत लाभ एवं सुविधाए बहाल नहीं की जाती हैं तो देशव्यापी आम हड़ताल को टाला नहीं जा सकेगा। शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र में रेलकर्मियों के 40 प्रमुख मांग पत्र सहित कुल 9 प्रस्तावों को भी विस्तृत विचार विमर्श के बाद पारित करने का कार्य हुआ। सम्मेलन के केन्द्रीय मंच से रखे गए प्रस्तावों पर अपनी बात रखते हुए ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव ने कहा कि यूनियन के सभी सक्रिय सदस्यों, युवा समिति एवं महिला समिति के सदस्यों को अगस्त में होने वाले यूनियन की मान्यता प्राप्त करने के लिए होने वाले चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए ।

उक्त जानकारी देते हुए अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि आने वाले दिनों में होने वाले यूनियन के चुनाव में पूर्व मध्य रेलवे में ईसीआरकेयू को तीसरी बार एकमात्र यूनियन के रूप में स्थापित कराना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। इसके लिए हमें रेलकर्मियों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह से समर्पित हो जाना है।

यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि इस वार्षिक सम्मेलन में ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव को एआईआरएफ का उपाध्यक्ष,अध्यक्ष डी के पाण्डेय एवं अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन को वर्किंग कमिटी मेम्बर तथा ओ पी शर्मा को जोनल सेक्रेटरी के लिए मनोनीत किया गया। धनबाद मंडल से सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता एवं नेताजी सुभाष,आई एम सिंह,बी के साव,ए के तिवारी,अमित शेखर सिंह,आर के सिंह,विकास कुमार,सुदर्शन,पी के सिन्हा,रूपेश कुमार,आर एन चौधरी,स्वेता कुमारी, दीपा कुमारी आदि सम्मिलित हुए।

# बलियापुर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर 30 हजार घूस लेते गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के बलियापुर प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार दोपहर बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की। एसीबी की टीम ने 15वीं बित्त ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जयंत कुमार डे को तीस हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा। यह टीम लगभग डेढ़ से 2 घंटे तक बलियापुर प्रखंड कार्यालय में टीम कागजातों को खंगालती रही।

वहीं टीम के पहुंचने की सूचना से बलियापुर प्रखंड कार्यालय में अफरातफरी मच गई। टीम बलियापुर से गिरफ्तार कर कोऑर्डिनेटर को धनबाद ले आई है। ठेकेदार का यह काम फाइबर ब्लॉक से जुड़ा हुआ बताया जाता है। काम करने के बाद ठेकेदार बिल पास कराने के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। उससे तीस हजार घूस की मांग की गई थी। परेशान ठेकेदार ने इसकी सूचना निगरानी ब्यूरो को दी। एसीबी ने शिकायत की जांच के बाद आज घात लगाकर छापेमारी की। कोऑर्डिनेटर ने जैसे ही हाथ में रुपया पकड़ा, वैसे ही वहाँ सादे लिबास में खड़ी टीम ने उसे दबोच लिया।

# जाति के इर्द-गिर्द घूमती भारतीय राजनीति

अरुण कुमार दीक्षित

> आधुनिक भारत के निमाताओं के सपने साकार करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा। इस गंभीर समस्या पर विचार करना होगा। हमारे सभी कार्य के पीछे विचार मूल स्रोत होता है। अच्छे विचार के बीज ही महान कार्यों को संपन्न करते हैं। सुंदर विचारों को हम उनकी स्वाभाविक गति में चलने दें तो परिवर्तन निश्चित ही आता है। विचारों की शक्ति अपार होती है। विचारों की चेतना के साथ हम सब आगे आएं। समतामूलक समाज की स्थापना के लिये अगुवाई करें।

भारतीय राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाए। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गए।

आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है । सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं । वह जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे। जाति नहीं देखेंगे। चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन- चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नही समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है।

समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहाँ वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल माँगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है। सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है।

देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाए जा जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। टीवी पर भारी बहसें होती हैं।



जाति के इस व्यक्ति या उस व्यक्ति के टिकट मिलने या मिलने पर, ऐसे में जाति विहीन राजनीति की बातें बेमानी है।

समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों में जातियों को लेकर गला काट प्रतिस्पर्धा है। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है। टीवी चैनल भी दलों के पक्ष में जाति आधारित वक्तव्य झगड़े की स्थिति तक दोहराते नहीं थकते हैं लेकिन मूल प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या भारत में अति सक्रिय जातिवादी ही सबसे बड़े लोकतंत्र के ठेकेदार हैं? तब उनका क्या होगा जो जातिवादी नहीं हैं।

डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो अभियान चलाया था। डॉक्टर लोहिया मानते थे कि जाति प्रथा के ऊपर सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक हमला होना चाहिए, जिससे एक दृढ़ समाज बने । दृढ़ और मजबूत समाज के लिए जनता की उदासीनता देश के प्रति खत्म होनी चाहिए।

महात्मा गांधी के बाद देश में जाति तोड़ो अभियान की अगुवाई डॉ. लोहिया ही कर रहे थे। डॉ. लोहिया के विचार खासकर आज के राजनीतिक वातावरण में विशेषतः प्रासंगिक हैं । लोहिया ने कहा कि राजनीति बुराई से लड़ती है इसलिए लड़ो। गांधी ने अपनी पुस्तक सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा के अध्याय 12 के पेज नंबर 35पर लिखा कि मेरे विलायत जाने की बात पर जाति में खलबली मच गई। कहा कि अभी तक कोई मोढ़ बनिया विलायत नहीं गया। जातीय सभा बुलाई गई। मुझे जाति सभा में बुलाया गया। कहा गया कि जाति का ख्याल है कि विलायत (विदेश) जाना ठीक नहीं। हमारे धर्म में समुद्र पार करने की मनाही है। गांधी ने कहा कि मैंने माताजी और भाई से अनुमति प्राप्त की है। सरपंच ने कहा तू जाति का हुक्म नहीं मानेगा। गांधी ने कहा जाति को दखल नहीं देनी चाहिए। सरपंच गुस्सा गए। सरपंच ने आदेश दिया कि यह लड़का ह्यगांधीह्ल आज से जाति च्युत माना जाएगा। महात्मा गांधी पर जाति के निर्णय थोपने के प्रयास हुए । गांधी को भी जाति के खाँचे में रखने के प्रयास हुए। बाद में वे विदेश जा पाए। डॉ आंबेडकर का विचार था कि जाति प्रथा से लड़ने के लिए चारों तरफ से प्रहार करना होगा। यह ईंट की दीवार जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है। यह एक विचार है। अंबेडकर ने सवाल उठाया कि हमारे देश को बार-बार आजादी क्यों खोनी पड़ी। क्यों हम इतनी बार विदेशियों के अधीन हुए। कारण यह था कि हमारा सारा देश हमले के खिलाफ खड़ा नहीं हो सका। हमेशा एक छोटे से वर्ग ने मुकाबला किया और यह पराजित हो गया तो सारा देश विजेता के कदमों पर झुक गया। यह मुख्यतः हिंदुओं की जाति प्रथा के कारण हुआ है। बाबा साहब अंबेडकर एक चिंतन (मधु लिमये) की पुस्तक पृष्ठ संख्या 31 । स्वामी दयानंद ने जाति प्रथा की विकृति छुआछूत या अस्पृश्यता की प्रथा पर तीखा प्रहार किया। कहा कि यह प्रथा अनुचित और अमानवीय है, बल्कि यह वैदिक धर्म के विरुद्ध भी है। स्वामी दयानंद ने जिस राज्य व्यवस्था का समर्थन किया है, वह धर्म तंत्र नहीं है। वह कल्याणकारी राज्य है। इसमें धर्म और नैतिकता की रक्षा के साथ सार्वजनिक शिक्षा के प्रबंध आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि न्याय सत्य पर आधारित राजनीति के प्रति गहरा लगाव मूल्यवान है। लोकमान्य तिलक ने अस्पृश्यता की अमानवीय प्रथा का विरोध किया। जात-पांत पर आधारित भेदभाव की निंदा की। वे भारत में सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप सच्चा समाज सुधार लाना चाहते थे। भारतीय समाज में परिवर्तन चाहते थे।

जिस समय भारत के यह सभी महापुरुष जाति उन्मूलन के लिए लगातार आंदोलनरत थे उस समय आधुनिक भारत उदय हो रहा था। गांधी, अंबेडकर, लोहिया, अरविंद घोष, लाला लाजपत राय, सुभाषचन्द्र बोस ने यह न सोचा होगा कि हमारा भारत अगले कुछ दशकों में राजनीति का संचालन जाति को प्राथमिकता देकर करेगा। आज जाति, धर्म, पंथ सर्वोच्च विषय लेकर लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। यह आहत करने वाली बात है। राजनीतिक दल, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, प्रबुद्ध जन जब तक चुनाव में जाति विहीनता के लिए अभियान नहीं चलाएंगे तब तक जातीय संगठन, जातीय पंचायतें, जातिवादी राजनीतिज्ञ जाति के नाम पर सत्ता की मलाई खाते रहेंगे। उपेक्षित होंगी प्रतिभाएं। चाहे वह राजनीतिक क्षेत्र की हों या किसान, मजदूर, नौजवान महिलाएं हों।

आधुनिक भारत के निमाताओं के सपने साकार करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा। इस गंभीर समस्या पर विचार करना होगा। हमारे सभी कार्य के पीछे विचार मूल स्रोत होता है। अच्छे विचार के बीज ही महान कार्यों को संपन्न करते हैं। सुंदर विचारों को हम उनकी स्वाभाविक गति में चलने दें तो परिवर्तन निश्चित ही आता है। विचारों की शक्ति अपार होती है। विचारों की चेतना के साथ हम सब आगे आएं। समतामूलक समाज की स्थापना के लिये अगुवाई करें।

## संपादकीय

# फ्रंट पर पित्रोदा

अमेरिका में बैठे कांग्रेस हितैषी सैम पित्रोदा (सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा) ने सुदूर भारत की उनींदे से चुनाव प्रचार में करंट पैदा कर दिया है। उन्होंने अमेरिकी विरासत-कर प्रणाली की सराहना करते हुए भारत में इसकी संभावना पर विचार करने को कहा है। इस एक मशविरा ने भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को कांग्रेस पर हमले के लिए दोनों हाथों में मुद्दा दे दिया है-एक ब्रह्मास्त्र थमा दिया है। वे इसे पुरखों की गाढ़ी कमाई से खड़ी की गई संपत्ति-परिसंपत्ति पर ह्यपंजाह्ल मारने की लुटेरी नीयत मान रहे हैं। उसका ह्यलूट प्लान जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भीह्ल जारी रहने वाला है यानी माता-पिता के जीवित रहते कर लेंगे और उनके बाद वारिसों से भी। वे खुल्लमखुल्ला इशारा कर रहे हैं कि कांग्रेस उनकी संपत्ति छीन कर किसी को (मुसलमानों को?) दे देगी। धन-संपदा मनुष्य की एक स्थायी नैसर्गिक कामना है। इसे हथियाने की बात होगी तो लोग-बाग कांग्रेस से बिदकेंगे ही। पित्रोदा के सहसा सीन में आने के दो दिन पहले तक मोदी कांग्रेस के मैनिफेस्टो में संपत्ति के सर्वेक्षण पर समझा रहे थे कि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपकी संपत्ति छीन कर ह्यज्यादा बच्चे पैदा करने वालेह्ल और ह्यघुसपैठिएह्ल को दे देगी-महिलाओं से उनके मंगलसूत्र तक छीन लेगी। जबकि कांग्रेस का एजेंडा एक दशक में बढ़ी आय-असमानता की वजहों की जांच का है। पर मैनिफेस्टो से मोदी के जबरदस्ती निकाले जिन ने लोगों को डराना शुरू कर दिया। तब भी मोदी इन हथियारों की मारकता शेष चुनाव तक बने रहने पर आस्त नहीं थे। वे कांग्रेस और उसके गठबंधन के दुष्प्रचार के आगे डिफेंसिव थे। जो कह रहे थे कि ह्यमोदी अबकी सत्ता में आए तो न आगे चुनाव होगा, न संविधान बचेगा और न आरक्षण रहेगाह्ल लेकिन पित्रोदा की गलत टाइमिंग ने मोदी का समय सही कर दिया। वे फ्रंट पर हैं और विपक्ष बैकफुट पर। हालांकि कांग्रेस ने सैम की राय को निजी बता कर पल्ला झाड़ लिया है। पर नुकसान की भरपाई मुश्किल है। अमेरिका में कुल विरासती संपत्ति के मूल्य का 55 फीसद हिस्सा सरकार ले लेती है। शेष 45 फीसद पर ही भावी पीढ़ी का हक होता है। यह विश्व के दर्जनों देश में लागू है। भारत में राजीव गांधी सरकार ने वित्तमंत्री वीपी सिंह के सुझाव पर इसे अनुत्पादक मानते हुए निरस्त कर दिया था। पर इस गए विचार ने भारतीय चुनाव में एक नया हलचल पैदा कर दिया है।

## चिंतन-मनन


# संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे।

उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं।

कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

# आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला, याचिकायें खारिज, मतदाताओं में मायूसी



सनत जैन

वीवीपेट, ईवीएम मशीन और मतदाता पर्ची की गिनती करने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जो दो याचिकाएं लगाई गईं थीं, उनमें मांग की गई थी, कि वीवीपेट से निकलने वाली सभी पर्चियों की गिनती कराई जाए। जो पर्ची मशीन से निकलती है, उसे मतदाता के हाथ में दी जाए। मतदाता स्वयं पर्ची को बैलट बॉक्स में डाले। यदि यह संभव न हो, तो वीवी पेट में जो काला कांच लगा है, जो लाइट 7 सेकंड के लिए जलती है। उस वीवीपेट मशीन का ग्लास बदल दिया जाए। ताकि मतदाता ने जिसे वोट दिया है, उसे देख पाए। मतदाता के सामने ही पर्ची कटकर वैलिड बॉक्स में गिरी है, या नहीं, यह मतदाता सुनिश्चित कर सकें। तीन बार सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जिस तरह के संकेत मिल रहे थे। उससे लग रहा था, इस मामले में याचिका कताओं को कोई राहत मिलने वाली नहीं है। इसके पहले भी चुनाव आयोग से संबंधित याचिकाओं को यही बेंच खारिज कर चुकी थी। यह याचिका लंबे समय से सुनवाई के लिए लंबित थी। चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद, इसमें सुनवाई शुरू हुई। याचिकाकर्ता 100 फीसदी मतदाता पर्चियों की गिनती की मांग कर रहे थे। इस मांग को सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। सभी याचिकाओं को निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 45 दिन तक कंट्रोल मशीन को सील कर सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। वहीं 7 दिन के अंदर दूसरे या तीसरे नंबर का उम्मीदवार अपने खर्चे पर कंट्रोल यूनिट की जांच की मांग कर सकता है। इसकी मांग करने वाले उम्मीदवार को उसका खर्च देना पड़ेगा। यदि कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई, तो उम्मीदवार के द्वारा जमा की गई राशि वापस नहीं की जाएगी। गड़-बड़ी पाए जाने पर उम्मीदवार को राशि वापस कर दी जाएगी।

पिछले कई महीनों से ईवीएम, वीवीपेट मशीन तथा कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली को लेकर आंदोलन किये जा रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के कई अधिवक्ताओं ने भी धरना-प्रदर्शन करके वीवीपेट से निकलने वाली सभी पर्चियां की गिनती कराने की मांग की थी। सारे देश में मतदाताओं द्वारा 100 फीसदी मतदाता पर्ची गिनने की मांग की जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से लोगों में निराशा है। चुनाव आयोग के आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बदलते हुए, सरकार ने जो कानून बनाया है, उसमें सरकार द्वारा जिन दो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति अधिसूचना जारी होने के 1 दिन पहले की गई है। उस नियुक्ति को लेकर भी लोगों में चुनाव आयोग के प्रति विश्वास कम हुआ है। लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के दौरान चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर भी सारे लोग हैरान हैं। विपक्ष द्वारा की गई शिकायतों पर चुनाव आयोग मौन साध कर बैठ जाता है। सत्ता पक्ष की शिकायत पर विपक्ष पर तुरंत कार्रवाई कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सरकार और चुनाव आयोग को राहत देने वाला फैसला माना जा रहा है। आम मतदाताओं की मांग और आशंकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने विचार नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से निष्पक्ष चुनाव होगा। इस पर मतदाताओं का संदेह कम होने की बजाय और बढ़ जाएगा। मतदाताओं में पहले ही निराशा थी। इस फैसले के बाद यह निराशा और भी बढ़ेगी। सत्ता पक्ष द्वारा जब यह दावा किया जाता है, इस बार 400 पार, यह दावा ईवीएम मशीन और वीवीपीएटी की कार्य प्रणाली को लेकर किया जा रहा है? यह बात मतदाता के मन में बैठ चुकी है। चुनाव आयोग जिस तरह से गांधी जी के तीन बंदर बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, और बुरा मत बोलो, की तर्ज पर सरकार के समर्थन में बैठा हुआ है। इसको देखते हुए लोगों को चुनाव पर कितना विश्वास रहेगा, कहा नहीं जा सकता है। वीवीपेट से निकली हुई पर्ची की 100 फीसदी गिनती और वीवी पेट से सही पर्ची प्रिंट हुई है। यह जानने का अधिकार मतदाता का है। सुप्रीम कोर्ट से यह आशा की जा रही थी, कम से कम आमजनता के इस अधिकार को बनाए रखने में, सुप्रीम कोर्ट का फैसला मतदाताओं के पक्ष में आएगा। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से मतदाताओं को निराशा ही मिली है। लोकतंत्र की रीड की हड्डी चुनाव पर यदि मतदाताओं को भरोसा नहीं रहेगा, तो भारतीय लोकतंत्र और संविधान भी सुरक्षित नहीं रहेगा यह लोगों का मानना है।

# भारत में धार्मिक पर्यटन छू रहा नित नई ऊचाईयां



प्रहलाद सबनानी

हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं।

जेफरीज नामक एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज कम्पनी ने बताया है कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने जा रही है। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। अभी अयोध्या में केवल 17 बड़े होटल हैं इनमें कुल मिलाकर 590 कमरे उपलब्ध हैं। लेकिन, अब 73 नए होटलों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 40 होटलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है। अभी तक नए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, टाउनशिप और रोड कनेक्टिविटी में सुधार जैसे कामों पर 85,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस निवेश का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर दिखाई देने जा रहा है। शीघ्र ही अयोध्या वैश्विक स्तर पर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। इससे होटल, एयरलाईन, हॉस्पिटलिटी, ट्रैवल, सिमेंट जैसे क्षेत्रों को बहुत बड़ा फायदा होने जा रहा है। भारत के विभिन्न शहरों से 1000 के आसपास नई रेल अयोध्या के लिए चलाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे देश से दिनांक 23 जनवरी 2024 के बाद से प्रतिदिन भारी संख्या में धार्मिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह हर्ष का विषय है कि पहिले दिन ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के दर्शन किये हैं।

विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटेकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ तक प्रतिवर्ष जा सकती है। फिर अकेले अयोध्या नगर को होने वाली आय का अनुमान तो सहज रूप से लगाया जा सकता है। अभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अयोध्या में रूकते नहीं थे प्रातः अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर शाम तक वापिस चले जाते थे परंतु अब अयोध्या को इतना आकर्षक रूप से विकसित किया गया है कि श्रद्धालु 3 से 4 दिन रुकने का प्रयास करेंगे। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा।

केंद्र सरकार द्वारा भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार किए जा रहे प्रयासों का परिणाम भी अब दिखाई देने लगा है। 'मेक माई ट्रिप इंडिया ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट' के अनुसार, भारत के नागरिक अब पहले के मुकाबले अधिक यात्रा कर रहे हैं। भारत के नागरिकों द्वारा विशेष रूप से अयोध्या, उज्जैन एवं बदरीनाथ जैसे आध्यात्मिक स्थलों के बारे में अधिक जानकारी हासिल की जा रही है। उक्त जानकारी 'मेक माई ट्रिप' के प्लेटफार्म के 10 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकताओं से प्राप्त जानकारी के आधार पर सामने आई है। वर्ष 2019 के बाद से भारत में एक वर्ष में तीन से अधिक यात्राएं करने वाले लोगों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। उक्त रिपोर्ट के अनुसार, आध्यात्मिक पर्यटन सम्बंधी जानकारी हासिल करने की गतिविधियों में वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2023 में 97 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। विशेष रूप से अयोध्या के सम्बंध में जानकारी हासिल करने सम्बंधी गतिविधियों में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में 585 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज हुई है। इसी प्रकार, उज्जैन एवं बदरीनाथ जैसे धार्मिक स्थलों के सम्बंध में भी जानकारी हासिल करने वाले नागरिकों की संख्या में क्रमशः 359 प्रतिशत और 343 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। भारत में अब पारिवारिक यात्रा की बुकिंग भी बहुत तेज गति से बढ़ रही है। इसमें वर्ष 2022 के तुलना में वर्ष 2023 में 64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। जबकि इसी अवधि में एकल यात्रा की बुकिंग में केवल 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

उक्त जानकारी को भारत के नागरिक विमानन मंत्रालय द्वारा जारी एक जानकारी से भी बल मिलता है कि भारत में घरेलू हवाई यातायात अब एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। दिनांक 21 अप्रेल 2024 (रविवार) को रिकार्ड 471,751 यात्रियों ने 6,128 उड़ानों के माध्यम से, भारत में हवाई सफर किया है। इसके पूर्व हवाई यातायात करने वाले नागरिकों की औसत संख्या, कोरोना महामारी के पूर्व के खंडकाल में, 398,579 यात्रियों की थी। इसमें 14 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।

देश में धार्मिक पर्यटन में हो रही भारी वृद्धि के चलते भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में भी तेजी दिखाई देने लगी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेशकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। इसी प्रकार, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इकरा ने 6.5 प्रतिशत, एशिया विकास बैंक एवं बार्कलेस एवं प्राइस वॉटर कूपर्स ने 6.7 प्रतिशत, डेलाइट इंडिया ने 7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था।



# पश्मीना रोशन की डेब्यू फिल्म पोस्टपोन

बालीवुड एक्टर ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की डेब्यू फिल्म पोस्टपोन होने की खबरें है। बताया जा रहा है कि फिल्म को थिएटर में रिलीज करने को डिस्ट्रीब्यूटर्स तैयार नहीं है। इश्क विश्क रिबाउंड इसी साल 24 जून 2024 को रिलीज होनी थी, जिसमें उनके साथ रोहित सराफ नजर आ रहे हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई है क्योंकि मेकर्स को इसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स नहीं मिल रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म को लेकर पेंडेमिक के दौरान अनाउंसमेंट हुई थी और इसे लेकर काफी चर्चा भी हो रही थी। अब मूवी बिजनेस को लेकर जिस तरह के हालात दिख रहे हैं ऐसे में इसे खरीददार मिलने में काफी चैलेंजेज का सामना करना पड़ रहा है। ये फिल्म पूरी तरह से तैयार होने के बावजूद भी इसे रिलीज करने में देरी हो रही है क्योंकि डिस्ट्रीब्यूटर्स इसे थिएटर में रिलीज करने को लेकर बिल्कुल इंटरेस्ट नहीं दिखा रहे हैं। हाल ही में ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद ने इश्क विश्क रिबाउंड की रिलीज डेट अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था और पश्मीना का उत्साह बढ़ाया था। उन्होंने लिखा था- हमारी पशो के चमकने का वक्त लगभग आ ही गया है। इसी के साथ उन्होंने ढेर सारी रेड हार्ट इमोजी और लाफ्टर इमोजी भी शेयर की थी। उन्होंने एक लाइन और लिखी थी- मेरी लिट्स क्यूटलेट, अब और इंतजार नहीं कर सकती। हाल के समय में कई सारी फिल्मों का जो परफॉर्मेंस रहा है उसे देखकर एग्जिबिटर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स सतर्क रहना चाह रहे हैं। मेकर्स इसे ओटीटी पर दर्शकों के लिए परोसने से पहले सिनेमाघरों में लिमिटेड रिलीज का ऑप्शन चुन सकते हैं। हालांकि, इसी बातचीत में प्रड्यूसर रमेश तुरानी ने कहा- नहीं, बात ऐसी नहीं है, हमने पहले 28 जून की तारीख अनाउंस की थी लेकिन डीले दो गाने की वजह से हुई जिसकी शूटिंग पेंडिंग थी। हमारी पशो के चमकने का वक्त लगभग आ ही गया है



# कपिल की लीडरशिप कमाल की है : कीकू शारदा

मशहूर कामेडियन कपिल शर्मा के साथ मिलकर कीकू शारदा ने लगातार जनता को कॉमेडी का सॉलिड डोज देना जारी रखा है। अब जब कपिल का शो नेटफ्लिक्स के जरिए 190 से ज्यादा देशों में जा रहा है, तब भी कीकू उनके साथ हैं और अब अलग-अलग किरदारों के साथ शो पर शेफ धनिया लाल का किरदार निभाते दिखते हैं। अब कीकू ने शो और कपिल शर्मा को लेकर बात की है।

उन्होंने कहा कि कपिल की लीडरशिप कमाल की है। वो मौका आने पर अपने टीम मेंबर्स को चमकने देते हैं और खुद पिछली सीट पर बैठ जाते हैं। एक बातचीत में कीकू से पूछा गया कि जब टीम के मेंबर्स एक दूसरे पंच मारते हैं तो कहीं पर किसी का ईगो कभी बीच में नहीं आता? तो कीकू ने कहा कि कपिल हमेशा उनके आईडिया से कंफर्टेबल रहे हैं। उन्होंने बताया, स्क्रीन पर भी जब आप मुझे कपिल पर कोई करारा जोक मारते देखते हैं तो कपिल उससे बहुत कम्फर्टेबल होते हैं। हमारा रेपो बहुत कम्फर्टेबल है। वो मुझे जानते हैं, हम कई सालों से साथ काम कर रहे हैं। मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। कीकू ने बताया कि बहुत लोग उन्हें आकर कहते हैं कि वो अपना शो शुरू कर दें, मगर उन्हें नहीं पता कि एक शो चलाने में कितना काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वो 10-15 मिनट के एक्ट के लिए कैरेक्टर्स और ह्यूमर पर बहुत मेहनत करते हैं। लेकिन कपिल को जो काम करना पड़ता है वो बहुत ज्यादा भारी है।

उन्होंने कहा, कपिल को एक पूरा एपिसोड करना पड़ता है जो एक-डेढ़ घंटे चलता है, गेस्ट से बात करते हुए। और उसमें भी एक लाइन है जो क्रॉस नहीं करनी होती। जब जरूरत हो तो आपको ह्यूमर भी लाना पड़ता है और जब जरूरत पड़ती है तो बैक सीट भी लेनी पड़ती है। कपिल ये बहुत आसानी से करते हैं। ये आसान काम नहीं है। और ये उतना आसान नहीं है जितना लगता है। कीकू ने कहा कि कपिल जो करते हैं वो एक बहुत सिक्योर आदमी ही कर सकता है। कई बार जब वो परफॉर्म कर रहे होते हैं तो कपिल सोफे के पीछे खड़े हो जाते हैं ताकि उन्हें पूरा स्टेज मिल सके। कीकू ने कहा, हमने ये फॉर्मेट 2013 में शुरू किया था और ये अभी भी कामयाब है। सबको पता होता है क्या हो रहा है और सब अपने फील्ड में अच्छा कर रहे हैं। ये एक खूबसूरत कॉम्बिनेशन है। ईगो की लड़ाई की वजह से बहुत से शोज खत्म हो जाते हैं। हम अपने 11वें साल में अभी भी बने हुए हैं इसका मतलब कुछ तो है जो काम कर रहा है। सुनील ग्रोवर, जो बीच में कपिल के शो से अलग हो गए थे, फिर से उनके साथ लौट आए हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो 6 साल बाद कपिल और सुनील को साथ लेकर आया है। कपिल से अलग रहने के दौर में सुनील ग्रोवर ने अपना शो भी शुरू किया था, जो बहुत नहीं चला। बता दें कि कपिल शर्मा को अपने शो से जनता को लगातार हंसाते एक दशक से ज्यादा समय बीत गया है। इस सफर में उन्होंने एक चैनल से दूसरे चैनल और अब टीवी से ओटीटी तक का सफर तय किया है। मगर जनता कपिल के साथ लगातार बनी रही।

# मुश्किल में फंसी तमन्ना भाटिया



महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप्लिकेशन के एक सहायक ऐप पर आईपीएल मैच देखने के कथित प्रचार करने के संबंध में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन किया है।

अधिकारियों ने गुरूवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री तमन्ना को 29 अप्रैल को साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि फेयरप्ले सट्टेबाजी ऐप पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को देखने के लिए किए गए प्रचार के संबंध में तमन्ना भाटिया को तलब किया गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में दर्ज कराई गई एक शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि साल 2023 में फेयरप्ले सट्टेबाजी ऐप पर कुछ आईपीएल मैचों का अवैध रूप से प्रसारण किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में गवाह के तौर पर अपना बयान दर्ज कराने के लिए अभिनेत्री को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर प्रकोष्ठ ने पहले ही इस मामले में गायक बादशाह के, अभिनेता संजय दत्त और जैकलीन फर्नांडीज के प्रबंधकों के बयान दर्ज किए हैं। महादेव ऐप कथित अवैध लेनदेन और सट्टेबाजी को लेकर विभिन्न जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में है। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया फिल्म 'बाहुबली' और नेटफ्लिक्स के कार्यक्रम 'लस्ट स्टोरीज 2' के लिए प्रसिद्ध हैं।

# कोई भी मदरहुड के लिए तैयार नहीं हो सकता: सोनम कपूर

बालीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर का कहना है कि वो हर दूसरी मां की तरह अपने बेटे के बेहद करीब हैं और बच्चे का ख्याल रखने के साथ-साथ काम पर भी ध्यान देने की कोशिश कर रही हैं। सोनम कपूर ने बताया कि नई मां होना उनके लिए कैसा है और उनकी अभी तक की जर्नी कैसी रही है।

सोनम कपूर से पूछा गया कि क्या मॉम गिल्ट एक असली चीज होती है और क्या आप खुद को मदरहुड के लिए सही में तैयार कर सकते हैं। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा, कोई भी मदरहुड के लिए तैयार नहीं हो सकता। आप भले ही घर में रहने वाली मां हों या फिर कामकाजी मां। हर कोई मॉम गिल्ट से गुजरता है। भले ही आप घर में कपड़े धो रहे हों, किचन में काम कर रहे हों या फिर किसी के साथ इंटरव्यू कर रहे हों, वो गिल्ट हमेशा आपके अंदर रहता है।

कामकाजी मांओं के बारे में भी सोनम कपूर ने बात की।

सोनम से हमने ये भी पूछा कि मां बनने के बाद उनकी जिंदगी में क्या पॉजिटिव बदलाव आया है। इसपर उन्होंने कहा, मेरी जिंदगी में मां बनने के बाद ये पॉजिटिव बदलाव आया है कि अब मैं अपने जैसा ज्यादा महसूस करती हूं। मुझे उस पॉइंट तक पुश कर दिया गया था जहां मुझे खुद को अपनाना पड़ा, क्योंकि मेरी पूरी बॉडी बदल गई थी। मेरी सोच बदल गई और मैंने सोचा कि अब अगर मैंने अपने आप को नहीं अपनाया कि मैं कौन हूं, क्या हूं और मेरा शरीर कैसे बदल गया है, तो कभी नहीं अपना पाऊंगी। यही वक्त है मेरे समझने का नहीं तो मैं बहुत खराब जगह पर पहुंच जाऊंगी। तो मुझे खुद के साथ ओके होना सीखना पड़ा कि मैं कौन हूं और अपनी जिंदगी में कहां हूं। वर्किंग मांओं को लेकर चली आ रही स्टीरियोटाइप सोच को तोड़ते हुए सोनम ने कहा, कामकाजी मांओं के बारे में सबसे बड़ी धारणा ये है कि लोग सोचते हैं कि हमें अपने बच्चों की परवाह नहीं है और हम अपने काम की परवाह ज्यादा करते हैं। ये सच नहीं है। हम अपने बच्चों की इतनी परवाह करते हैं कि हमारा काम करने का मन करे। बता दें कि सोनम कपूर और आनंद आहूजा अपने बेटे वायु को पाकर बेहद खुश हैं। एक्ट्रेस ने बेटे वायु को 22 अगस्त 2022 में जन्म दिया था। सोनम मदरहुड एन्जॉय कर रही हैं।





# कमल हासन ने कर दिया था जेंटलमैन में काम करने से इंकार

साउथ की फिल्म जेंटलमैन जो 1993 में आई थी, उसकी आलोचना इसलिए की गई थी क्योंकि इसमें एक ऊंची जाति के लड़के को मेडिकल सीट नहीं मिलने पर आत्महत्या करते हुए दिखाया गया था। इस बारे में कमल हासन ने खुलासा किया कि उन्होंने इसी कारण से फिल्म करने से इनकार कर दिया था। एक पुराने इंटरव्यू में कमल हासन ने दावा किया था कि वह ऐसी फिल्में नहीं करते जो उनकी विचारधारा से मेल नहीं खातीं। यह पूछे जाने पर कि इंडियन करते समय कैमरे के पीछे उन्हें कैसा महसूस हुआ, तो एक्टर ने कहा, अगर फिल्मों को लेकर मेरी राय और विचारधारा में मतभेद होता है तो मैं उस प्रोजेक्ट को करने से मना कर देता हूं और दूर हो जाता हूं। उदाहरण के लिए, शुरुआत में, शंकर की जेंटलमैन की कहानी एकदम अलग थी। यह एक ब्राह्मण लड़के के उग्रवादी होने के बारे में थी। मैंने कहा कि मैं ये नहीं कर सकता और मना कर दिया। मैंने उनसे कहानी बदलने के लिए भी कहा था। और वह ऐसा करने भी जा रहे थे। बाद में मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने ऐसा किया। इंटरव्यू में कमल हासन ने 90 के दशक की अपनी दूसरी हिट फिल्म इंडियन के बारे में भी बात की। एक्टर ने खुलासा किया कि उन्हें फिल्म से भी दिक्कत थी, लेकिन उन्होंने कहा कि लोगों ने इसे पूरे दिल से अपनाया। जहां तक इंडियन का सवाल है, यह उन समस्याओं से संबंधित है जिनका मैंने अपने वास्तविक जीवन में सामना किया था। विचारधारा से जुड़े बगैर, आप कोई फिल्म नहीं कर सकते। खासकर तब और मुश्किल हो जाएगा, जब आप सुबह 4 बजे उठकर, बिना खाए शूटिंग पर जाएंगे। जो फिल्म आपको पसंद नहीं है उसके लिए आप वो सब नहीं कर सकते। हालाँकि फिल्म को लेकर मेरे कुछ मुद्दे थे, लेकिन मुझे यकीन था कि लोग इसे स्वीकार करेंगे। मैंने पाया कि फिल्म में फासीवाद की आवाज बुलंद थी। इसके अलावा, मुझे फिल्म पसंद है। यह फिल्म कई नागरिकों का एक सपना है-एक उम्मीद है कि इस तरह का न्याय संभव है। बता दें कि साउथ डायरेक्टर शंकर की जेंटलमैन और अन्नियन बॉक्स ऑफिस पर तो हिट साबित हुईं, लेकिन ज्यादा लंबे समय तक थिएटर में नहीं रही। सालभर में, दोनों फिल्मों को आलोचना का सामना करना पड़ा है।

# लौट रही है फिल्म भूल भुलैया-3

फिल्म भूल भुलैया 3 एक बार फिर लौट रही है। बहुचर्चित हॉरर-कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म को डराने और हंसाने का काम करेगी। फिल्म में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे। भूल भुलैया 2 में विद्या बालन नहीं थीं, लेकिन भूल भुलैया 3 में विद्या बालन भी वापसी करने जा रही हैं। इस फिल्म को लेकर यह भी चर्चा चल रही है कि शायद फिल्म में माधुरी दीक्षित और विद्या बालन के बीच डांस फेस ऑफ देखने को मिल सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन के बीच यह डांस फेस ऑफ अमी जे तोमार गाने पर देखने को मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म मेकर्स इन दो एक्ट्रेस के बीच डांस फेस ऑफ कराने का प्लान कर रहे हैं। भूषण कुमार और उनकी टीम विद्या बालन और माधुरी दीक्षित पर फिल्माए जाने वाले अमी जे तोमार गाने की एक नई प्रस्तुति पर काम कर रही है। अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक होता है, तो टीम इस डांस नंबर को आने वाले महीने में शूट करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

रिपोर्ट की मानें तो विद्या बालन का इस फिल्म में अमी जे तोमार पर डांस करना तय है। वहीं, मेकर्स माधुरी दीक्षित का विद्या बालन के साथ डांस फेस ऑफ कराने पर चर्चा कर रहे हैं। इस पर अंतिम फैसला जल्द लिया जाएगा। भूल भुलैया 3 इस साल दिवाली के समय रिलीज हो सकती है। भूल भुलैया 2 में दर्शकों का दिल जीतने के बाद, कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 में भी लीड रोल में नजर आएंगे।



# एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने वोट डालने के बाद कहा ...

बिहार की 5 लोकसभा सीटों पर आज मतदान चल रहा है। इनमें किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, बांका और भागलपुर लोकसभा सीट शामिल है। दूसरे चरण में वोटिंग के लिए लोगों की लंबी लाइन लग रही है। बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने भागलपुर में मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डाला। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों से मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की। वीडियो को शेयर करते हुए नेहा ने कैप्शन में लिखा, 'एक जागरूक नागरिक के रूप में वोट करना हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों है। आज मैंने वोट कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। मैं भागलपुर के लोगों और पूरे देश में जहां जहां वोटिंग हो रही है, वहां के लोगों से अपील करती हूं, सभी लोग वोट जरूर करें।' बता दें कि नेहा शर्मा के पिता अजीत शर्मा कांग्रेस के टिकट पर भागलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अपने पिता का समर्थन करते हुए वह बिहार में प्रचार-प्रसार करती नजर आईं। उन्होंने भागलपुर की सड़कों पर रोड शो किया, जिसकी काफी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थी। एक्ट्रेस जनता का अभिवादन और उन्हें वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करती हुई नजर आईं।



## विस्तारा की फ्लाइट में आई खराबी, मुंबई से आई तकनीकी टीम

पटना। पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके 717 दिल्ली से पटना आने के बाद खराब हो गई। जांच के दौरान ये जानकारी मिली की इसके इंजन में कुछ तकनीकी खराबी है। इसके बाद इससे यात्रा करने वाले यात्रियों को इसकी सूचना दी गई है। यह फ्लाइट सुबह 9 बजे के आस पास पटना एयरपोर्ट पर पहुंची थी और 11 बजे फिर से पटना से दिल्ली जाना था। विमान में आई खराबी को ठीक करने के लिए मुंबई से इंजीनियर्स को बुलाया गया है। कंपनी की तरफ से इस फ्लाइट से जाने वाले यात्रियों को अलग फ्लाइट की व्यवस्था की गई है।

## रविकिशन को राहत... शिनोवा की याचिका खारिज

नई दिल्ली। भोजपुरी और हिंदी सिनेमा के सितारे और गोरखपुर से सांसद रवि किशन को मुंबई के कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। खुद को रवि किशन की बेटी बताने वाली 25 साल की महिला शिनोवा ने कुछ वक्त पहले रविकिशन के डीएनए टेस्ट की मांग की थी। शिनोवा का कहना है कि वहां रवि किशन की बेटी हैं। वे चाहती हैं कि किशन अपना डीएनए टेस्ट करवाएं, ताकि अगर वे झूठ बोल रही हैं, तब ये साबित हो जाए। हालांकि अब मुंबई के दिंडोशी सेशन कोर्ट ने शिनोवा की इस अपील को खारिज कर दिया है। 25 साल की शिनोवा ने दावा किया था कि रवि किशन उसके बायोलॉजिकल पिता है। कोर्ट ने कहा कि रवि किशन और दावा करने वाली महिला शिनोवा कि मां का कोई परिवार संबंध नहीं था, इसके बाद ये कोई मामला नहीं बनता। अभी कोर्ट के पूरे आदेश को जारी नहीं किया गया है। शिनोवा और उसकी मां अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर ने बड़े दावे किए थे। उन्होंने दावा किया था कि रवि किशन उनकी बेटी शिनोवा के पिता हैं। इसके बाद शिनोवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टैग करते हुए एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में उन्होंने दोनों से आग्रह किया था कि वे वक्त निकालकर शिनोवा से मिलें। शिनोवा का कहना था कि वे अपने दावों के पीछे के सबूत भी उनके सामने रख सकती हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री उनकी किस्मत का फैसला करें। इसके बाद रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने पुलिस थाने में अपर्णा ठाकुर, उनकी बेटी शिनोवा, पति राजेश सोनी, बेटे सौनक सोनी समाजवादी पार्टी के लीडर विवेक कुमार पांडे और एक खुर्शीद खान नाम के पत्रकार, जो एक यूट्यूब चैनल चलाते हैं, के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। रविकिशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने एफआईआर में महिला और उसकी बेटी पर धमकी देने, झूठे इल्जाम लगाने और जबरदस्ती पैसे वसूलने की कोशिश का आरोप लगाया है। शिनोवा भी एक अभिनेत्री है। शिनोवा ने बताया की कैसे उनके परिवार का उत्पीड़न किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा था कि इस विवाद को खत्म करने के लिए रवि किशन का पैटरनिटी टेस्ट करवाया जाए।

## उमेश पाल की हत्या पर अतीक ने कहा, बेटे शेर हैं... दिनदहाड़े मारो

नई दिल्ली। माफिया डॉन अतीक अहमद का योगीराज में अंत हो चुका है, लेकिन उससे जुड़े खुलासे जारी हैं। बताया जा रहा है कि उमेश पाल की हत्या दिनदहाड़े करने के लिए अतीक ने ही ऑर्डर दिए थे। इतना ही नहीं अतीक ने खुद बेटे असद को इस काम लिए भेजने का आदेश दिया था। खबरें हैं कि जेल की सजा काट रहे डॉन के बेटे अली ने उमेश रिपोर्ट के अनुसार, असद ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने पाल को दिनदहाड़े मारने के लिए मना किया था, लेकिन अतीक नहीं माना। सूत्रों ने बताया कि अली ने कहा कि पाल को इस तरह मारने से मना किया था, लेकिन अब्बा नहीं माने और कहा अतीक के बेटे शेर हैं और दिनदहाड़े ही मारेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अली का कहना है कि उसने शूटरों के साथ असद को भेजने से भी मना किया था। अली ने माना है कि इस हत्याकांड के बारे में पूरे परिवार को पता था। पाल हत्याकांड में अली साजिशकर्ता आरोपी बनाया गया है। एक ओर जहां असद और उसके साथी गुलाम की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। वहीं, अली नैनी जेल में और एक भाई उमर लखनऊ की जेल में है।

## मतदान करना हैं, इसलिए नारायण मूर्ति की अस्पताल से छुटटी करवा ली : सुधा मूर्ति

नई दिल्ली। देश में दूसरे चरण के मतदान के बीच, कर्नाटक में 14 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शुरू होने के बाद से अनुमानित 22.34 प्रतिशत मतदान हुआ। शुक्रवार सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने के बाद से मतदान केंद्रों पर लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और सुबह की सैर करने वालों की लंबी कतारें दिखाई दी। राज्यों की कई प्रमुख हस्तियां भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतार में शामिल हुईं। आईटी उद्योग के दिग्गज नारायण मूर्ति, उनकी पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति, क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़, पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा और बॉलीवुड अभिनेता प्रकाश राज सहित अन्य लोगों ने अपनी जिम्मेदारी के अधिकार का प्रयोग किया। वोट डालने के बाद लेखिका, परोपकारी और राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति ने लोगों से अपने घरों से बाहर निकलने और बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें हर पांच साल में एक बार वोट देने का अधिकार मिलता है। हमें इस अधिकार का इस्तेमाल जिम्मेदारी से और बहुत सोच-समझकर करना होगा। राज्यसभा सदस्य ने मतादान श्रेष्ठ दान कहते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को बाहर आना चाहिए और मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 77 वर्षीय इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति खराब स्वास्थ्य के बावजूद वोट देने आए। सुधा मूर्ति ने कहा कि नारायण मूर्ति अस्वस्थ थे और वह अस्पताल में थे। हमने उन्हें छुट्टी दे दी और मतदान के बाद हम उन्हें घर ले जा रहे हैं।

## आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से 6 परिजनों की मौत

दरभंगा। बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से 6 परिजनों की मौत हो गई। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को यहां बताया कि अंटोर गांव में गुरुवार की देर रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी। शामियाना एवं बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की जिससे शामियाना में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया। इस दौरान आग के फैलने से वहां रखा सिलेंडर विस्फोट कर गया। साथ ही लपटों के रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के स्टॉक तक पहुंचने से आग ने भयानक रूप ले लिया एवं उनके परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रामचंद्र पासवान का पुत्र, पुत्रवधु, उनके 2 बच्चे, पुत्री और बेटी शामिल हैं। श्री रोशन ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की टीम को आग पर काबू पाने में करीब 4 घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर अधिकारियों को भेजा गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया गया है।


## दिल्ली मेयर चुनाव टलने पर हंगामा, बीजेपी-आप ने लगाए एक दूसरे पर आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव न होने के कारण आज सदन की बैठक शुरू होने से पहले ही जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। बीजेपी पार्षद और नेता सदन राजा इकबाल सिंह ने आप के खिलाफ सदन में संपत्ति कर बढ़ाने का विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू की। बढ़ाए गए संपत्ति कर को बीजेपी के पार्षद ने वापस लेने की मांग की। मेयर डॉ शैली ओबरॉय सदन में पहुंची और सदन की कार्यवाही शुरू करने के लिए सभी पार्षदों से अनुरोध किया। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने निगम के मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव स्थगित किए जाने पर उपराज्यपाल पर आरोप लगाए। इसके बाद उन्होंने सदन की बैठक अनिश्चितकाली के लिए स्थगित दी।

सदन की बैठक स्थगित होने के बाद बीजेपी पार्षदों ने हरियाणवी व अन्य गीतों के जरिए भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 400 पार के नारे लगाए। वहीं, आम आदमी पार्टी के राजेंद्र नगर से विधायक और निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक ने मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के स्थगित होने पर बीजेपी पर आरोप लगाए। बता दें कि दिल्ली मेयर का चुनाव 26 अप्रैल यानी आज होना था, जो पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने की वजह से टल गया है। आप नेताओं ने एलजी पर चुनाव टालने का आरोप लगाया है। हालांकि चुनाव आयोग ने इस चुनाव के लिए अपनी मंजूरी दे दी थी, लेकिन दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने चुनाव कराने के लिए जरूरी पीठासीन अधिकारी नियुक्त नहीं की। नतीजा यह निकला कि ठीक अंतिम समय में मेयर चुनाव रद हो गया।

# वर्तमान में भारत और चीन के बीच सीमा क्षेत्रों की स्थिति सामान्य

### पीएम मोदी की टिप्पणी के बाद चीनी रक्षा मंत्रालय ने दी प्रतिक्रिया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन के बीच जारी सीमा विवाद को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा था कि मेरा मानना ??है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति पर तुरंत बातचीत करने की जरूरत है ताकि हमारी द्विपक्षीय बातचीत में मतभेदों को पीछे छोड़ा जा सके।

पीएम मोदी की टिप्पणी पर चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा है कि चीन और भारत के बीच सीमा क्षेत्रों में सामान्यत~स्थिरता है। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए दोनों देश आपसी तालमेल बनाए हुए हैं। भारत के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की टिप्पणी पर चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा कि वर्तमान में भारत और चीन के बीच सीमा क्षेत्रों की स्थिति सामान्य है। दोनों देश राजनयिक और सैन्य चैनलों के जरिए से आपसी तालमेल बनाए हुए हैं और सकारात्मक रचनात्मक बातचीत की है। दोनों देश जल्द से जल्द एक ऐसे समाधान पर पहुंचने पर सहमत हुए हैं जो दोनों देशों को मंजूर हो।

इससे पहले चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने पीएम मोदी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी थी। निंग ने कहा था कि चीन ने भारत के पीएम की टिप्पणियों पर गौर किया है। हमारा मानना है कि मजबूत और स्थिर चीन-भारत संबंध दोनों पक्षों के साझा हितों के लिए लाभकारी हैं। यह क्षेत्र के साथ शांति और विकास के लिए भी जरूरी है। निंग ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि भारत चीन के साथ मिलकर समान दिशा में काम करेगा। आपसी विश्वास बढ़ाएगा और मतभेदों को ठीक से संभालेगा और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत और स्थिर रूप से आगे बढ़ाएगा।

भारत और चीन के बीच सीमा पर साल 2020 से ही तनाव बना हुआ है। भारत और चीन के सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प हो गई थी। इस हिंसक झड़प में भारत के एक कर्नल और 29 जवानों की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में भारी गतिरोध जारी है। गतिरोध को सुलझाने के लिए दोनों पक्ष अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की बातचीत कर चुके हैं। चीनी सेना के अनुसार, दोनों पक्ष अब तक चार बिंदुओं, गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं।

## संविधान बदलना चाहते हैं... इसलिए चाहिए 400 पार सीटें

### -कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का आरोप



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा में वार-पलटवार का दौर चल रहा है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीनकर मुस्लिमों को देना चाहती है। इस लेकर कांग्रेस की ओर से पलटवार किया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह पीएम मोदी का ध्रुवीकरण का एजेंडा है। कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि हम समाज के कमजोर वर्गों जैसे एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को सशक्त बनाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि देश में तेजी से आर्थिक विकास हो और इसका लाभ हर किसी तक पहुंचे। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लाभार्थी देश के महज 20-21 अरबपति हों और इसकी कीमत करोड़ों लोगों को चुकानी पड़े। कांग्रेस नेता रमेश ने दावा किया कि हकीकत उनके 400 पार के नारे के पीछे यह है कि वे संविधान बदलना चाहते हैं... वे आरक्षण के खिलाफ हैं। वे संविधान को हटाना चाहते हैं और आरएसएस हमेशा से आरक्षण के खिलाफ रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन अब तक नहीं हुई है, क्योंकि जनगणना से एससी और एसटी की आबादी का पता चल जाता। हमारा संविधान जनसंख्या के आधार पर आरक्षण प्रदान करता है। हमारा कोई छिपा हुआ एजेंडा नहीं है। हमारे घोषणापत्र में हमारा एजेंडा स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है।

# अरविंद केजरीवाल चुनाव तो लड़ सकते हैं, वोट नहीं डाल सकते

### - जेल में सजा काट रहे पांच लाख लोग नहीं कर सकेंगे मतदान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कथित शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल लोकसभा चुनाव लड़ेंगे भी या नहीं, ये अभी साफ नहीं हो पाया है, लेकिन इतना तो तय है कि केजरीवाल को जेल में रहते हुए वोट डालने की इजाजत नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार ऐसे 5 लाख से ज्यादा लोग हैं जो इस लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं कर सकेंगे क्योंकि वे जेल की सजा काट रहे हैं। अब सवाल यह उठाता है कि जेल में रहते हुए जब चुनाव लड़ा जा सकता है, तो मतदान का क्यों नहीं?

गौरतलब है कि डेढ़ दशक पहले बिहार की पटना हाई कोर्ट में एक ऐसा ही मामला आया, जिसमें जेल की सजा काट रहे एक कैदी ने चुनाव लड़ने की मंशा जताई थी। कोर्ट ने इनकार करते हुए कहा कि जब कैदियों को वोट देने का हक नहीं है, तो चुनाव लड़ने की छूट कैसे दे सकते है। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के फैसले पर मुहर लगा दी थी, लेकिन बाद में तत्कालीन यूपीए सरकार ने कानून में बदलाव कर दिया था जिसमें जेल में बंद लोगों को चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी गई थी। ये मामला 2013 का है, लेकिन जेल में बंद शख्स के पास मतदान करने का अधिकार नहीं है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की 1951 की धारा 62(5) के तहत जेल में बंद कोई भी व्यक्ति वोट नहीं डाल सकता है फिर चाहे वो हिरासत में हो या सजा काट रहा हो। वोट डालना एक कानूनी अधिकार है। दोषी के अलावा जिनपर ट्रायल चल रहा हो, वे भी मतदान नहीं कर सकते हैं। कैदियों को मताधिकार से वंचित करने का इतिहास अंग्रेजी जब्ती अधिनियम 1870 से दिखता है। इस दौरान राजद्रोह या गुंडागर्दी के दोषी लोगों को अयोग्य ठहराते हुए उनसे वोट का अधिकार छीन लिया जाता था। वजह ये कि जो इतने गंभीर अपराध कर रहा है, उसे किसी भी तरह का अधिकार, मतदान करने का अधिकार भी नहीं मिलना चाहिए। यही नियम गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 में भी लागू हो गया। हालांकि 1951 के जन प्रतिनिधित्व अधिनियम ने इसे नए सिरे से देखा और इसमें हर शख्स जो आरोपी या दोषी हो और जेल में हो, उसे मतदान करने का अधिकार नहीं है लेकिन इस प्रावधान में उन्हें छूट मिलती है, जिसमें किसी भी वजह से सरकार को शक हो, इसके बाहर रहने से उपद्रव हो सकता है और इसे ही टालने के लिए उसे नजरबंद कर दिया गया हो। ऐसे लोग वोट डाल सकते हैं। वह पुलिस के घेरे में जाकर वोट डाल सकता है या फिर उसे औपचारिक तौर पर स्थानीय प्रशासन को इत्तिला करनी होगी कि वो फलां समय पर फलां बूथ में जा रहा है ताकि उनपर नजर रखी जा सके। साल 2013 में सेक्शन 62(5) में संशोधन हुआ। इसमें जेल में रहते हुए चुनाव लड़ने की छूट मिल गई। वे चुनाव में उम्मीदवार हो सकते हैं, अपने लोगों के जरिए चुनावी प्रचार भी करवा सकते हैं, लेकिन वोट नहीं डाल सकते। यहां तक कि जेल से जमानत पर बाहर आना भी उन्हें ये सुविधा नहीं देता। आरोपमुक्त होने या सजा पूरी होने के बाद ही वह अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकता है यानी वोट डाल सकता है।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय से डीके को राहत, संहिता उल्लंघन का मामला

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोपों का सामना कर रहे उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को अंतरिम राहत दी है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने डीके के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर संबंधित अधिकारियों को अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई करने से परहेज करने का निर्देश दिया। मामला 19 अप्रैल को चुनाव आयोग में भाजपा की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिवकुमार, जो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, ने मतदाताओं को ब्लैकमेल करने की कोशिश की है। भाजपा ने दावा किया कि राजराजेश्वरी नगर में एक चुनावी भाषण के दौरान, अपने भाई और लोकसभा उम्मीदवार डीके सुरेश के लिए प्रचार कर शिवकुमार ने मतदाताओं से कांग्रेस को वोट देने के बदले में कावेरी जल आपूर्ति और अधिभोग प्रमाणपत्र देने का वादा किया था।

आपत्ति व्यक्त कर, न्यायालय ने सवाल किया कि क्या शिवकुमार के नाम पर की गई टिप्पणी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171बी (रिश्वतखोरी) और 171सी (चुनावों पर अनुचित प्रभाव) के तहत अपराध होगी। न्यायाधीश ने मामले पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता पर बल देकर जानना चाहा कि क्या डीके के बयान आरोपित धाराओं के मापदंडों पर पूरी तरह खरे उतरते हैं। हालाँकि, कोर्ट ने शिवकुमार के वकील से कहा कि वे अपने मुवक्किल को अपने भाषणों में अधिक सतर्क रहने की सलाह दें।

इसके अतिरिक्त, इसने शिवकुमार को भेजे गए नोटिस का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग द्वारा दिए गए समय के बारे में भी चिंता जाहिर की। शिवकुमार को अंतरिम राहत देते हुए, न्यायालय ने चुनावी भाषणों के गिरते मानकों पर निराशा व्यक्त की और कहा कि गुणवत्ता, सामग्री और प्रस्तुति बेहद कम हो गई है।

## शाह का राहुल गांधी से सवाल... क्या देश शरिया से चलेगा?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भारतीय जनता पार्टी फिर हमलावर दिख रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल से सवाल किया है कि क्या देश शरिया से चलेगा? दरअसल भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का वीडियो शेयर किया है, इस लेकर भाजपा ने दावा किया है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीब मुसलमानों का होना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहा गया है कि हम पर्सनल लॉ को आगे बढ़ाएंगे। मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि यदि आप पर्सनल लॉ को आगे बढ़ाएंगे तब क्या ये देश अब शरिया के आधार पर चलेगा? किस प्रकार का संविधान आप इस देश में चाहते हैं? भाजपा ने अपने घोषणापत्र में साफ कहा है कि हम यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लाएंगे, सभी पंथ और मजहब के लोगों के लिए एक ही कानून होगा।

उन्होंने कहा, सुरक्षित देश के लिए, समृद्ध देश के लिए, गरीबों के कल्याण के लिए ऐसी पार्टी को वोट दें जो अपने वादों पर खरी उतरे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों को छीनना चाहती है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। भाजपा नेता ने कहा कि सिंह ने अप्रैल 2009 में भी इसी तरह की टिप्पणी की थी।

# महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति... इस पर पति का भी अधिकार नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने इस लेकर फैंसले में कहा

**लखनऊ (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच कुछ शब्द बार-बार सुनाई पड़ रहे हैं, इसमें मंगलसूत्र और स्त्रीधन आम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्त्रीधन को लेकर अहम फैसले में कहा कि महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति है। इस पूर्ण संपत्ति को अपनी मर्जी से खर्च करने का महिला को पूरा अधिकार है। इस स्त्री धन में पति कभी भी हिस्सेदार नहीं हो सकता, लेकिन संकट के समय पत्नी की रजामंदी से इसका इस्तेमाल कर सकता है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्त्रीधन को लेकर दायर वैवाहिक विवाद पर सुनवाई कर कहा था कि महिला को अपने स्त्रीधन पर पूरा अधिकार है, इसमें शादी से पहले, शादी के दौरान या बाद में मिलीं हुईं सभी चीजें शामिल हैं, जैसे कि माता-पिता, ससुराल वालों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिले गिफ्ट, धन, गहने, जमीन और बर्तन आदि शामिल है। ये समझना जरूरी होता है कि आखिर स्त्रीधन क्या है। इसके दायरे में क्या-क्या आता है? दरअसल स्त्रीधन एक कानूनी टर्म है, जिसका जिक्र हिंदू धर्म में देखने को मिलता है। स्त्रीधन का अर्थ है महिला के हक का धन, संपत्ति, कागजात और अन्य वस्तुएं। एक आम धारणा ये है कि महिलाओं को शादी के दौरान जो चीजें उपहार स्वरूप मिलती हैं, उन्हें ही स्त्रीधन माना जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है।

स्त्रीधन में किसी महिला को बचपन से लेकर भी जो चीजें मिलती हैं, वह भी स्त्रीधन के दायरे में आती हैं। इसमें नकदी से लेकर सोना, हर तरह के तोहफे, संपत्तियां और बचत भी शामिल हैं। आसान शब्दों में शादी के दौरान या शादी के बाद मिले इस तरह के उपहारों को ही स्त्रीधन माना जाए। स्त्रीधन पर अविवाहित स्त्री का भी कानूनी अधिकार है। इसमें वे सारी चीजें आती हैं, जो किसी महिला को बचपन से लेकर मिलती रही है। इसमें छोटे-मोटे तोहफे, सोना, कैश, सेविंग्स से लेकर तोहफे में मिली प्रॉपर्टी भी आती है।

**किस कानून के तहत है स्त्रीधन का अधिकार?**

हिंदू महिला का स्त्रीधन का हक हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 14 और हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 27 के तहत आता है। यह कानून शादी से पहले, शादी के समय या शादी के बाद महिला को स्त्रीधन अपने पास रखने का पूरा हक देता है। महिला चाहे तब स्त्रीधन को अपनी मर्जी से किसी को दे सकती है या बेच सकती है। इसके साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 की धारा 12 भी महिलाओं को इसतरह के मामलों में स्त्रीधन का अधिकार देती है, जहां वे घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। वे इन कानूनों की मदद से अपना हक वापस ले सकती हैं। लेकिन कई मामले होते हैं, जहां मंगलसूत्र को छोड़कर ज्यादातर स्त्रीधन महिला के ससुरालवाले रख लेते हैं, ये कहकर कि वे संभालकर रखने वाले हैं। ऐसी स्थिति में कानून उन्हें स्त्रीधन का ट्रस्टी मानता है। जब भी महिला उन चीजों को मांगती है, तब महिला को देने से मना नहीं किया जा सकता।

स्त्रीधन और दहेज दो अलग-अलग चीजें हैं। दहेज मांगस्वरूप दिया या लिया जाता है जबकि स्त्रीधन में प्रेमस्वरूप चीजें महिला को दी जाती हैं। अगर स्त्रीधन को ससुराल पक्ष ने जबरन अपने कब्जे में रखा है, तब महिला इसके लिए दावा कर सकती है। अगर पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस लगा है, तब उसके साथ में स्त्रीधन को लेकर अलग से केस दर्ज कराया जा सकता है।

# आदिवासी राज्य छत्तीसगढ़ में भाजपा की तिकड़ी कर रही जोरदार प्रचार

**रायपुर (एजेंसी)।** लगभग चार माह पहले छत्तीसगढ़ में अब तक का सबसे दमदार प्रदर्शन करके सत्ता में आई भाजपा पूरी कोशिश में हैं कि राज्य की सभी 11 संसदीय सीटों पर जीत हासिल करे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस तरह से राज्य में सघन चुनाव प्रचार कर रहे हैं उसका बड़ा असर यहां की राजनीतिक स्थिति पर दिख रहा है। भाजपा ने 2019 में छत्तीसगढ़ में 11 में से 9 सीटों पर जीत हासिल की थी। तब राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी थी। भाजपा को लगता है कि जब विपरीत परिस्थिति में भी 9 सीटों पर जीत हासिल की जा सकती है, तब अनुकूल परिस्थितियां हैं इसलिए 11 सीटों पर जीत का लक्ष्य हासिल करना कोई नामुमकिन बात नहीं है।

आदिवासी बहुल राज्य में भाजपा को उम्मीद है कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाये जाने का प्रभाव यहां के मतदाताओं पर है। भाजपा ने विष्णु देव साय के रूप में राज्य को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री भी दिया है। भाजपा इस बात को प्रचारित कर रही है कि अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल में ही आदिवासी मामलों के लिए केंद्र में अलग मंत्रालय का गठन किया गया था। भाजपा दावा कर रही है कि आदिवासियों का भला भाजपा से बेहतर कोई नहीं कर सकता।

राज्य की नई भाजपा सरकार 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद रही है। साय सरकार ने भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में किए गए दो वादों को पूरा करते हुए, धान किसानों को लंबित बोनस भी हस्तांतरित कर दिया है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना की दो किश्तों के पैसे भी जारी कर दिये गये हैं। इस सबका मतदाताओं पर गहरा असर दिख रहा है।

वहीं भाजपा सरकार जिस तरह नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चला रही है उसका भी असर मतदाताओं पर दिख रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य सरकार के नक्सल विरोधी कड़े रुख को देखते हुए लोगों को इस बात का विश्वास है कि भाजपा सरकार नक्सलियों के आतंक से पूरी तरह मुक्ति दिला सकती है। इसके अलावा भाजपा की सरकार बनते ही जिस तरह जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने के अभियान को झटका लगा है उससे भी लोग बेहद खुश दिखे।

दूसरी ओर, कांग्रेस के वादों पर कोई विश्वास करने को तैयार नहीं है, क्योंकि जिस तरह महादेव एप घोटाले की छाया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर पड़ी है उससे कांग्रेस की छवि दागदार हुई है। इसकारण कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के दौरान किसानों को उनकी उपज का अधिक मूल्य देने और उनके कर्ज की माफी का जो वादा किया था, उसके बावजूद पार्टी को वोट




नहीं मिले थे और वह सत्ता से बाहर हो गई थी। इसलिए अब कांग्रेस ने अपनी रणनीति बदलते हुए भाजपा पर यह आरोप लगाना शुरू किया है कि वह यदि सत्ता में आई, तब संविधान बदल देगी। कांग्रेस के जो भी नेता यहां प्रचार के लिए आ रहे हैं वह यही दावा कर रहे हैं कि भाजपा आदिवासी संस्कृति को नुकसान पहुँचाने के साथ ही आदिवासियों के अधिकारों में भी कटौती करेगी।

# लावा कंपनी ने नई स्मार्टवॉच लॉन्च की

## - मिलेंगे शानदार फीचर्स और डिजाइन

**नईदिल्ली ।**
हाल ही में लावा कंपनी ने नई स्मार्टवॉच लॉन्च की हैं। यह वॉच कोरनिंग गोरिल्ला ग्लास 3 और हाई एक्यूरेसी के साथ लॉन्च हुई इस वॉच की कीमत भी बहुत कम है। इस वॉच की शुरुआत 2,599 रुपए से होती है। इसकी मदद से हेल्दी लाइफस्टाइल और एक्टिव फीचर्स मिलते हैं। लावा की इस स्मार्टवॉच में आपको 1.43 इंच अमोलेड डिस्प्ले भी दिया जा रहा है जो 466*466 रेजोल्यूशन के साथ आता है। इसमें आपको हेल्थ फीचर्स भी अलग से दिए जाते हैं और 110 से ज्यादा स्पोट्र्स मोड्स भी मिलते हैं। स्मार्ट नोटिफिकेशन, 150 वॉच फेस और फास्ट चार्जिंग भी इसका एक फीचर है। यूजर एक्सपीरियंस भी इससे काफी अलग होने वाला है। क्योंकि ये लाइट वेट भी है जो आपको काफी लंबी बैटरी लाइफ भी देती है। लावा की तरफ से अपनी इस वॉच की 24 महीने की वारंटी दी जा रही है। यानी आपको 2 साल तक बिल्कुल चिंता करने की जरूरत नहीं है। यही वजह है कि एक बार खरीदने के बाद आपको लंबे समय तक कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। ट्रैकिंग हेल्थ और अन्य फीचर्स भी इसे




काफी अलग बनाते हैं। हाई परफॉर्मेंस रियलटेक चिपसेट आपको बिल्कुल अलग एक्सपीरियंस ऑफर करता है। आईपी 68 वॉटर रेसिसटेंट रेटिंग की वजह से आपको बिल्कुल अलग एक्सपीरियंस भी होने वाला है। प्रोवॉच वीएन भी ऐसा ही प्रोडक्ट है और इसे खरीदने के लिए आपको 1,999 रुपए खर्च करने होंगे। प्रोवॉच झेन और वीएन को आप 26 अप्रैल दोपहर 12 बजे से खरीद सकते हैं।प्रोवॉच झेडएन वर्जन को 2 वैरिएंट्स में लॉन्च किया गया है। पहला वालीरियान ग्रे और ड्रेगनग्लास ब्लेक में लाया गया है। नॉर्मल यूसेज में आपको 7 दिन का नॉर्मल यूसेज टाइम मिलने वाला है।

# स्वीगी 120 करोड़ डॉलर का आईपीओ लाएगी

**नई दिल्ली ।**

ऑनलाइन ऑर्डर पर खाना पहुंचाने वाली कंपनी स्विगी 1.2 अरब डॉलर का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने पर` विचार कर रही है। बताया जा रहा है` कि स्विगी के इस प्रस्ताव को उसके शेयरधारकों ने मंजूरी दे दी है। बेंगलूरु की यह कंपनी नए शेयर जारी कर करीब 3,750 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। वह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिये 6,664 करोड़ रुपए और आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से करीब 750 करोड़ रुपए जुटाने के बारे में भी सोच रही है। स्विगी का आईपीओ इसी साल आ सकता है। मगर अभी तक उसने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास निर्गम के दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन के अनुसार स्विगी में सबसे अधिक करीब 32 फीसदी हिस्सेदारी प्रोसस की है। उसमें सॉफ्टबैंक की 8 फीसदी, एस्सेल



की 6.2 फीसदी, संस्थापक समूह की 6.7 फीसदी और एलिवेशन कैपिटल की 4.4 फीसदी हिस्सेदारी है।

इसके अलावा नॉर्वेस्ट, टेनसेंट, डीएसटी ग्लोबल और अल्फा वेव ने भी स्विगी में निवेश किया है। आईपीओ को शेयरधारकों की मंजूरी का खुलासा हाल ही में हुई स्विगी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) के एक दिन बाद हुआ है।

# 31 मई तक पैन को आधार से नहीं जोड़ा तो दोगुना कटेगा टीडीएस



**मुंबई ।**

इनकम टैक्स डिपार्टेमेंट ने उन टैक्सपेयर्स को राहत देने की बात कही है जो 31 मई तक अपने पैन को आधार से लिंक करवा देंगे। विभाग ने कहा है कि अगर 31 मई तक पैन कार्ड से आधार लिंक होता है तो टीडीएस की कम कटौती को लेकर टैक्सपेयर्स और कारोबारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं की जाएगी। इनकम टैक्स विभाग के नियमों के मुताबिक अगर पैन कार्ड आधार नंबर के साथ लिंक नहीं है तो दोगुनी रेट के साथ टीडीएस कटौती की जाएगी। लेकिन टैक्सपयर्स ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स को टैक्सपेयर्स से कई शिकायतें मिलीं कि उन्हें पता ही नहीं था कि पैन-आधार लिंक नहीं करने से उन्हें इतना नुकसान हो सकता है। कई प्रॉपर्टी खरीदारों को अपनी जेब से 19 फीसदी टीडीएस का भुगतान करना पड़ा। टैक्स` विशेषज्ञों ने बताया कि जिन लोगों ने 30 जून 2023 तक अपने पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं कराया था, उन लोगों का पैन कार्ड निष्क्रिय हो गए थे। इनकम टैक्स` विशेषज्ञों ने बताया कि इनकम टैक्स विभाग ने टीडीएस टीसीएस कटौती को लेकर टैक्सपेयर्स के साथ-साथ कारोबारियों को बड़ी राहत इसलिए दी है क्योंकि पता ही नहीं चलता था कि किसका आधार-पैन लिंक नहीं है।

बाद में नोटिस आते थे और पेनल्टी लगती थी। असल में लोगों ने शिकायत की कि विभाग ने ऐसी कोई व्यवस्था नहीं नहीं थी, जिसमें यह पता चले कि पैन-आधार लिंक है या नहीं। बिजनेसमन भी जो टीडीएस काटते थे, उन्हें भी समस्या हो रही थी, क्योंकि उन्हें पता ही नहीं चलता था कि जिन्होंने लिंक नहीं करवाया है, अब विभाग ने कहा है कि वे यूटिलिटी प्रोवाइड करवाएंगे और जिन्हें नोटिस मिला है, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# आईसीआईसीआई बैंक ने 17 हजार क्रेडिट कार्ड ब्लॉक किए



## - क्रेडिट कार्ड का ब्योरा गलत उपयोगकर्ताओं से जुड़ने का मामला

**नई दिल्ली।**

आईसीआईसीआई बैंक ने कहा है कि क्रेडिट कार्ड का ब्योरा गलत उपयोगकर्ताओं से जुड़ने का मामला सामने आने के बाद उसने लगभग 17 हजार क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कर दिए हैं। निजी क्षेत्र के बैंक ने कहा कि इस मामले में किसी भी कार्ड के किसी दुरूपयोग की सूचना नहीं है। लेकिन उसने कहा कि ग्राहक को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान होने पर वह उसका मुआवजा देने को तैयार है। एक सूत्र ने कहा कि बैंक के नये ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड का नंबर कुछ पुराने ग्राहकों के कार्ड के साथ गलती से जुड़ गए थे। इस गड़बड़ी की वजह से बैंक के मोबाइल ऐप पर चुनिंदा पुराने ग्राहकों को नए कार्डधारकों का पूरा ब्योरा दिखने लगा था। सोशल मीडिया पर बैंक की इस गलती को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि अब इसे सुधार लिया गया है। गलत मैपिंग के कारण बैंक का पुराना उपयोगकर्ता नए क्रेडिट कार्ड ग्राहक के बारे में पूरी जानकारी को देख पा रहा था। आईसीआईसीआई बैंक के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस समस्या की चपेट में आए क्रेडिट उसके कुल कार्ड पोर्टफोलियो का केवल 0.1 प्रतिशत हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इन सभी कार्ड को ब्लॉक कर दिया गया है और ग्राहकों को नये कार्ड जारी किए जाएंगे। बयान के मुताबिक इन कार्ड में से किसी भी कार्ड के दुरुपयोग का कोई मामला हमारे संज्ञान में नहीं लाया गया है। हालांकि, हम आश्वस्त करते हैं कि किसी भी वित्तीय नुकसान के मामले में बैंक ग्राहक को उचित मुआवजा देगा।

# तेजी से बढ़ रही है भारत की अर्थव्यवस्था: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली ।**
वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की अच्छी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान दिया है। कई देशों में महंगाई का दबाव फिर बढ़ा है, लेकिन सरकार और आरबीआई के प्रयासों से भारत में महंगाई घटी है। इस बार मॉनसूनी बारिश सामान्य से अधिक होने के अनुमानों को देखते हुए अच्छी फसल होने और महंगाई और घटने की संभावना है।` वित्त मंत्रालय ने मंथली इकनॉमिक रिव्यू में ये बातें कहीं। रिव्यू में कहा गया है` कि वित्त वर्ष 2024 में रिटेल इंफ्लेशन में काफी कमी आई। यह कोविड महामारी के बाद अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। मार्च में कोर इंफ्लेशन 3.3 फीसदी रही। 2024 में मॉनसून सामान्य से बेहतर रहने का अनुमान फसलों के लिए शुभ संकेत है और इससे महंगाई की चिंता घटेगी। फरवरी में फूड इंफ्लेशन 8.66 फीसदी और मार्च में 8.52 फीसदी थी। सब्जियों के दाम फरवरी में 30.25 फीसदी चढ़े थे। मार्च में वेजिटेबल इंफ्लेशन 28.3 फीसदी पर आ गई थी। दालों में महंगाई दर फरवरी के 18.9 फीसदी से घटकर मार्च में 17.7 फीसदी हो गई थी। ओवरऑल रिटेल इंफ्लेशन फरवरी के 5.1 फीसदी से घटकर मार्च में 4.85 फीसदी हो गई थी। रिव्यू में कहा गया कि वैश्विक व्यापार में सुस्ती आ रही है, लेकिन चुनौतियों के बावजूद भारत का व्यापार घाटा आने वाले वर्षों में कम होने की उम्मीद है क्योंकि पीएलआई स्कीम का दायरा बढ़ रहा है।

## जापानी कंपनी मैनावी ने एविग्न में बहुलांश हिस्सेदारी प्राप्त की

**नई दिल्ली ।** जापान स्थित मानव संसाधन समाधान प्रदाता मैनावी कॉरपोरेशन ने मानव संसाधन प्रौद्योगिकी मंच एविग्न में बहुलांश हिस्सेदारी प्राप्त कर ली है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस बदलाव के बाद बेंगलुरु स्थित एविग्न का लक्ष्य 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व जुटाना है। इस अधिग्रहण के साथ ही कैप्रिया, ल्यूमिस, एमएसडीएफ, एमिकस कैपिटल और पंकज बंसल सहित एविग्न के कुछ शुरुआती निवेशक कंपनी से बाहर हो गए। एविग्न के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि मैनावी के पास कंपनी में महत्वपूर्ण बहुमत होगा और कंपनी के सह-संस्थापकों के पास भी बड़ी हिस्सेदारी बनी रहेगी। इस अधिग्रहण के तहत निदेशक मंडल में बदलाव होंगे क्योंकि मैनावी के पास बहुलांश हिस्सेदारी होगी। हालांकि, संचालन स्तर वही रहेगा। मैनावी हमारी कंपनी में किसी भी संचालक की नियुक्ति नहीं करेगी। हालांकि, उन्होंने अधिग्रहण के वित्तीय विवरण का खुलासा करने से इनकार कर दिया।



## हवाई किराया हो सकता है सस्ता

**मुंबई ।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई यात्रियों के लिए उड़ान के आधार पर किराए को और अधिक किफायती बनाने को लेकर निर्देश दिया है। इसमें एयरलाइंस द्वारा निर्धारित हवाई किराए में उनके द्वारा प्रदान की गई कुछ सेवाओं के लिए शुल्क का भी जिक्र किया गया है। इस निर्देश के तहत डीजीसीए की ओर से यात्रियों के लिए अनावश्यक सुविधाओं को शुल्क हटाने की बात कही गई है। डीजीसीए की ओर से बताया गया कि अनावश्यक सुविधाओं और उनके शुल्कों को हटा देने से मूल किराया अधिक किफायती हो सकता है। ऐसा होने से यात्रियों को उन सेवाओं के लिए भुगतान करने का विकल्प मिल जाता है, जिनका वह लाभ उठाना चाहता है। अपने निर्देश में डीजीसीए की ओर से सात सेवाओं की एक सूची का उल्लेख किया है। डीजीसीए के इस कदम से आगामी समय में लोगों के लिए हवाई यात्रा सस्ती हो सकती है।

## बजाज फाइनेंस के शेयर आठ फीसदी गिरे

**नई दिल्ली ।** बजाज फाइनेंस के शेयर में शुक्रवार को करीब आठ प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर शेयर 7.64 प्रतिशत गिरकर 6,736.15 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह 7.60 प्रतिशत फिसलकर 6,740 रुपये पर रहा। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फाइनेंस का मुनाफा बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 21 प्रतिशत बढ़कर 3,825 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 3,158 करोड़ रुपये रहा था। बजाज फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया था कि एकीकृत आधार पर मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 14,932 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 की इसी तिमाही में 11,368 करोड़ रुपये थी।

## वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान: डेलॉयट

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 में डेलॉयट इंडिया ने भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने तिमाही के आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट इंडिया की एक अर्थशास्त्री ने कहो ` कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद में कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की भी संभावना है।




## इंडिगो ने दिया 30 ए 350-900 विमानों का ऑर्डर

**मुंबई।**

सार्वज निक विमानन कंपनी इंडिगो ने यूरोप की विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस को चौड़ी बॉडी वाले 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया है। यह ऑर्डर 4 से 5 अरब डॉलर का हो सकता है। देश में विमान यात्रा की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए देसी विमानन कंपनियां पिछले साल से अब तक विमान खरीदने के लिए 4 बड़े ऑर्डर दे चुकी हैं। टाटा के एयर इंडिया समूह ने फरवरी 2023 में 470 विमानों के लिए ऑर्डर दिए थे। उसने एयरबस को 250 विमान और अमेरिकी कंपनी बोइंग को 220 विमान का ऑर्डर दिया था। इंडिगो ने जून 2023 में एयरबस को 500 ए320नियो विमानों का ऑर्डर दिया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा विमान ऑर्डर था। नई विमानन कंपनी अकासा एयर ने जनवरी 2024 में बोइंग को 150 बी737 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया था। आज के ऑर्डर की खासियत यह है कि इंडिगो पहली बार चौड़ी बॉडी वाले विमान खरीद रही है। उसके बेड़े में चौड़ी बॉडी वाले 2 बी 777 विमान पहले से हैं मगर वे टर्किश एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए हैं। विमानन कंपनी ने कहा कि इन विमानों का सटीक रंगरूप बाद में तय किया जाएगा। उम्मीद है कि विमान 2027 से मिलने शुरू हो जाएंगे। इंडिगो के पास कुछ शर्तों के साथ 70 एयरबस ए350 विमान खरीदने का भी अधिकार है। उनका ऑर्डर भविष्य की जरूरतों के हिसाब से दिया जाएगा। चौड़ी बॉडी वाले विमानों ईंधन टैंक और इंजन संकरी बॉडी वाले विमानों के मुकाबले बड़े होते हैं। इसलिए इन विमानों को लंबी दूरी की उड़ान में इस्तेमाल किया जा सकता है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी के साथ ही पिछले पांच कारोबारी सत्र से जारी तेजी भी रुक गयी। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 609.28 अंक करीब 0.82 फीसदी नीचे आकर 73,730.16 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 150.40 अंक तकरीबन 0.67 फीसदी नीचे आकर 22,419.95 के स्तर पर बंद हुआ।

शुक्रवार के कारोबार में टेक महिन्द्रा, डिविस लैब, एलटीआई माइंडट्री, बजाज ऑटो और बीपीसीएल निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे जबकि बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, नेस्टले इंडिया, इंडसइंड बैंक और एमएंडएम सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार हल्की तेजी के साथ बंद हुए थे।




एक रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह से भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के अनुसार मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। इससे प्रीमियम लक्जरी प्रोडक्ट्स और सर्विसेज की मांग भी बढ़ी है।

इससे पहले आज सुबह सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा, एनटीपीसी, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रुप से लाभ में कारोबार कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान का निक्की 225 0.32 फीसदी बढ़ा, जबकि व्यापक आधार वाला टॉपिक्स सूचकांक 0.07 फीसदी बढ़ा, दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.86 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

# यूरोपीय देश भी 525 से ज्यादा भारतीय सामानों पर लगा चुका है प्रतिबंध

**नई दिल्ली ।**

अभी कुछ दिन पहले सिंगापुर और हांगकांग ने एवरेस्ट और एमडीएच के मसालों पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन क्या आपको पता है कि सितंबर 2020 से अभी तक यूरोपीय देश भी 525 से भी ज्यादा भारतीय सामानों पर प्रतिबंध लगा चुका है। ईयू के मुताबिक इन सामानों में कैंसर पैदा करने वाले रसायन पाए गए हैं। एक खबर के मुताबिक सितंबर 2020 और अप्रैल 2024 के बीच यूरोपीय संघ इयू ने 527 भारतीय वस्तुओं को कंटेमिनेटेड पाया। संघ का कहना है कि इन सामानों में कैंसर पैदा करने वाले रसायन पाए गए। यूरोपीय संघ के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिन भारतीय सामानों को प्रतिबंध किया उनमें से अधिकांश मेवे और तिल के बीज (313), जडी-बूटी और मसाले (60), डायबेटिक व्यक्ति के लिए खाद्य पदार्थ (48) और अन्य खाद्य उत्पाद (34)। इन सामानों के 87 कंशाइनमेंट को देश के बार्डर पर ही रोक दिया गया था, जबकि शेष को बाद में बाजारों से हटा दिया गया था। अभी सिंगापुर और



हांगकांग में जो भारतीय मसालों पर प्रतिबंध लगा है, उनमें एथिलीन ऑक्साइड पाया गया था। इसे कैंसर पैदा करने वाला रसायन माना जाता है। इसी के कारण हांगकांग और सिंगापुर में भारतीय उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। हालांकि यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण द्वारा नियमित रूप से भारतीय उत्पादों में यही रसायन पाया गया था, लेकिन अधिकारियों द्वारा इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए कोई सक्रिय कदम नहीं उठाया गया है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर



**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वै श्विक बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर की बढ़त के साथ 89.36 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.28 डॉलर उछलकर 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# गंगा की लहरों के बीच चुनावी चौपाल





**बेगूसराय।** तपती गर्मी के बीच दूर तक सफेद चादर सी बिछी रेत पर 4 किलोमीटर पैदल चलना। फिर 40 रुपए देकर गंगा की लहरों के बीच हिचकोले खाती नाव से 50 मिनट का सफर। इसके बाद आप पहुंचेंगे बेगूसराय के मटिहानी से शाम्हो गांव। सुन कर हैरानी होती होगी कि इस 42 डिग्री सेल्सियस के टेंप्रेचर में भी ऐसी यात्रा...पर यहां रहने वाले करीब 50 हजार लोगों को ऐसा ही करना पड़ता है। इसलिए यहां का चुनावी मुद्दा है गंगा पर पुल। दरअसल, लोकसभा चुनाव की सरगर्मी चरम पर है। हर ओर सिर्फ चुनावी चर्चा हो रही है। कोई वोटिंग का आधार विकास को मान रहा है तो किसी को चाहिए बदलाव। यहां से शाम्हो के लिए चली नाव पर बैठे लोगों से चुनाव पर चर्चा की। ज्यादातर लोगों ने इस सफर को आरामदायक बनाने के लिए पुल निर्माण की बात पर जोर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, अगर शाम्हो से किसी व्यक्ति को बेगूसराय जिला मुख्यालय पहुंचना है तो उसके पास दो विकल्प होते हैं। पहला 50 मिनट में नाव से करीब 700 मीटर की दूरी और दूसरा 80 किलोमीटर की दूरी तय कर सड़क मार्ग से पहुंचना। नाव से सफर करने के बाद लोग शाम्हो से मटिहानी पहुंचते हैं। फिर 4 किलोमीटर पैदल बालू पर चल सड़क तक जाते हैं। पुल से 15 मिनट का ही सफर नाविक एक पैसेंजर से 40 रुपए लेते हैं। अगर उनके पास बाइक है तो उसे भी पार करने के लिए 50 रुपए अलग से लगते हैं। नाविक एक बड़ी नाव पर 30 पैसेंजर और 20 बाइक लोड कर चलते हैं। ऐसे में शाम्हो से बेगूसराय जिला मुख्यालय पहुंचने के दोनों ही विकल्प में सफर काफी परेशान करने वाला होता है। अगर गंगा पर इस मार्ग पर पुल बन जाता है तो महज 15 मिनट में लोग बेगूसराय मुख्यालय पहुंच जाएंगे।मटिहानी-शाम्हो के बीच यातायात के सबसे सुगम माध्यम गंगा नदी में चलने वाले नाव पर हर वर्ग के लोग मौजूद थे। किसान मृत्युंजय सिंह गंगा के दक्षिणी छोर पर अपने खेत में काम करने जा रहे थे। तो शाम्हो ब्लॉक में काम करने वाले अनिल और शिक्षक प्रभात ड्यूटी पर जा रहे थे। 'शिक्षा और सड़क चहिए' बेगूसराय से अपने गांव जा रही संगीता कुमारी ने बताया, इस चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा विकास है। गंगा नदी पर शाम्हो- मटिहानी के बीच पुल बनना बहुत जरूरी है। पुल नहीं रहने के कारण इमरजेंसी में भी जिला मुख्यालय जाने में 4 घंटे लगते हैं। खेती की लागत भी नहीं मिलती है। पुल बन जाएगा तो 15 मिनट में जा सकते हैं। हम लोग अच्छा काम करने वाले, विकास करने वाले को चुनेंगे। शिक्षा और सड़क चहिए।कसहा के रामप्रवेश यादव कहते हैं कि सब आकर सिर्फ वोट ले लेते हैं। वोट लेने के समय बड़ी-बड़ी बातें बोलते हैं। लेकिन कोई कुछ नहीं करता है। यहां पुल नहीं बन रहा है। जिला मुख्यालय बेगूसराय जाने के लिए मुंगेर पुल या सिमरिया पुल का ही सहारा है, जो 70-80 किलोमीटर दूर पड़ता है। शाम्हो-मटिहानी के बीच पुल बनाने की घोषणा तो हुई। लेकिन अभी तक काम शुरू ही नहीं हुआ है। छितरौर के किसान मृत्युंजय कुमार सिंह कहते हैं कि विकास हो रहा है। पुल नहीं बनने के कारण काफी परेशानी होती है। जेठ की धूप हो या सावन-भादो की बारिश नाव से ही जाना पड़ता है। वहीं, नाव का एक किनारा थामे संजीव ने बताया कि भले ही हम लोग नाव चला रहे हैं। लेकिन यहां पुल बनना बहुत जरूरी है। कसहा के रामप्रवेश यादव कहते हैं कि सब आकर सिर्फ वोट ले लेते हैं। वोट लेने के समय बड़ी-बड़ी बातें बोलते हैं। लेकिन कोई कुछ नहीं करता है।

## पटाखे पर लात मारने से निकली चिंगारी फिर भड़की आग



**दरभंगा।** दरभंगा में बारातियों की आतिशबाजी में एक गोदाम और कच्चे घर में आग लग गई। अगलगी में एक परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। एक झुलसकर घायल हो गया। जब गांव में बाराती आई तो खूब पटाखे फोड़े जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें पटाखे जलाने से मना किया। इसी दौरान किसी ने जले पटाखे पर लात मार दी। उससे निकली चिंगारी से आग लग गई। आग पहले गोदाम में लगी थी फिर कच्चे घर में लगी। जिस घर के लिए बारात आई थी। वे शादी के बाद घर छोड़ फरार हो गए। मृतकों में रामचंद्र पासवान के बेटे सुनील पासवान (28), सुनील की पत्नी लाली देवी (25), सुनील की बहन कंचन देवी (25), कंचन की बेटी साक्षी कुमार (6), कंचन के दो बेटे 2 माह का सिद्धार्थ और 4 साल का सुधांशु है। घटना के वक्त घर में सुनील के बेटे और बेटी भी थे। जिन्हें सुनील ने घर से बाहर निकालकर बचा लिया, पर खुद की जान नहीं बचा पाए। घर के अंदर सुनील के अलावा उनकी पत्नी, बहन और बहन के तीन बच्चों की मौत हो गई। इस घटना में 1 साल की स्वाति और ढाई साल के सुशांत के सिर से मां-पिता साया उठ गया। घटना अनतोर गांव की है। जिस घर में 6 की मौत हुई है। उसी घर में बारातियों के रुकने की व्यवस्था थी। शामियाना भी लगा था। दुल्हन का घर घटनास्थल से 100 मीटर दूर है। सुनील के पिता रामचंद्र पासवान शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। मृतक सुनील के भाई अनिल पासवान ने बताया कि मेरे घर के बगल में शादी थी। घर के सारे सदस्य घर में थे। मैं बाहर घूमने आया था। मैंने देखा आग लगी है। हम बचाने वहां पहुंचे। बाराती सड़क पर पटाखे जला रहे थे। चिंगारी से मेरे घर में आग लग गई। मेरे भाई सुनील बाहर निकले और सबको बचाने की बात कह अंदर चले गए। भाई ने अपने दो बच्चों को बाहर निकाल लिया, पर वे आग की चपेट में आ गए। मेरे पिता जी शादी में गए हुए थे।

## अगलगी में 64 बीघे की फसल जलकर राख



**बांका।** के नवादा थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम रजौन प्रखंड के नवादा थाना क्षेत्र स्थित दुगार्पुर गांव में भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी आग में 21 किसानों के 64 बीघे में लगी गेहूँ की फसल के साथ एप्पल बेर का पेड़ जलकर नष्ट हो गया है। सूचना के बाद पहुंची दमकल वाहन 10 मिनट के अंदर ही खराब हो गया। अगलगी की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार दुगार्पुर गांव निवासी रूद्रेश्वरी प्रसाद सिंह के खेत में लगे गेहूँ के फसल में अचानक आग लग गया। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया और कुछ ही मिनटों में संजय सिंह,दिलीप सिंह,निरंजन सिंह,अमरेश कुमार सिंह,उषा देवी,नित्यानंद सिंह,मनोरंजन सिंह,योगेंद्र सिंह,दिवाकर सिंह, संजीव कुमार सिंह,नंदन सिंह, मिथिलेश सिंह,जयधारी सिंह,लल्लो सिंह,सरवन सिंह, चंद्रशेखर सिंह,संतोष सिंह,प्रीतम सिंह किसान के खेत में लगे गेहूं की फसल और वीरेंद्र सिंह,कुंज बिहारी सिंह के चार बीघा के खेत में लगे एप्पल बैर का पेड़ जलकर नष्ट हो गया।दमकल वाहन को धोरैया से घटनास्थल पर पहुंचने में एक घंटे का समय लग गया। मौके पर दमकल ने पहुंच कर आग को बुझाने की कोशिश किया लेकिन 10 मिनट के अंदर दमकल वाहन ही खराब हो गया। जिसके बाद देखते ही देखते 21 किसान के 64 बीघा में लगे गेहूं का फसल और बेर का पेड़ जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि खून पसीने से तैयार की गई फसल आंख के सामने जलकर राख हो गया।

## विदाई से पहले वोट देने पहुंची दुल्हन







**पटना।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच सीटों पर वोटिंग हो रही है। किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, पूर्णिया और बांका में सुबह सात बजे से ही वोटरों में उत्साह देखने को मिल रहा है। बिहार में गर्मी भी चरम पर है, लेकिन चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर पोलिंग बूथों पर वोटर्स पहुंच रहे हैं। वोटिंग के दौरान लोकतंत्र की खूबसूरत तस्वीरें कैमरे में कैद हुई। कहीं, एक दुल्हन विदाई से पहले वोट डालने पहुंच गई तो कहीं ठेले पर बैठकर 85 साल की बुजुर्ग वोट डालने पहुंची। इस दौरान रोबोट के जरिए लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक किया गया।

## शादी में सिलेंडर ब्लास्ट एक ही परिवार के 6 की मौत



**दरभंगा।** में शादी के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने से 6 लोगों की मौत हो गई है। हादसा गुरुवार रात 11 बजे के बाद हुआ। गांव के लोगों ने बताया की छगन पासवान की बेटी की शादी थी। बारात को पड़ोसी रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में ठहराया गया था। इस दौरान बारातियों ने जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की चिंगारी से शामियाने में आग लग गई। पास में ही खाना बन रहा था। देखते ही देखते आग सिलेंडर तक जा पहुंची। सिलेंडर में आग लगते ही ब्लास्ट हो गया। हादसे के बाद दूल्हा-दुल्हन को पास के ही मंदिर में ले जाया गया। वहां दोनों की शादी हुई। इसी दौरान रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे डीजल के स्टॉक में भी आग लग गई। इसमें रामचंद्र पासवान के परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में रामचंद्र पासवान के बेटे, बहू, बेटी, 2 नाती, 1 नतिनी ने दम तोड़ दिया। मामला अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना के अंटोर गांव का है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने पटाखे जलाने से मना किया था। इसी दौरान किसी ने जले पटाखे पर लात मार दी। उससे निकली चिंगारी से पहले पास रखे फूंस में आग लग गई। देखते-देखते आग गोदाम में फैल गई। फिर कच्चे घर तक पहुंच गई। जिसके लिए बारात आई थी, शादी के बाद उसका पूरा परिवार घर छोड़ फरार है।दरभंगा में शादी के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने से 6 लोगों की मौत हो गई है। हादसा गुरुवार रात 11 बजे के बाद हुआ। गांव के लोगों ने बताया की छगन पासवान की बेटी की शादी थी। बारात को पड़ोसी रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में ठहराया गया था। इस दौरान बारातियों ने जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की चिंगारी से शामियाने में आग लग गई। पास में ही खाना बन रहा था। देखते ही देखते आग सिलेंडर तक जा पहुंची। सिलेंडर में आग लगते ही ब्लास्ट हो गया। हादसे के बाद दूल्हा-दुल्हन को पास के ही मंदिर में ले जाया गया।

## हथियार और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार



**नालंदा।** नालंदा की खुदागंज थाना की पुलिस ने हथियार-कारतूस के साथ एक बदमाश को पकड़ा है। अपराधी खुदागंज थाना क्षेत्र के बैरा गांव निवासी फौदारी यादव का पुत्र नीतीश कुमार उर्फ पुटिया है। डीएसपी गोपाल कृष्णा ने बताया कि खुदागंज थाना के सरकारी मोबाइल पर एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ था। जिसमें एक व्यक्ति देसी कट्टा की नुमाइश करते हुए दिखाई दे रहा था। इसके उपरांत थाना अध्यक्ष ने वरीय पदाधिकारी को मामले की जानकारी दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा-2 इस्लामपुर के नेतृत्व में खुदागंज थाना अध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वायरल वीडियो का सत्यापन किया। जांच में यह बात सामने आई की थाना क्षेत्र के मदरगंज के समीप एक ट्रक लगा हुआ है उसी में नीतीश सोया हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने नीतीश को हिरासत में ले लिया, तलाशी लेने के क्रम में उसके पास से एक लोडेड कट्टा, तीन कारतूस बरामद किया गया। उसकी गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार नीतीश का आपराधिक इतिहास पुलिस खंगालने में जुट गई है। नीतीश के पास से एक कट्टा 315 बोर का तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। हथियार के साथ यह वीडियो बनाकर आसपास के क्षेत्रों में वायरल किया करता था।

## पिकअप से एक हजार लीटर स्प्रिट बरामद



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पुलिस चुनावी माहौल को लेकर लगातार विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान सभी थाने की पुलिस ने इस अभियान के तहत गश्ती बढ़ा दी है। जिला पुलिस अवैध शराब और अपराधी गतिविधि के खिलाफ लागातार सूचना संकलन कर रही है। इस क्रम में सिकंदपुर थाना क्षेत्र की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर रामजानकी मंदिर के सामने वाली गली में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची। इस दौरान शराब तस्कर पिकअप से बड़ी मात्रा में स्प्रिट लेकर जा रहा रहा था। पुलिस को देखते ही शराब तस्कर पिकअप छोड़कर भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वो भाग गया। वाहन को जब्त कर पुलिस थाने ले आई पुलिस की टीम ने पिकअप की जांच की। इस दौरान पुलिस को पांच ड्राम में एक हजार लीटर स्प्रिट मिली। जिसके बाद पुलिस पिकअप को जब्त कर थाने ले गई। मामले में एफआईआर दर्ज कर फरार तस्कर की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। अस्त्र भानू प्रताप सिंह ने बताया कि 1000 लीटर स्प्रिट बरामद की गई है।

## बांका में वोट देने आई महिला सेंटर पर हुई बेहोश





**बांका।** लोकसभा में आज मतदान हो रहा है। सुबह 11 बजे तक 18 % वोटिंग हुई है। जयपुर सेंटर में वोटिंग के दौरान गर्मी से बेहाल होकर महिला मतदाता बेहोश हो गई है। फिलहाल एंबुलेंस की मदद से उनको डॉक्टर के पास ले जाया जा रहा है। चिलचिलाती धूप में गर्मी से वोटर्स बेहाल हैं। मतदान जारी है। लोगों की लंबी कतार लगी है। इसी दौरान ये हादसा हो गया है।बांका लोकसभा में आज मतदान हो रहा है। सुबह 11 बजे तक 18 % वोटिंग हुई है। जयपुर सेंटर में वोटिंग के दौरान गर्मी से बेहाल होकर महिला मतदाता बेहोश हो गई है। फिलहाल एंबुलेंस की मदद से उनको डॉक्टर के पास ले जाया जा रहा है। चिलचिलाती धूप में गर्मी से वोटर्स बेहाल हैं। मतदान जारी है। लोगों की लंबी कतार लगी है। इसी दौरान ये हादसा हो गया है। पूर्व मंत्री सह भाजपा विधायक रामनारायण मंडल ने अपने गांव जीतारपुर में मतदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के इस लोकतंत्र के महापर्व में सभी को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।भागलपुर के सुल्तानगंज विधानसभा को जोड़कर कुल 1903 मतदान केंद्रों पर 18 लाख 58 हजार 566 मताधिकार का प्रयोग किया जाएगा। जबकि बांका के 5 विधानसभा में 1551 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी। इसमें करीब 15 लाख मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे।बांका, धोरैया, अमरपुर कटोरिया, बेलहर और भागलपुर के सुल्तानगंज विधानसभा में मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग कर अपने सरकार को चुनेंगे। जिले की सभी सीमाओं को अगले 72 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए 12 चेक पाइंट बनाए गए हैं। जहां आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है।हर विधानसभा में एक-एक आदर्श बूथ, एक-एक दिव्यांग बूथ, एक-एक महिला बूथ और पूरे जिले में एक युवा मतदान केंद्र बनाया गया है। शांतिपूर्ण वातावरण में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। जहां पुरूष मतदाता 979126 और महिला मतदाताओं की संख्या 879412 और थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 28 है।बांका लोकसभा सीट से NDA गठबंधन से गिरधारी यादव और इंडिया गठबंधन से जयप्रकाश नारायण यादव के बीच मुकाबला है। बांका लोकसभा सीट में 10 प्रत्याशियों के भाग का मतदाता फैसला करेंगे। बांका लोकसभा चुनाव को लेकर आज 6 विधानसभा में मतदान किया जाएगा। इसमें बांका जिले में 1551 और भागलपुर के सुल्तानगंज के 362 मतदान केंद्र शामिल हैं। बांका 3,020 वर्ग किमी में पहले इस जिले की आबादी 2,034,763 से अधिक है। जिले में कुल 11 प्रखंड आते हैं। जबकि 2000 गांव की संख्या है। 2 नगर पालिका भी है।जिले के 1551 मतदान केंद्रों में से 793 मतदान केंद्र से लाइव प्रसारण की व्यवस्था है। पल-पल की जानकारी कंट्रोल रूम के माध्यम से अपडेट होती रहेगी। सभी विधानसभा के लिए स्पेशल हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। अमरपुर विधानसभा के लिए 06424-223402, धोरैया विधानसभा के लिए 06424-223404, बांका विधानसभा केलिए 06424-223403, कटोरिया विधानसभा के लिए 06424-223401 और बेलहर विधानसभा के लिए 06424-223407 नंबर जारी किया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, मां-बेटी घायल



**गोपालगंज।** गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना जलालपुर गांव की बताई जा रही है। इसमें एक पक्ष से मां बेटी घायल है। इनका इलाज गोपालगंज के सदर अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल बेटी की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसे रेफर किया गया है। घायलों की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी मालती देवी और उनकी बेटी पूजा कुमारी के रूप में की गई है। वहीं घटना को लेकर मालती देवी ने बताया कि वह अपना घर बनवा रही थी। इस दौरान पाटीदारों ने काम रोकने को कहा। जब विरोध का पूजा ने मोबाइल में वीडियो बनानी चाही तो उन लोगों ने हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गई। बेटी को बचाने के लिए जब वह गई तो उनसे भी मारपीट की।

### ससुराल जा रहे शख्स की रास्ते में ही मौत



**गोपालगंज।** के फुलवरिया थाना क्षेत्र के माड़ीपुर गांव के पास वाहन के धक्के से एक मोटरसाइकिल सवार 35 वर्षीय शख्स की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान कुचायकोट थाना बथना कुट्टी स्थित नरहवा शुकुल गांव निवासी मिथुन भारती के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मिथुन बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल हथुआ थाना क्षेत्र के अंगोता गांव जा रहा था। इसी बीच वह जब फुलवरिया थाना क्षेत्र के माड़ीपुर गांव के पास पहुंचा ही था की तभी हादसा हो गया। घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। सड़क किनारे शव को देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर फुलवरिया थाना के अपर थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद युवक की पहचान हुई और परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। फिलहाल इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गई है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### संपत्ति विवाद को लेकर 2 भाइयों में खूनी खेल



**जहानाबाद।** जहानाबाद में संपत्ति विवाद को लेकर भाई-भाई में जमकर मारपीट हुई है। बड़े ने छोटे भाई को धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। घटना मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पीपला खारिया गांव की है जहां भगवान यादव के बेटों में संपत्ति बंटवारे को लेकर कई महीनों से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर शुक्रवार को रंजन यादव और उसके भाई में कहासुनी होने लगी। कहासुनी होते ही रंजन यादव के भाई ने धारदार हथियार से मारकर उसे घायल कर दिया। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रंजन यादव के पिताजी भगवान यादव का कहना है कि मेरा बड़ा बेटा छोटे को हिस्सा नहीं देना चाहता है और ज्यादा जमीन पर कब्जा करना चाहता है। इसी बात को लेकर विवाद चल रहा है मेरे बड़े पुत्र ने ससुराल वाले को पहले से ही घर में बुला कर रखा था और जैसे ही विवाद हुआ उसके ससुराल पक्ष वाले भी मेरे बड़े पुत्र के तरफ से लाठी डंडे चलने लगे और मार कर घायल कर दिया।

### DJ लदे पिकअप ने दूल्हे के पिता-दोस्त को रौंदा



**आरा।** भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के इनुरूखी गांव में शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित डीजे लदे पिकअप ने सड़क किनारे खड़े दूल्हे के पिता और दोस्त को रौंद दिया। हादसे में दूल्हे के दोस्त की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि दूल्हे के पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव निवासी वासुदेव चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। जबकि जख्मी उसी गांव के निवासी स्व.रामायण सिंह के 45 वर्षीय पुत्र व दूल्हे के पिता अजय साव है। मृतक के दोस्त किशन कुमार ने बताया कि वे लोग अंधारी गांव निवासी अजय साव के पुत्र अभिषेक कुमार की बारात में सहार थाना क्षेत्र के ईनुरूखी गांव देवमुनी साव के घर आए थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद शुक्रवार की सुबह जब सभी लोग ईनुरूखी गांव में बस पर चढ़ने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। उसी दौरान पीछे से आ रही अनियंत्रित डीजे लदे पिकअप ने उसके दोस्त राहुल कुमार और दूल्हे के पिता अजय साव को रौंद दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों लोगों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

## अमेरिका में हिंसक हुआ फलस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन, कई गिरफ्तार




ऑस्टिन। इजरायल-हमास युद्ध के खिलाफ अमेरिका के विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया है। इसकी शुरुआत ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय से हुई थी जहां ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था। कई विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन उग्र हो गए और उन्हे खत्म करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़पे हुई हैं। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिल्स पुलिस ने कहा कि दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प के बाद पुलिस ने बुधवार रात 93 लोगों को गिरफ्तार किया। दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने अपने परिसर को बंद करने की घोषणा की है। बोस्टन के इमर्सन कॉलेज में 108 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। झड़प में चार पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं। कैलिफोर्निया स्टेट पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी, हम्बोल्ट में प्रदर्शनकारियों को एक इमारत के अंदर रोक दिया गया है। कुछ यहूदी छात्रों का कहना है कि विरोध प्रदर्शन यहूदी विरोधी भावना में बदल गया है। हालांकि, कोलंबिया विश्वविद्यालय में बुधवार को तनाव कम होता दिखाई दिया, जब विश्वविद्यालय ने छात्रों के लिए इजरायल के विरोध में बनाए गए शिविर को हटाने की समयसीमा मंगलवार को 48 घंटे के लिए बढ़ा दिया। रोड आइलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी, मिशिगन यूनिवर्सिटी, कैम्ब्रिज में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और हम्बोल्ट में सहित अन्य परिसरों में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने गाजा में नागरिकों पर इजरायली हमलों पर लगाम लगाने के लिए अमेरिकी सरकार पर दबाव बनाने की मांग की है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के छात्रों ने बुधवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन के साथ उस समय धक्का-मुक्की और हूटिंग की जब वह फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन के कारण भयभीत यहूदी छात्रों का समर्थन करने मैनहट्टन परिसर में गए थे।

## अमेरिका में पुलिस ने की भारतीय युवक की हत्या

### -रूममेट को गाड़ी से टक्कर मारने का आरोप था

टेक्सास। अमेरिका के सैन एंटोनियो में पुलिस ने एक भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 21 अप्रैल की है, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। मृतक का नाम सचिन साहू बताया गया है, जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। सैन एंटोनियो पुलिस के मुताबिक, सचिन ने एक 51 साल की अपनी रूममेट को गाड़ी से टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद वो वहां से भाग गया था। पीड़िता की हालात गंभीर है। इस मामले में पुलिस साहू के खिलाफ जांच कर रही थी। पुलिस ने साहू के खिलाफ जांच शुरू कर दी और गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। 21 अप्रैल को शाम 6-30 बजे पुलिस उसके घर सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स पहुंची तो साहू वहां से भाग गया। कुछ ही घंटों के बाद साहू के पड़ोसियों ने उसके घर पर मौजूद होने की जानकारी पुलिस को दी। जब पुलिस उसको पकडने के लिए पहुंची तो साहू ने भागने की कोशिश की और अपनी गाड़ी से दो पुलिस अधिकारियों को टक्कर मार दी। उसी समय वहां मौजूद पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर ने साहू पर गोली चला दी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान एक पुलिसकर्मी को गंभीर चोट आई, जिसे अस्पताल ले जाया गया और दूसरे अधिकारी का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया।

## अपने पांचवें कार्यकाल में चीन की पहली विदेश यात्रा पर जाएंगें पुतिन

मास्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा कर बताया कि मई में चीन की यात्रा करने की योजना बनाई है। पुतिन की यात्रा 7 मई को अपना अगला कार्यकाल शुरू करने के बाद राष्ट्रपति के रूप में किसी विदेशी देश की उनकी पहली यात्रा होगी। 71 वर्षीय रूसी नेता ने अपने 24 साल के शासन को बढ़ाते हुए बिना किसी वास्तविक विरोध के एक वोट में अपना पांचवां कार्यकाल हासिल किया। रूसी सांसदों ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि पुतिन का उद्घाटन 7 मई को निर्धारित है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के कारण रूस के बढ़ते आर्थिक और कूटनीतिक अलगाव ने रुस को चीन पर निर्भर बना दिया है, जो शीत युद्ध के दौरान कम्युनिस्ट गुट के नेतृत्व के लिए उसका पूर्व प्रतिद्वंद्वी था। चीन ने बार-बार कहा है कि वह रूस को हथियार या सैन्य सहायता नहीं दे रहा है, हालांकि मॉस्को के साथ मजबूत आर्थिक संबंध बनाए रखे हैं। बीजिंग ने रूस के लिए प्रत्यक्ष घातक सैन्य सहायता प्रदान नहीं की है और खुद को यूक्रेन संघर्ष में तटस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की निंदा करने से भी इंकार किया है, जो अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है। चीन ने एक शांति योजना का भी प्रस्ताव रखा है जिसे यूक्रेन के सहयोगियों ने काफी हद तक खारिज कर दिया है, जिन्होंने जोर देकर कहा था कि शांति की शर्त के रूप में मास्को को पड़ोसी देश से अपनी सेना वापस बुलानी होगी। चीनी सरकार ने भी मास्को के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों की निंदा की है और नाटो और संयुक्त राज्य अमेरिका पर पुतिन के आक्रमण को उकसाने का आरोप लगाया है।

## सैन एंटोनियो पुलिस ने भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की

सैन एंटोनियो। सैन एंटोनियो में पुलिस ने 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 21 अप्रैल को हुई, जब सचिन साहू नाम के व्यक्ति ने अपने वाहन से दो अधिकारियों पर हमला कर दिया, क्योंकि वे एक गंभीर हमले के मामले में मृतक सचिन को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। व्यक्ति को घटना स्थल पर मृत घोषित किया गया। साहू मूल रूप से यूपी के रहने वाले थे। सैन एंटोनियो पुलिस विभाग ने कहा, प्रारंभिक जांच के अनुसार, 21 अप्रैल को शाम 6.30 बजे से ठीक पहले, अधिकारी सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स में एक घर में घातक हथियार से गंभीर हमले की रिपोर्ट के लिए पहुंचे। अधिकारियों को एक 51 वर्षीय महिला मिली जिसे जानबूझकर एक वाहन ने टक्कर मार दी थी। जबकि संदिग्ध साहू स्थान से भाग गया, महिला को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। बाद में, सैन एंटोनियो पुलिस ने साहू के लिए एक गंभीर गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इस बीच, एक अन्य अधिकारी को उसकी चोटों के इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और दूसरे अधिकारी की चोटों का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। मामले में आगे की जांच जारी थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि साहू ने अपने वाहन से उस महिला को कुचल दिया था, जो उसकी रूममेट थी। महिला की कई सर्जरी चल रही थी और उसकी हालत गंभीर थी। एक रिपोर्ट में साहू की पूर्व पत्नी लिआ गोल्डस्टीन के हवाले से कहा गया है कि साहू को बाइपोलर डिसऑर्डर का पता चला है।

## आईपी सुरक्षा मामले में अमेरिका की निगरानी सूची में भारत


वाशिंगटन। अमेरिका ने आईपी सुरक्षा मामले में भारत को निगरानी सूची में रखने का फैसला लिया है। अमेरिका ने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा (आईपी) सुरक्षा के संबंध में दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि ट्रेडमार्क उल्लंघन की जांच के साथ कुछ मामलों को सुलझाने करने में अमेरिका-भारत व्यापार नीति फोरम के तहत प्रगति हुई है, लेकिन कई लंबे समय से चली आ रही कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। इनमें ऑनलाइन पायरेसी की उच्च दर शामिल हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने कहा, भारत में पेटेंट का मुद्दा विशेष चिंता का विषय है। पेटेंट आवेदकों को पेटेंट अनुदान प्राप्त करने के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि का सामना करना पड़ता है।




ब्राजील में जमीन को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किये जाने की मांग करते हुए आदिवासी।

## फिर मुसीबत में ट्रंप, पोर्ट स्टार को पैसा देने के मामले की सुनवाई शुरु

न्यूयार्क। अमेरिका में चुनाव चल रहे हैं और देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुसीबतें भी उन्ही के साथ चल रहीं हैं। पॉर्न स्टार को धन देने के मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए वह न्यूयार्क में हैं। ट्रंप कहा कहना है कि आज एक बड़ा मामला सुनवाई के लिए था, लेकिन न्यायाधीश ने मुझे जाने के लिए छूट नहीं दी।



उनके अनुरोध को न्यूयार्क के राज्य सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन मर्चन ने अस्वीकार कर दिया। वह गुप्त धन मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट वाशिंगटन में इस बात पर बहस सुन रहा है कि राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट दी जानी चाहिए या नहीं। उन्होंने उस दिन के लिए अपने आपराधिक मुकदमे की सुनवाई से बाहर रहने के लिए अपील की थी, ताकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो सकें, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली।न्यायाधीश मर्चन ने ट्रंप के वकील टाड ब्लैंच से पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के सामने बहस करना बड़ी बात है। मैं निश्चित रूप से इसकी सराहना कर सकता हूं कि आपका मुवक्किल वहां क्यों रहना चाहेगा, लेकिन न्यूयार्क राज्य के सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा भी बड़ी बात है।दोनों ही मामलों से ट्रंप खुद को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वह चुनावी दौड़ में एक बार फिर से मजबूती से सामने हैं, लेकिन देश के सुप्रीम कोर्ट के सामने आए मामले के नतीजे भविष्य के राष्ट्रपतियों पर भी प्रभाव डालेंगे।

# पाकिस्तानी झुनझुनवाला की गुहार सुनेंगे शहबाज? भारत से दोस्ती को लेकर कैसे फंसा देश

**कराची (एजेंसी)।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की हालत खराब हो चुकी है और वहां एक ही आवाज लगातार खोज रही है कि हिंदुस्तान से दोस्ती कर लो। हिंदुस्तान से दुश्मनी पालने वाले पाकिस्तान में यह मांग एक बार फिर उठ चुकी है। पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने हिंदुस्तान से दोस्ती की गुहार लगाई। फिर नवाज शरीफ की बेटी और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने हिंदुस्तान की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया। फिर आम पाकिस्तानियों ने चीन से दोस्ती को लेकर शाहबाज सरकार को कोसा और हिंदुस्तान से दोस्ती का दम भरा। अब पाकिस्तान के चर्चित बिजनेसमैन और स्टॉक मार्केट के दिक्कज खिलाड़ी आर एफ हबीब ने शाहबाज शरीफ को सबके सामने भारत के साथ रिश्ते बेहतर करने की नसीहत दे डाली। पाकिस्तान यानी पाकिस्तान



को जब से हिंदुस्तान ने आतंकवाद पर बेपर्दा किया है तब से वह पूरी दुनिया में अलग-अलग पड़ चुका है। वह कंगाल हो चुका है और पूरी दुनिया में उसकी कोई औकात नहीं है। शरीफ व्यापारिक नेताओं के साथ बैठक की। उनका देश नए, दीर्घकालिक और बड़े आईएमएफ ऋण की मांग कर रहा है। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के अनुसार, इस्लामाबाद जुलाई की शुरुआत तक नए कार्यक्रम पर कर्मचारी स्तर का समझौता कर सकता है। प्रधानमंत्री के संक्षिप्त संबोधन के बाद, सदन को प्रश्न-उत्तर सत्र के लिए खोला गया, जहां कारोबारी नेताओं ने सरकार के हालिया कदमों की सराहना की, लेकिन और मांगें कीं। उन्होंने इच्छित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आर्थिक उपायों के प्रस्ताव भी साझा किए और राजनीतिक अस्थिरता के बारे में चिंता व्यक्त की।

शीर्ष पाकिस्तानी उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएँ। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने राजनीतिक स्थिरता के उद्देश्य से पूछे गए सवालों का सीधे तौर पर जवाब देने से परहेज किया, लेकिन दावा किया कि उन्होंने आर्थिक विकास के लिए उनके प्रस्तावों को नोट कर लिया है और उन्हें आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे।

## श्रीलंकाई ने 24 और मछुआरों को भारत वापस भेज दिया, उच्चायोग ने दी जानकारी

श्रीलंकाई नौसेना द्वारा पकड़े गए चौबीस भारतीय मछुआरों को भारत वापस भेज दिया गया है। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि सभी मछुआरे कोलंबो से सवार हुए और अपने घर जा रहे थे। हालिया स्वदेश वापसी अकेले अप्रैल में श्रीलंका से भारतीय मछुआरों की तीसरी रिहाई है। इससे पहले 24 अप्रैल को श्रीलंका ने 5 मछुआरों को रिहा किया था और उन्हें वापस घर भेज दिया गया था। इससे पहले 3 अप्रैल को 19 अन्य भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई अधिकारियों ने वापस भारत भेज दिया था। मछुआरों द्वारा एक-दूसरे के जलक्षेत्र में घुसपैठ करने का बार-बार आने वाला मुद्दा दोनों पड़ोसी देशों के बीच विवाद का मुद्दा रहा है।

## ईरान के गृह मंत्री पर मंडरा रहा था खतरा, श्रीलंका आते ही हो जाते गिरफ्तार, पाकिस्तान से ही डेलीगेशन छोड़कर भागे



**(एजेंसी)।** ईरान के राष्ट्रपति जब पाकिस्तान के दौरे पर थे तो उनके साथ पूरी टीम थी। टीम में ईरान के गृह मंत्री भी थे। लेकिन जब ईरान के राष्ट्रपति पाकिस्तान का दौरा खत्म करके श्रीलंका पहुंचे तो वहां उनके गृह मंत्री नजर नहीं आए। जिसके बाद चर्चाएं तेज हो गई कि आखिर ईरान के गृह मंत्री अचानक पाकिस्तान से कहां गायब हो गए। इसका जवाब सामने आ गया है। वो श्रीलंका गए ही नहीं बल्कि पाकिस्तान से ही वापस लौट गए। उनके कोलंबों नहीं जाने को लेकर चर्चा ये है कि उनकी गिरफ्तारी श्रीलंका में हो सकती थी। इसलिए उन्होंने पाकिस्तान से ही वापस ईरान लौटने का फैसला किया।

अहमद वाहिदी पर अर्जेंटीना ने ब्यूनस आयर्स में एक यहूदी सामुदायिक केंद्र पर 1994 के हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया था, जिसमें 85 लोग मारे गए थे। इंटरपोल ने एक रेड नोटिस जारी कर दुनिया भर की पुलिस एजेंसियों से वाहिदी को हिरासत में लेने का अनुरोध किया था और अर्जेंटीना ने पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों से उसे गिरफ्तार करने के लिए कहा था। ऐसे में अब ईरानी मंत्री को रायसी के साथ नहीं देखा गया तो इसकी चर्चा तेज हो गई। रईसी ईरान समर्थित बिजली और सिंचाई परियोजना का उद्घाटन करने के लिए श्रीलंका पहुंचे थे।

ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि वाहिदी ईरान वापस आ गए, जहां उन्होंने एक नए प्रांतीय गवर्नर को शामिल करने के लिए एक समारोह में भाग लिया। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने एएफपी को बताया कि आंतरिक मंत्री को ईरानी प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया था। 1994 के हमले का दावा या समाधान कभी नहीं किया गया, लेकिन अर्जेंटीना और इज़राइल को लंबे समय से संदेह है कि ईरान समर्थित समूह हिजबुल्लाह ने ईरान के अनुरोध पर इसे अंजाम दिया है। अभियोजकों ने शीर्ष ईरानी अधिकारियों पर हमले का आदेश देने का आरोप लगाया है, हालांकि तेहरान ने किसी भी संलिप्तता से इनकार किया है।

## इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन करने पर भारतीय छात्रा अमेरिका में गिरफ्तार

### - कैंपस में आने पर रोक, हॉस्टल में रहने की परमिशन

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में इजरायल विरोधी प्रदर्शन करने वाली भारतीय मूल की छात्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह छात्रा अमेरिका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी की छात्रा है। छात्रा तमिलनाडु की रहने वाली है जिसका नाम अचिंत्य शिवलिंगन है और उसके साथ ही हसन सैयद नाम के एक और युवक को गिरफ्तार किया है। ये लोग कई लोगों के साथ गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों का विरोध कर रहे थे।

यूनिवर्सिटी की प्रवक्ता जेनिफर मोरिल ने बताया कि दोनों छात्रों के कैंपस में आने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि इन लोगों को यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहने की परमिशन होगी। तमिलनाडु की रहने वाली अचिंत्य शिवलिंगन मास्टर्स इन पब्लिक अफेयर्स की डिग्री ले रही है। वहीं सैयद हसन प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि छात्रों को कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी कि वे एरिया खाली कर दें और राजनीतिक आंदोलन न करें। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी ये लोग नहीं माने तो गिरफ्तारी की गई। अब अचिंत्य और हसन की गिरफ्तारी के बाद दूसरे छात्रों ने आंदोलन बंद कर दिया है और वहां से टेंट भी हटा लिए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इस प्रदर्शन में छात्र, फैकल्टी मेंबर और अन्य बाहरी लोग भी शामिल थे। बता दें कि अमेरिका के कई कॉलेज और विश्वविद्यालयों में इजरायल के खिलाफ आंदोलन किए गए हैं। इसे लेकर इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी अमेरिका की आलोचना की और कहा कि आपके यहां हमारी बर्बादी के नारे लग रहे हैं। इसको लेकर अमेरिकी प्रशासन ने इजराइल के खिलाफ हो रहे आंदोलन को बंद करने की कार्यवाही की।

# चीन ने मालदीव के समुद्री क्षेत्र में फिर उतारा अपना जासूसी जहाज

### मुइज्जू सरकार ने नहीं बताई वजह

**दुबई (एजेंसी)।** माले (ईएमएस)। मालदीव में चीन समर्थक मुइज्जू की पार्टी की जीत के बाद फिर से बीजिंग और माले के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं। चीन ने दो महीने बाद 4,500 टन वजनी और उच्च तकनीक से लेस रिसर्च जहाज को मालदीव के समुद्री क्षेत्र में उतारा है। अब तक मुइज्जू सरकार द्वारा इस बारे में खुलासा नहीं किया गया है कि इस जहाज के वापस लौटने का कारण क्या है। लेकिन, इस बात की पुष्टि की है कि यात्रा से पहले जहाज को माले में खड़ा करने की अनुमति दी गई थी।

### मालदीव के समुद्री क्षेत्र में वापस लौटा चीनी जहाज

चीन द्वारा यह जहाज ऐसे समय में मालदीव के समुद्री क्षेत्र में उतारा गया है, जब राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने आम चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। बता दें कि मुइज्जू द्वारा बार बार चीन का समर्थन किया जाता है। चीन का जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 विशेष आर्थिक



क्षेत्र (ईईजेड) को पार कर वापस लौट आया है और अब मालदीव क्षेत्र के अंदर या उसके पास सक्रिय है। मालदीव की विशेष आर्थिक सीमा के पास एक महीना बिताने के बाद यह जहाज पहली बार 22 फरवरी को पहुंचा था। यहां लगभग छह दिन बिताने के बाद जहाज ईईजेड के पार चला गया था। उस दौरान भारत और अमेरिका ने इस पर आपत्ति भी जताई थी।

### फरवरी में भी किया था मालदीव का दौरा

फरवरी में ही मालदीव के विदेश मंत्री ने कहा था कि चीन के जहाज द्वारा अपने केबिन क्रू के रोटेशन के लिए मालदीव का दौरा किया गया था। यह भी दावा किया गया था कि इस दौरान जहाज द्वारा किसी भी तरह की रिसर्च नहीं की गई। मालदीव की भारत की दूरी बमुश्किल 70 समुद्री मील है। हिंद महासागर क्षेत्र में वाणिज्यिक समुद्री मार्गों का केंद्र होने की वजह से इस जगह का अपना अलग ही सामरिक महत्व है।

# दो देशों के बीच सुरक्षा सहयोग से तीसरे को कोई नुकसान न हो

### - फिलीपींस को मिली भारत की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से बौखलाया चीन

**बीजिंग (एजेंसी)।** फिलीपींस को भारत द्वारा दी गई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की डिलीवरी के बाद चीन आगबबूला हो गया है। इसकी वजह है कि फिलीपींस को ऐसे समय भारत से क्रूज मिसाइलों डिलीवरी मिली है, जब उसका बीजिंग से साउथ चाइना सी में तनाव व्याप्त है। फिलीपींस को भारत द्वारा दी गई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की पहली खेप मिलने के बाद चीनी सेना ने एक बयान जारी किया है, जिसमें चीनी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग में इस बात का ख्याल रखा जाए कि इससे किसी तीसरे देश के हितों को नुकसान नहीं पहुंचे।

दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल और स्कारबोरो शोल को लेकर चीन और फिलीपींस के बीच तनाव है। फिलीपींस ने चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने और अपनी रक्षात्मक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारत से ब्रह्मोस मिसाइलों का अधिग्रहण किया है, ये उसकी अपनी रक्षात्मक क्षमताओं को बढ़ाने की तरफ एक अहम रणनीतिक कदम है। दूसरी ओर भारत भी चीन के विस्तारवादी रवैये के चलते फिलीपींस के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ावा दे रहा है। ऐसे में चीन की घबराहट बढ़ती नजर आ रही है।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन हमेशा मानता है कि दो देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से किसी तीसरे देश के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरा नहीं पहुंचना चाहिए। चीनी प्रवक्ता ने दक्षिण चीन सागर विवाद में चीन और फिलीपींस की बढ़ती दुश्मनी के पिछले दिनों फिलीपींस में जरिए दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात करने के लिए अमेरिका की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि एशिया-प्रशांत में अमेरिका की ओर से बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती का हम विरोध करते हैं। अमेरिका का यह कदम क्षेत्रीय देशों की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालते हुए क्षेत्रीय शांति को भंग करना चाहता है।



## संक्षिप्त खबरें

### यूसील के मजदूर नेता आनंद महतो टाटा मेन अस्पताल में इलाजरत



**जादूगोड़ा :** यूसील के मजदूर नेता सह यूरेनियम मजदूर संघ महामंत्री आनंद महतो की अचानक तबियत खराब हो गई. उन्हे टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही यूनियन का एक प्रतिनिधि मजदूर नेता सुरजीत सिंह की अगुवाई में बीमार आनंद महतो से मुलाकात की व हाल -चाल जाना।इस बाबत श्रमिक नेता सुरजीत सिंह ने कहा की उनकी स्थिति सामान्य है व बात - चीत कर रहे.उन्होंने घटना के बारे कहा की वे ड्यूटी में थे।कार्य के दौरान उन्हें चक्कर महसूस होने पर टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया।उनके मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में पुस्पराज सिंह, चंद्र शेखर पंडित, प्रशात महतो व सुरजीत सोरेन समेत अन्य यूनियन प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया।

### जादूगोड़ा का दुडकू प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ड्रॉप आउट बच्चो वापस स्कूल से जोड़ने में जुटे



**जादूगोड़ा :** चिल चिल्लाती धूप व आसमान से बरसते आग के गोले बीच जादूगोड़ा का दुडकू प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ड्रॉप आउट बच्चो को वापस स्कूल से जोड़ने में जुटे है। स्कूल के दो शिक्षक पूर्ण चंद्र व शिक्षिका डी सिल्विया आज शुक्रवार को प्रयास योजना के तहत ड्राप आउट बच्चो को दोबारा स्कूल से जोड़ने या नामांकन के बाद स्कूल छोड़ चुके बच्चो के अभिभावक के तलाश में स्कूल से तीन किलोमीटर दूर राखा माइंस रेलवे स्टेशन पहुंचे व फल बेच कर जीविका चला रहे विक्रेता सुरेश साव से मिले व बीते तीन महीने से स्कूल नही आ रहे उनके बच्चो के बाबत जानकारी हासिल की। फल विक्रेता सुरेश साव का 12 साल का पुत्र राजकुमार साव दुडकू प्राथमिक विद्यालय मेंचौथी कक्षा का छात्र है व वह बीते तीन महीने से स्कूल नही आ रहा है।जिसकी खोज खबर लेने दुडकू स्कूल की शिक्षिका डी सिल्विया व पूर्ण चंद्र पहुंचे थे। जानकारी हासिल करने पर उनका स्कूल छोड़कर समस्तीपुर ( बिहार ) चला गया है ।शिक्षिका डी सिल्विया के समझाने के बाद फल विक्रेता सुरेश साव ने वापस जल्द बिहार से वापस बुलाकर स्कूल में दोबारा नामांकन का भरोसा दिया।इधर आश्वासन मिलने के बाद स्कूल की टीम वापस लौटी ।इस बाबत विद्यालय के शिक्षक पूर्ण चंद्र ने कहा की बीते एक महीने में 30 - 35 ड्राप आउट बच्चो को वापस जोड़ा गया है। यह अभियान लगातार दुडकू स्कूल प्रबंधन चला रही है।

### अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन संस्था द्वारा भारत सेवाश्रम संघ के चार सौ बच्चों को शिक्षा की सामग्री वितरण कि गई





**जादूगोड़ा:** पोटका प्रखंड में हाल ही में अपनी सेवा की शुरूआत करने वाली संस्था ₹अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन₹ द्वारा बहत कम समय में ही अपनी सामाजिक उत्तर दायित्व पर बढ़ चढ़ कर काम कर रही है। प्रखंड के तुड़ी, पावरू एवं पोटका मध्य विद्यालय में शिक्षा से संबंधित इनकी विशेष कार्यक्रम चल रही है। सामाजिक उत्तर दायित्व के दायरे को बढ़ाते हुए आज इनके द्वारा पोटका प्रखंड के भारत सेवाश्रम संघ द्वारा संचालित दाबांकी एवं सबर नगर शाखा के दोनों विद्यालयों में मिलाकर कुल चारसौ शिक्षा रत बच्चों को शिक्षा की सामग्री वितरण कि गई। जिसमें दाबांकी में 250 बच्चे एवं सबर नगर में 150 बच्चियां जो प्रथम से पंचम वर्ग तक के हैं। इन बच्चों को -- मैथ वर्क बुक, पेंसिल, पेन, मिटाने वाला रबर, शपेर्नार, ड्रॉइंग बुक, स्केल, कॉलर पेन आदि चीजें वितरण कि गई। उक्त वितरण कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के जिला समन्वयक प्रतीक शर्मा द्वारा कहा गया की हमारी संस्था देश के 25 राज्यों में सरकार द्वारा मिलने वाली विभिन्न जन सुविधाओं से जनता को अवगत करवाने एवं अच्छादित करने के दृढ़ संकल्पित होकर काम कर रही है। पोटका में हमारी संस्था छोटे- छोटे बच्चों को ₹लर्निंग बाई ड्रॉइंग₹ के माध्यम से बेहतर शिक्षा की दिशा में काम कर रही है आज उसी के उद्देश्य से यंहा यह कार्यक्रम रखी गई थी। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित पूर्व जिला पार्षद करुणा मय मंडल ने कहा ₹अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन₹ द्वारा शिक्षा की दिशा में बढ़ाए गए कदम सराहनीय है। संस्था जनहित में अच्छे अच्छे काम करे हमारी शुभ कामना उनकी साथ है। भारत सेवाश्रम संघ के संचालक रबीन महाराज सबका स्वागत एवं संस्था का साधुवाद किए।कार्यक्रम में संस्था के सदस्य डोबो चाकिया का सारहनीय योगदान रहा।आज के कार्यक्रम में संस्था के समन्वयक प्रतीक मिश्रा, विवेक कुमार,निर्मला कुमारी, डोबो चकिया, भृगुराम भकत, यमुना सिंह, मदन बास्के, मुनीराम बास्के, पी.एल.वी. चयन कुमार मंडल, छाकु माझी, आश्रम के सर्वश्री रोबिन महाराज एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका गण आदि उपस्थित थे।

### यूसीलकर्मियों का पेंशन के मुद्दे पर कंपनी प्रबंधन के साथ बैठक

**जादूगोड़ा :**यूसीलकर्मियों का पेंशन के मुद्दे पर कंपनी प्रबंधन ने आगामी 4 मई को बैठक बुलाई है। यह बैठक दिन के 11 बजे न्यु प्रशासनिक भवन आयोजित की गई है।उक्ताशय की जानकारी जादूगोड़ा लेबर यूनियन के महामंत्री सुरजीत सिंह ने दी। उन्होंने कहा की यह बैठक कंपनी के सीएमडी श्री संतोष कुमार सतपती स्तर पर होगी। बैठक को लेकर मजदूरों की नजरे पेंशन के अतिरिक्त पोस्ट रिटायर्ड यह मुद्दा बीते कई सालो से लंबित पड़ा हुआ है।

# सजायाफ्ता, जेल में बंद और बेल पर बाहर रहने वाले भारत के भाग्य विधाता बनने के लिए घूम रहे हैं : बाबूलाल मरांडी

बिभा संवाददाता



**चतरा :** चतरा के एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन में झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। इसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। जनसभा में अबकी बार 400 बार और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे भी लगे।

जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार चतरा की जनता को रिकॉर्ड बनाना है। पिछले लोकसभा में जितना वोट एनडीए प्रत्याशी को मिला था, उससे अधिक वोट से इस बार एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाना है

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है। समृद्ध भारत बनाना है। यह तब पूरा होगा, जब फिर से प्रधानमंत्री 2024 में भारी बहुमत से जीतेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं। गांव के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। मजदूरों और गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। किसानों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, घर में खाना बनाने के लिए गैस कनेक्शन दिया। कोई गरीब भूखा नहीं सोए, इसके लिए भी हर महीने मुफ्त राशन दे रहे हैं। जो व्यक्ति बीमार हो जाए उसका इलाज भी अच्छे अस्पतालों में हो, उसके लिए भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 लाख रुपए का बीमा कराया है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों की चिंता करते हैं। किसानों की चिंता करते हैं। मजदूरों की चिंता करते हैं। गांव की चिंता करते हैं। हमें फिर से ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीताना है। इंडी गठबंधन के लोग अपने लिए राजनीति करते हैं। परिवार के लिए राजनीति करते हैं। पैसे के लिए राजनीति करते हैं। इसलिए इसमें से कई लोग कोई जेल में है। कोई बेल पर है। कोई सजायाफ्ता है। ये लोग भारत के भाग्य विधाता बनने के लिए घूम रहे हैं। इसलिए आज इंडी गठबंधन वाले दुष्प्रचार करते हैं। इस चुनाव में आप अपना वोट, परिवार का वोट, हित कुटुम्ब का भी वोट एनडीए प्रत्याशी को दें। दूसरों को भी एनडीए को वोट देने के लिए प्रेरित करें। आंधी हो या तूफान हो। चाहे कितना भी धूप क्यों ना हो, लेकिन हम सब लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट देने से नहीं चुकें।

#### झारखंड सरकार आदिवासी और दलित विरोधी : नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों और दलित विरोधी है। चाहे हेमंत सरकार हो या वर्तमान सरकार, दोनों के कार्यकाल में इन वर्गों के विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ। उलटे उनपर अत्याचार बढ़ा है। आदिवासी और दलितों के विकास के लिए मोदी सरकार ने काफी काम किया है। आदिवासियों के विकास के बजट में काफी वृद्धि की है। भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान देने का काम किया है। डॉ भीमराव अंबेडकर को भी पूरा सम्मान मोदी सरकार के कार्यकाल में ही मिला। कांग्रेस ने उनकी उपेक्षा की।

#### पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करेगी इंडी गठबंधन : आदित्य साहू

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पिछड़ी वर्ग के हित के लिए मोदी सरकार आगे आई है। उनके हित के लिए काफी काम की है। इंडी गठबंधन पिछड़े वर्ग को मिली आरक्षण की सुविधा पर भी डाका डालने का काम कर रही है। उसने साफ कर दिया है कि सत्ता में आने पर इस वर्ग के आरक्षण में कटौती करेगी और इसका लाभ मुसलमान को देगी।

#### हर पल जनता के लिए खड़ा रहूंगा : कालीचरण सिंह

प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि जनता के कारण मुझे टिकट मिला है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे हर समय हर पल जनता के लिए खड़ा रहेंगे।

जनसभा को पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया। मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद सुनील कुमार सिंह, जिला प्रभारी विनय जयसवाल, जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## लोकसभा आम चुनाव के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

बिभा संवाददाता



**देवघर :** लोकसभा आम चुनाव, 2024 के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री विशाल सागर की अध्यक्षता में 15- देवघर विधानसभा अंतर्गत प्रखंडवार तरीके से सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। इस दौरान मोहनपुर, देवीपुर, देवघर प्रखंड, देवघर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचन कार्यों के साथ, मतदाताओं की सुविधा और मतदान के दिन किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की बुथवाईज विस्तृत समीक्षा की गई, ताकि तय समय अनुसार निर्वाचन से जुड़े कार्यो को सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अलावा बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री विशाल सागर ने लोकसभा चुनाव,2024 के मद्देनजर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्व से अवगत कराया। आगे उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में आवश्यक है कि सेक्टर ऑफिसर व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रूप से पोलिंग बूथ स्टेशनों, वाहनों की आवश्यकता, निर्धारित रुटलाइन से आवागमन की व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं को पूरी तरह से सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया, ताकि चुनाव से पहले जो भी समस्या हो उसका निवारण समय रहते किया जा सके। साथ ही सभी बूथों पर की सुविधा यथा बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, व्हीलचेयर, फर्नीचर, साइनेज, हेल्पडेस्क आदि अति आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया। आगे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मुख्य रूप से मतदान से पूर्व उनके द्वारा मतदान केंद्रों पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मतदान की पूर्व संध्या पर तथा मतदान के दिन किए जाने वाले कार्यों के विषय में भी विस्तृत जानकारी सभी को दी गई।

## जमशेदपुर :साकची बाजार में एक बाइक में अचानक लगी आग

बिभा संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के सबसे व्यस्त बाजार साकची में एक बाइक में अचानक आग लग गई. जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक बाइक धू-धूकर जलने लगी.इसे बाजार में अफरा-तफरी मच गई. कुछ लोग दुकानों के बाहर रखे सामान को बचाने मे लग गए. दरअसल, जहां ये घटना हुई, वह जगह काफी सकरी है. इसके साथ ही कुछ लोगों ने बाइक में लगी आग को बुझाने के लिए पानी भी डाला. एक दुकानदार फायर एक्सटिंग्विशर लेकर पहुंचा और उसने पूरा सिलेंडर खाली कर दिया. कुछ सेकंड के लिए आग की लपटें धीमी भी हुई.मगर, फिर से आग भड़क गई. पेट्रोल टैंक के पास आग लगे होने की वजह से लोग बाइक के पास जाने का जोखिम भी नहीं उठा रहे थे.इस बीच किसी ने फोन करके दमकल विभाग को सूचना दे दी. इसके बाद दमकल की एक गाड़ी आई और आग को बुझाने में लग गई. मगर, तब तक बाइक जलकर खाख हो चुकी थी.बाइक के मालिक आदित्य प्रकश ने बताया कि चलती बाइक में पहले धुंआ निकला. इससे पहले की वह कुछ समझ पाता और बाइक को किनारे खड़ी करता, अचानक आग लग गई. तुरंत ही वह बाइक को छोड़कर किनारे हट गया।

### हॉकी गुमला व झारखंड 11 का मैच बराबरी पर समाप्त हुआ



बिभा संवाददाता

**रांची :** हॉकी झारखण्ड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2024 से 02 जून 2024 तक आयोजित पहली हॉकी राँची लीग महिला एवं पुरूष 2024 में आज सातवें दिन पुरुष वर्ग का मैच झारखंड 11 और हॉकी गुमला के बीच खेला गया। जो 1=1 गोल से बराबरी पर समाप्त हुआ. महिला वर्ग का मैच हॉकी गुमला और न्यू राइजिंग स्टार हुलहुन्दू के बीच खेला गया जिसमें हॉकी गुमला की टीम ने न्यू राइजिंग स्टार हुलहुंदु को 03=00 गोल से पराजित कर पूरे अंक हासिल किया ।

आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयन्त केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा इत्यादि थे। वहीं 27 अप्रैल से 10 मई तक नेशनल विमेंस हॉकी लीग रांची में होने के कारण हॉकी राँची लीग स्थागित रहेगी । अगला मैच 11/05/2024 को पुरूष वर्ग के खेले जायेंगे।

### सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता में झारखण्ड की झोली में आया एक रजत और एक कांस्य पदक




बिभा संवाददाता

**रांची :** 24 से 26 अप्रैल तक वाराणसी, उत्तर प्रदेश में आयोजित सीनियर फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता 2024 के आज आखिरी दिन झारखंड के पहलवानों ने एक रजत और एक कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। जिसमें अमित कुमार गोप ने 82केजी भार वर्ग में रजत पदक एवं अंजीत कुमार मुंडा ने 55 केजी भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

इस प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने कुल तीन पदक झटके जिसमें-: अमित कुमार गोप-रजत पदक, अंजीत कुमार मुंडा-कांस्य पदक, रिंपा कुमारी-कांस्य पदक

झारखंड के पहलवानो को फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन कर पदक जीतने पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष-श्री जीशान कमर,(भा.प्र.से.) , अभिभावक-के रवि कुमार,(भा.प्र.से.), खेल निदेशक झारखंड श्री सुशांत गौरव,(भा.प्र.से.),हमारे मार्गदर्शक-भोलानाथ सिंह,महासचिव-रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष/ सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार और खेल विभाग झारखंड के पदाधिकारीयों द्वारा शुभकामनाएं दी गई।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com